नई दिल्ली
गुरुवार, 21 मार्च 2024
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, द्वादशी वर्ष : 27, अंक : 346
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 18

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

पीएम मोदी ने शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

## सदगुरु जग्गी वासुदेव की हुई इमरजेंसी ब्रेन सर्जरी



**नई दिल्ली।** ईशा फाउंडेशन के अध्यक्ष और आध्यात्मिक गुरु सदगुरु जग्गी वासुदेव की इमरजेंसी ब्रेन सर्जरी सफल रही है। उन्हें दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया है। ईशा फाउंडेशन ने एक बयान में कहा कि सदगुरु को सिर में इंटरनल ब्लीडिंग की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया था। पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

# पारदर्शिता के लिए पैनल में मौजूद न्यायिक सदस्य जिम्मेदार नहीं

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए गठित पैनल में चीफ जस्टिस क्यों नहीं? सरकार ने दिया यह जवाब

हलफनामे में सरकार ने दावा किया है कि कानून सुप्रीम कोर्ट के फैसले में निर्धारित सिद्धांतों के अनुसार ही बनाया गया

## कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने वाले पैनल में सीजेआई के नहीं होने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर केंद्रीय मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 पर अपना पक्ष स्पष्ट किया है। नियुक्ति के लिए बनाए गए नए कानून पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर केंद्र सरकार ने कहा कि कानून के खिलाफ दाखिल याचिका खारिज की जाए। गौरतलब है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश को चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से हटाने के लिए सरकार ने संसद से विधेयक शेष पेज 5 पर



### नियुक्ति संबंधी कानून सुप्रीम कोर्ट के सिद्धांतों के मुताबिक बना

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में सरकार ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (सेवा की नियुक्ति शर्तें और कार्यालय की शर्तें) अधिनियम, 2023 चुनाव आयोग जैसी उच्च संवैधानिक संस्था की रक्षा करता है। इस कानून की मदद से आयोग के कामकाज के लिए कहीं अधिक लोकतांत्रिक, सहभागी और वैधानिक तंत्र बनता है। हलफनामे में सरकार ने दावा किया है कि कानून सुप्रीम कोर्ट के फैसले में निर्धारित सिद्धांतों के अनुसार ही बनाया गया है।

### लोकसभा चुनाव
### मुख्य चुनाव आयुक्त का अकेले करवाना संभव नहीं था

*केंद्र सरकार ने कहा कि ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को चुनाव आयुक्त के रूप में जल्दबाजी में नहीं चुना गया। लोकसभा चुनाव मुख्य चुनाव आयुक्त का अकेले करवाना संभव नहीं था। ऐसे में नियुक्ति करना जरूरी था। मामले को लेकर अगली सुनवाई 21 मार्च को होगी। पैनल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विपक्ष के नेता और एक नामित केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी विपक्षी सदस्य के रूप में तीन सदस्यीय पैनल में शामिल थे। चयन समिति में सीजेआई के नहीं होने को लेकर ही केंद्र सरकार पर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल हमलावर है।*

## खबर संक्षेप

### भाजपा में शामिल हुईं पूर्व गवर्नर सौंदरराजन



**चेन्नई।** तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन भाजपा में शामिल हो गई हैं। तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के एलजी पद से इस्तीफा देने के बाद उन्होंने यह कदम उठाया है। तमिलनाडु के भाजपा दफ्तर में तमिलिसाई के पहुंचने के बाद पटाखे फोड़े गए। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में भाजपा के विकास को देखकर मैं खुश हूं। संभावना जताई जा रही है कि वो तमिलनाडु से लड़ सकती हैं। उनका जारी होने वाली तीसरी सूची में उनका नाम हो सकता है।

### 45 दिनों तक चलेगी अमरनाथ यात्रा



**नई दिल्ली।** इस साल अमरनाथ यात्रा का शुभारंभ 29 जून से होगा और इसका समापन 19 अगस्त को होगा। इस साल अमरनाथ यात्रा दो महीने की बजाए केवल 45 दिन की होगी। देश में आम चुनाव के चलते यात्रा समयावधि को घटाकर डेढ़ महीने किया गया है। अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू होगा। राजभवन में बुधवार शाम चार बजे अमरनाथ श्राइन बोर्ड के चेयरमैन एवं उप राज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में ये निर्णय लिया गया। देशभर की 500 से ज्यादा बैंक शाखाओं में ऑफलाइन यात्री रजिस्ट्रेशन होता है।

'महाकुंभ' में पीएम मोदी ने इशारों-इशारों में कसा राहुल पर तंज

# स्टार्टअप लॉन्च तो बहुत से लोग कर रहे कुछ को बार-बार करना पड़ रहा लॉन्च

## स्टार्टअप महाकुंभ 18-20 मार्च से नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्टार्टअप महाकुंभ भारत मंडपम में चल रहा है। यह कार्यक्रम एपेक्स इंडस्ट्री एसोसिएशन, बूटस्ट्रैप इनक्यूबेशन एंड एडवाइजरी फाउंडेशन और इंडियन वेंचर एंड अल्टरनेट कैपिटल एसोसिएशन कर रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को स्टार्टअप महाकुंभ का शुभारंभ किया। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कई लोग राजनीति में स्टार्टअप शुरू करने की कोशिश करते हैं और उन्हें बार-बार लॉन्च करना पड़ता है। लेकिन आप लोगों में और उनके बीच शेष पेज 5 पर

### योग और आयुर्वेद के स्टार्टअप भी शुरू

पीएम ने कहा मुझे खुशी है कि आज कृषि, टैक्सटाइल, योग और आयुर्वेद के स्टार्टअप भी शुरू हैं।



### देश में एक लाख से ज्यादा पंजीकृत

पीएम ने कहा अंतरिक्ष के 50 से ज्यादा सेक्टर्स में स्टार्टअप्स बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। भारत की युवा शक्ति का सामर्थ आज पूरी दुनिया देख रही है। आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम भारत में है। देश में 1.25 लाख पंजीकृत स्टार्टअप हैं।

### इसका बड़ा महत्व

पीएम ने कहा कि आज जब देश 2047 के विकसित भारत के रोडमैप पर काम कर रहा है। इस स्टार्टअप महाकुंभ का बहुत महत्व है। बीते दशकों में भारत ने आईटी और सॉफ्टवेयर सेक्टर में अपनी छाप छोड़ी है। अब हम भारत में इनोवेशन और स्टार्टअप कल्चर का ट्रेंड लगातार बढ़ता हुआ देख रहे हैं। भारत आज अगर ग्लोबल स्टार्टअप स्पेस के लिए नई उम्मीद, नई ताकत बनकर उभरा है। तो इसके पीछे एक सोचा समझा विजन रहा है। भारत ने सही समय पर सही निर्णय लिए हैं। सही समय पर स्टार्टअप्स को लेकर काम शुरू किया।

### छोटे शहरों के युवा कर रहे क्रांति का नेतृत्व

देश ने स्टार्टअप इंडिया अभियान के तहत नए-नए इनोवेशन आइडियाज को एक प्लेटफॉर्म दिया। बाल वाटिका के रूप में हमने 'अटल टिंकरिंग लैब' शुरू की। भारत की स्टार्टअप क्रांति का नेतृत्व आज देश के छोटे शहरों के युवा कर रहे हैं।

### आईटी-सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में की तरक्की

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले दशक में भारत ने आईटी और सॉफ्टवेयर की दुनिया में ऊंची छलांग लगाई और अब हम देख रहे हैं कि भारत इनोवेशन और स्टार्टअप संस्कृति विकसित करने के मामले में तेजी से बढ़ रहा है।

### भारत ने सही समय पर सही फैसले लिए

स्टार्टअप लॉन्च तो बहुत लोग करते हैं, राजनीति में तो ये बहुत ज्यादा होता है और बार बार लॉन्च करना पड़ता है। आप में और उनमें फर्क ये है कि आप लोग प्रयोगशील होते हैं, अगर एक लॉन्च नहीं हुआ तो तुरंत दूसरे पर चले जाते हैं। भारत ने सही समय पर फैसले लिए हैं। आज जब शेष पेज 5 पर

गोयल ने कहा

### 21वीं सदी को भारत की सदी बनाएंगे

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा स्टार्टअप महाकुंभ भारत की अभिनव प्रतिभा, कैन डू स्पिरिट और प्रभाव करने की प्रबल इच्छा शक्ति का एक प्रतीक है। 21वीं सदी स्टार्टअप की सदी है। इसे भारत की सदी बनाएंगे। ये मेरा पक्का विश्वास है।

पहले चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी

## लोकसभा की 102 सीटों के लिए शुरू हुआ नामांकन




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण की अधिसूचना को जारी कर दिया गया है। बता दें कि इस चरण में 17 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर चुनाव होगा। इसी के साथ इन सभी 102 सीटों पर प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। बता दें कि निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को चुनावों की घोषणा की गई थी, जिसके तहत देशभर में 7 चरणों में मतदान की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। राष्ट्रपति की तरफ से निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। हालांकि, बिहार में पहले चरण में जिन लोकसभा सीट के लिए मतदान होना है, उनके लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी शेष पेज 5 पर

### पहले चरण में इन राज्यों में होगा मतदान

बता दें कि 19 अप्रैल को होने वाले पहले चरण में तमिलनाडु की 29, उत्तर प्रदेश की 8, राजस्थान की 12, उत्तराखंड 5, अरुणाचल प्रदेश की 2, असम की 5, बिहार की 4, छत्तीसगढ़ की 1, मध्य प्रदेश की 6, महाराष्ट्र की 5, मणिपुर की 2, मेघालय की 2, मिजोरम की 1, नागालैंड के 1, सिक्किम की 1, त्रिपुरा की 1, पश्चिम बंगाल की 3, अंडमान निकोबार की 1, जम्मू कश्मीर की 1, लक्षद्वीप की 1 और पुडुचेरी की 1 सीट पर मतदान होगा।

### देशभर में बनाए जाएंगे 10.5 लाख मतदान केंद्र

चुनाव के लिए देश भर में 10.5 लाख मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं। चुनाव आयोग मतदान के लिए पूरी तरह से तैयार है और उन्होंने सभी वोटर्स से वोट डालने की अपील की। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव को इस तरह से करवाने का वादा करता है, जिससे वैश्विक मंच पर भारत की साख और बढ़ सके। चुनाव आयोग ने मूल्यांकन के बाद स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव का वादा किया।

पीएम मोदी ने पुतिन को किया फोन

## बताया-कैसे खत्म हो सकती है रूस और यूक्रेन में 'जंग'

रूस-यूक्रेन संघर्ष पर चर्चा करते हुए पीएम मोदी ने आगे बढ़ने के लिए बातचीत और कूटनीति के पक्षधर के तौर पर भारत के रुख को दोहराया


फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उनके फिर से राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी और दोहराया कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को हल करने के लिए बातचीत और कूटनीति ही आगे का रास्ता है। अधिकारियों ने बताया कि टेलीफोन पर हुई बातचीत में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की और क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। पुतिन को दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई देते हुए पीएम मोदी ने रूस की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं ने आने वाले वर्षों में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में ठोस प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति पुतिन के साथ बात की और रूसी संघ के राष्ट्रपति के रूप में शेष पेज 5 पर

## प्रेमानंद दरबार में ....भारतीय महिला क्रिकेट टीम



**वृंदावन।** तीर्थनगरी वृंदावन में बुधवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम पहुंची। सभी खिलाड़ी प्रेमानंदजी महाराज से मिलने उनके आश्रम पहुंचीं। प्रेमानंद जी सभी से मिले। उनके साथ काफी देर तक धार्मिक चर्चाएं की। महाराज ने कहा कि जीवन पथ पर संघर्ष आने पर धैर्यपूर्वक आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने खेल के माध्यम से दुनिया में देश का नाम सुविख्यात करने का आशीर्वाद दिया।उन्होंने खिलाड़ियों से अपने कर्तव्य के साथ प्रभु का नामजप करने की सलाह दी। उन्हें आगे बढ़ने और परेशानियों से उबरने में संबल मिलेगा।




भोपाल रेलवे में पहुंचा अजीब मामला: 'मदद एप' पर पत्नी ने की थी शिकायत

## 'इंजीनियर साहब' चुराते थे रेलवे के कंबल, तकिए और चादरें, पत्नी ने वीडियो बनाकर खोल दी 'पोल'

ट्रेनों से 40 तौलिए, 30 चादर और 6 कंबल चुराए

*पति ने एक संदूक में चोरी का यह सामान भरकर रखा हुआ था*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में एक प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर की ट्रेनों से कंबल और चादर चुराने की आदत की पोल उसकी पत्नी ने खोल दी है और चोरी किए गए चादर और कंबल का एक वीडियो भी वायरल किया है।

इसके साथ ही रेलवे पुलिस से भी इस मामले की शिकायत की गई है। महिला का कहना है कि पति की इस आदत का मुझे बहुत बुरा लगा है, इसलिए इस मामले की शिकायत की है। बहरहाल, अब इस कदम से शिकायतकर्ता पत्नी की तारीफ हो रही है। सभी उसके इस साहसिक कदम की प्रशंसा कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक महिला राजस्थान की रहने वाली है और उसका निकाह उत्तरप्रदेश के कानपुर में रहने वाले अरशद नाम के व्यक्ति से हुआ है। अरशद भोपाल जिले में प्राइवेट कंपनी में काम करता है और भोपाल के कोहेफिजा में किराए के मकान में रहता शेष पेज 5 पर




### ट्रेन में सफर के दौरान लगी चोरी की आदत

*दरअसल ट्रेन में सफर करने के दौरान इंजीनियर को रेलवे की चादर, तकिया और टॉवल चुराने की आदत लग गई थी। इंजीनियर ने एक नहीं दो नहीं बल्कि 40 तौलिया, 30 चादर और 6 कंबल चुराए लिए।*

# सूरज के बिगड़ने लगे तेवर, पारा पहुंचा 34 डिग्री सेल्सियस पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में अब सूरज के तेवर बिगड़ने लगे है जिससे पारा बढ़कर 34 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। संभावना है कि आने वाले दो तीन दिनों में पारा और बढ़ेगा जिससे लोगों को गर्मी की मार झेलनी पड़ेगी। अनुमान है कि होली वाले दिन दिन का तापमान 35-36 डिग्री या इसके आस पास रह सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक दिल्ली में बुधवार को पीतमपुरा में अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा 34.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इस मौसम के औसत तापमान से अधिक है। वहीं समग्र दिल्ली का अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

जबकि न्यूनतम तापमान थोड़ी राहत वाला कहा जा सकता है। आईएमडी के अनुसार न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के औसत तापमान से तीन डिग्री सेल्सियस कम है। यानी दिन में सूरज लाल रात को मिल रही है ठंठक। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार सुबह 9.05 बजे सापेक्ष आर्द्रता का स्तर 82 प्रतिशत दर्ज किया गया। आईएमडी का अनुमान है कि आने वाले दिनों में तापमान बढ़ेगा, लेकिन बीच बीच में आसमान पर बादलों का आना जाना भी देखा जा सकता है। कहा जा सकता है होली के दिन इस बार गर्मी रहेगी जिससे लोगों को होली खेलने में परेशानी नहीं होगी।



## प्रदूषण पर एलजी ने सीएम को लिखा पत्र, कहा आप समाधान नहीं करते तो मैं खामोश नहीं रह सकता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर एक बार फिर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का छह पन्नों का एक पत्र लिखकर सख्त रुख अपनाया है। राजनिवास सूत्रों के अनुसार एलजी ने सीएम को पत्र लिखकर कहा है कि 2021 में दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी, 2022 में दिल्ली दुनिया की दूसरी सबसे प्रदूषित राजधानी और अब 2023 में भी दिल्ली दुनिया में सबसे प्रदूषित राजधानी रही है। ऐसे में अगर केजरीवाल जी आप प्रदूषण को रोकने के लिए कोई ठोस समाधान खोजने में असमर्थ हैं तो मैं कोई कदम उठाने को बाध्य हूँ, मैं खामोश नहीं रह सकता। क्योंकि मैं दिल्ली वालों के लिए मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकता। एलजी ने वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए किए जा रहे केजरीवाल सरकार के उपायों पर नाखुशी जताई है। उन्होंने कहा कि अगर आप कोई ठोस कदम नहीं उठाते हैं तो मैं दिल्ली वालों के लिए मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकता। उन्होंने पत्र में कहा है कि 2022 में दिल्ली दुनिया की दूसरी सबसे प्रदूषित राजधानी थी और 2021 में दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी थी।

## खबर संक्षेप

### अपनी संस्कृति, त्यौहार, भाषा पर सभी को होना चाहिए गर्व : उपायुक्त

**नई दिल्ली।** हमें अपनी संस्कृति, त्यौहार, भाषा सभी पर गर्व होना चाहिए। दिल्ली नगर निगम के राजभाषा विभाग के द्वारा निगम मुख्यालय में होली मिलन का कार्यक्रम के आयोजन पर उपायुक्त, राजभाषा बी पी भारद्वाज ने उक्त संबोधन दिया। इस दौरान उपायुक्त बी पी भारद्वाज ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी और कहा कि हम भारतीय है और उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मियों से हिन्दी के प्रचार-प्रसार में अपना सृजनात्मक सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हिन्दी केवल बोलचाल की भाषा ही नहीं अपितु कामकाज की भी भाषा होनी चाहिए।

### 'आप पार्टी के कार्यकर्ता चला रहे हैं अवैध पार्किंग'

नई दिल्ली। दिल्ली में अधिकतर अवैध पार्किंग आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं द्वारा संचालित की जा रही हैं। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष एवं पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने महापौर डॉ. शैली ओबरॉय की प्रेसवार्ता के बाद उक्त आरोप लगाए। नेता विपक्ष ने दिल्ली नगर निगम में आप पार्टी के 15 महीने के शासन के दौरान हावी होते अवैध पार्किंग माफिया के मुद्दे पर निगम महापौर का कड़ा विरोध किया। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दो बार की दिल्ली की महापौर को इतना पता होना चाहिए कि दिल्ली में निगम के अलावा दिल्ली मेट्रो, डीडीए, भारतीय रेल भी पार्किंग संचालित करती हैं।

आबकारी 'घोटाला' मामला

# उच्च न्यायालय ने केजरीवाल की याचिका पर ईडी का पूछा रुख

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय से उसका रुख पूछा, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति 'घोटाले' से जुड़े धनशोधन के मामले में अपने खिलाफ जारी समन को चुनौती दी है। प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। याचिका में धन शोधन निवारण अधिनियम के कुछ प्रावधानों को भी चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस संबंध में जवाब दाखिल करने के लिए ईडी को दो सप्ताह का समय दिया है। केजरीवाल ने हाल में मिले ईडी के समनों के मद्देनजर अदालत का रुख किया है, ईडी द्वारा जारी नौवें समन में उनसे धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत पूछताछ के लिए 21 मार्च को पेश होने के लिए कहा गया है। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि याचिका में कई मुद्दे उठाए गए हैं, जिनमें यह भी शामिल है कि क्या कोई राजनीतिक दल धन शोधन रोधी कानून के दायरे में आता है। अदालत ने आप नेता से यह भी पूछा कि वह समन की अनुपालना में पेश क्यों नहीं हो रहे हैं। याचिकाकर्ता के वरिष्ठ वकील ने कहा कि इस मामले में दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा की आवश्यकता है क्योंकि चुनाव नजदीक होने पर उन्हें (केजरीवाल को) पकड़ने की एजेंसी की मंशा स्पष्ट है। मामले की अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। मुख्यमंत्री ने ईडी के समन को अवैध बताते हुए एजेंसी के समक्ष पेश होने से लगातार इनकार किया है। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति को तैयार करने और क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित है। इस विवादित नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना की सिफारिश के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित भ्रष्टाचार के मामले में प्राथमिकी दर्ज की और इसके आधार पर ईडी ने धनशोधन के आरोप की जांच शुरू की। दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में समन पर पेश न होने को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज करायी दो शिकायतों के मामले में केजरीवाल को शनिवार को जमानत दे दी थी। अदालत ने ईडी को केजरीवाल को शिकायतों से जुड़े दस्तावेज भी सौंपने का निर्देश दिया था। ईडी ने मजिस्ट्रेट अदालत में दो शिकायतें दर्ज कराते हुए इस मामले में केजरीवाल को कई समन जारी होने के बावजूद पेश न होने के लिए उन पर अभियोग चलाने का अनुरोध किया था।

### ईडी अदालत के फैसले का भी नहीं कर रही इंतजार, केजरीवाल को भेज रही समन : आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने बुधवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अदालत के फैसले तक का इंतजार नहीं कर रहा है और आबकारी नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन भेज रही है। उन्होंने कहा कि एजेंसी को कानूनी प्रक्रिया का सम्मान करना चाहिए। दिल्ली उच्च न्यायालय ने केजरीवाल की उस याचिका पर बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का रुख जानना चाहा, जिसमें आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में उन्हें जारी किए गए समन को चुनौती दी गई है। जांच एजेंसी ने दावा किया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के कुछ प्रावधानों को भी चुनौती देने वाली आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। आतिशी ने पत्रकारों से वीडियो से बातचीत में कहा कि ईडी काफी सारे समन भेज रही है। केजरीवाल की ओर से लिखे गये पत्र की वैधता पर सवाल उठाकर वह इनके जवाब देने से बच रही है। ईडी ने उच्च न्यायालय में केजरीवाल की अर्जी का विरोध किया। उसने अर्जी खारिज करने की मांग की लेकिन उच्च न्यायालय ने उससे जवाब मांगा है।

### केजरीवाल को अब जांच एजेंसियों में करना चाहिए सहयोग : सचदेवा

नई दिल्ली। सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल की खुद की अर्जी पर हाई कोर्ट की प्रारम्भिक सुनवाई से स्पष्ट है कि सभी ईडी समन वैध थे और केजरीवाल को व्यक्तिगत थे, उनकी पार्टी से समन का कोई लेना देना नहीं है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा बुधवार को हाई कोर्ट में ईडी द्वारा भेजे गए समन को चुनौती देने के मामले की सुनवाई के बाद उक्त प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि सीएम केजरीवाल बहाने बाजी छोड़ कर ईडी एवं अन्य जांच एजेंसियों से सहयोग करना चाहिए। सचदेवा ने कहा कि कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को ना प्रोटेक्शन दी, ना 21 मार्च के ईडी समन पर रोक लगाई है, अब केजरीवाल को कोर्ट में पेश होना चाहिए। अगर सीएम केजरीवाल सच्चे हैं तो जांच से क्यों भाग रहे हैं ? उन्होंने कहा कि सीएम केजरीवाल को जांच में सहयोग देना चाहिए और जिस प्रकार से ईडी द्वारा समन भेजे जाने का कुप्रचार आम आदमी पार्टी के नेता करते रहे हैं, उन सभी की आवाज आज कोर्ट के निर्देशों ने बंद कर दी है।

## भारद्वाज ने यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का एलजी से किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री, सौरभ भारद्वाज ने उपराज्यपाल से बीएसए कॉलेज, रोहिणी में एमबीबीएस छात्रों के यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया, जो मुख्य सचिव की पीड़ितों के प्रति दया की कमी और उदासीनता को उजागर करता है। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मेडिकल कॉलेज में छात्राओं की सुरक्षा पर जोर देते हुए सवाल उठाया कि सचिव (स्वास्थ्य) ने यौन उत्पीड़न की घटना की रिपोर्ट क्यों नहीं की और सीएस उनका बचाव क्यों कर रहे हैं। इससे पहले, 18 मार्च 2024 को ही स्वास्थ्य मंत्री ने मुख्य सचिव (सीएस) से बीएसए कॉलेज, रोहिणी में एमबीबीएस छात्रों के यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की थी। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने छात्रों पर अपनी शिकायत वापस लेने के लिए दबाव डालने के निंदनीय कृत्य के लिए प्रिंसिपल और एचओडी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। मंत्री ने इस मामले में निष्क्रियता पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह देखकर हैरान हूं कि सीएस घटिया बहाने बनाकर दोषियों का बचाव करने की कोशिश कर रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री द्वारा सचिव (स्वास्थ्य) को ऐसी घटनाओं की तुरंत रिपोर्ट करने के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद, यौन उत्पीड़न की इस घटना का मंत्री को खुलासा नहीं करने के लिए सीएस ने स्वास्थ्य सचिव को उचित ठहराया। जब सतर्कता विभाग और स्वास्थ्य विभाग समय पर कार्रवाई करने में विफल रहे तो पीड़ितों को अंततः व्यक्तिगत रूप से पुलिस से संपर्क करना पड़ा।

### यौन उत्पीड़न की शिकायतों पर सीएम की चुप्पी राजनीतिक तुष्टिकरण नीति का हिस्सा : भाजपा

नई दिल्ली। बाबा साहेब अंबेडकर कॉलेज के डॉ सलीम शेख के मेडिकल छात्रों के साथ यौन उत्पीड़न की शिकायतों पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चुप्पी उनकी राजनीतिक तुष्टिकरण नीति का हिस्सा है। हम दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से डॉ सलीम शेख का तत्काल निलंबन करने और उनको राजनीतिक संरक्षण देने वाले सभी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए आग्रह करते हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को यह बातें कही। उन्होंने कहा है कि यह चौंकाने वाली बात है कि डॉ सलीम शेख द्वारा डॉ बाबा साहेब अंबेडकर कॉलेज और अस्पताल की मेडिकल छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न के समाचार के बाद भी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस मामले में एक शब्द नहीं कहा है। सीएम केजरीवाल और उनकी पार्टी को देश के किसी भी राज्य में इसी प्रकार के मामलों के खिलाफ राजनीतिक अभियान चलाने के लिए जाना जाता है अगर दोषी हिंदू हो लेकिन इस मामले में यहां तक कि जब दोषी अल्पसंख्यक हैं तो न केवल सीएम केजरीवाल बल्कि उनके दो अत्यधिक मीडिया प्रेमी मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्व ाज भी चुप हैं। सीएम केजरीवाल की ही तरह दिल्ली महिला आयोग भी मामले पर पूरी तरह से चुप है। सचदेवा ने कहा है कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस अल्पसंख्यक वोटों के लिए हाथ में हाथ डाली हुई हैं और इसलिए मामले पर कांग्रेस के नेताओं की चुप्पी भी है।

## एनडीएमसी सदस्य ने नवनियुक्त अध्यक्ष से की शिष्टाचार भेंट

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद की सदस्य विशाखा शैलानी ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष किशोर मकवाना को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान शैलानी ने मकवाना को फूलों का गुलदस्ता और शॉल पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सैलानी ने कहा कि मकवाना ने भाजपा की गुजरात इकाई के संयुक्त प्रवक्ता के रूप में कार्य किया है। वह एक पत्रकार और स्तंभकार भी हैं। शैलानी ने कहा कि किशोर मकवाना ने डॉ. अंबेडकर पर 9 किताबें लिखी हैं। इसके अलावा उन्होंने कई पुस्तकों का अनुवाद और संपादन किया है और उनकी पुस्तकों का देश की कई भाषाओं में अनुवाद किया गया है। भारत के राष्ट्रपति द्वारा भारत सरकार के राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किये जाने के बाद उन्होंने पदभार ग्रहण किया।

## अवैध पार्किंग चलवाने वाले अधिकारी और पार्किंग माफिया पर होगी कार्रवाई : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में अवैध पार्किंग चलवाने वाले अधिकारी और पार्किंग माफिया पर कार्रवाई होगी। दिल्ली में अवैध पार्किंग का धंधा चल रहा है। जनता से मनमाना चार्ज वसूला जा रहा है जोकि किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दिल्ली नगर निगम इन अवैध पार्किंग के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करेगी। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने बुधवार को राउस एवेन्यू स्थित आम आदमी पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। इस दौरान महापौर ने दिल्ली में दिल्ली नगर निगम के अधीन चल रही 403 अधिकृत पार्किंग की लिस्ट जारी करने के साथ ही एक ईमेल आईडी Illegalparkingcomplaintcell@gmail.com जारी किया। महापौर डॉ ओबरॉय ने कहा कि रिहायशी और मार्किट एरिया में अवैध पार्किंग के अड्डे बन गए हैं। इसकी वजह से लोगों को जाम की सामना करना पड़ता है। दिल्ली की यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है।




निगम की सरकार इस समस्या को लेकर संवेदनशील है। दिल्ली को इस समस्या से निजात दिलाई जाएगी। महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि इन 403 अधिकृत पार्किंग के अलावा दिल्ली में चल रही अवैध पार्किंग के बारे में इस ईमेल पर शिकायत दर्ज करायें। अवैध पार्किंग से संबंधित शिकायतों का तुरंत संज्ञान लेकर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वैध पार्किंग से एमसीडी को राजस्व भी प्राप्त होता है, जिससे आय में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हम नागरिकों को बेहतर सेवाएं देने के लिए कार्य कर रहे है। हमने दिल्ली 10 गारंटी का वादा किया था, जिसमें से पार्किंग भी एक है। दिल्ली नगर निगम में पिछले 15 सालों से भाजपा का राज रहा है लेकिन पार्किंग की समस्या विकराल ही हुई है और अवैध पार्किंग के चलते लोगों को काफी परेशानी हो रही है।


- दिल्ली में चल रहा है अवैध पार्किंग का धंधा
- 403 पार्किंग के अलावा बाकी सभी अवैध

'स्वार्थ की राजनीति होती है तो राष्ट्रधर्म और राजधर्म दोनों की ही चढ़ाई जाती है बलि'

## आप-कांग्रेस गठबंधन का कोई असर नहीं, दिल्ली की सातों सीट जीतेगी भाजपा : बांसुरी स्वराज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सबसे कम उम्र की प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन को 'स्वार्थ' पर आधारित बताते हुए कहा कि इसका उनकी पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा और वह राजधानी की सातों लोकसभा सीट पर जीत हासिल करेगी। दिवंगत भाजपा नेता सुषमा स्वराज की पुत्री बांसुरी ने पत्रकारों के साथ साक्षात्कार में कहा कि 'अबकी बार 400 पार' केवल नारा नहीं है बल्कि एक संकल्प है जिसे समर्पित भाजपा कार्यकर्ताओं के सहयोग और जनता के समर्थन से वास्तविकता में बदला जाएगा। नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज (40) ने कहा कि दिल्ली में आप-कांग्रेस गठबंधन का कोई असर नहीं होगा। हम बहुत सकारात्मक अभियान चला रहे हैं और 10 साल के रिपोर्ट कार्ड के साथ लोगों के बीच जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने जो कहा, वह किया। घोषणापत्र में किए गए



सभी वादे पूरे किए गए, चाहे अनुच्छेद 370 को हटाना हो, राम मंदिर का निर्माण हो या संसद एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए कानून लाना हो।

दिल्ली में इस बार भाजपा ने दो महिला उम्मीदवारों को उतारा है। पार्टी राजधानी की सभी सात सीटों पर लगातार तीसरी बार जीत हासिल करने के लिए प्रयास कर रही है। बांसुरी ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन को 'स्वार्थ' पर आधारित बताते हुए कहा कि जब स्वार्थ की राजनीति होती है तो राष्ट्रधर्म और राजधर्म दोनों की ही बलि चढ़ाई जाती है। इसलिए यह गठबंधन नहीं चल पाएगा। दिल्ली में कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे के समझौते के तहत नई दिल्ली लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी ने सोमनाथ भारती को मैदान में उतारा है। बांसुरी स्वराज ने कहा कि उन्हें नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र में प्रचार करते समय लोगों का भरपूर स्नेह मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें मंच पर बैठना और भाषण देना पसंद नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके बजाय मुझे लोगों के बीच जाना और उनसे बात करना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि मैंने अपने पिछले जनम में अच्छे कर्म किए होंगे कि मुझे सुषमा स्वराज जैसी मां मिलीं। मैंने उनसे मिले संस्कारों को ग्रहण किया। मुझे विश्वास है कि मेरे जीवन के इस नये अध्याय में उनका आशीर्वाद मेरे साथ है। जब मैं लोगों के बीच जाती हूं तो मेरी मां के प्रति उनका प्यार मुझ पर बरसता है।

- 'अबकी बार 400 पार' केवल नारा नहीं है बल्कि एक संकल्प है जिसे समर्पित भाजपा कार्यकर्ताओं के सहयोग और जनता के समर्थन से वास्तविकता में बदला जाएगा

## शिकायत के बाद भी महापौर ने चांदनी चौक इलाके में नहीं की कार्रवाई : भाजपा

नई दिल्ली। पिछले महीने मैंने खुद एमसीडी की महापौर और आयुक्त को शिकायत के जरिए चांदनी चौक में टाउन हॉल के आसपास अवैध पार्किंग का मुद्दा उठाया था, लेकिन आज तक एमसीडी ने इस अवैध पार्किंग को रोकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की है। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने बुधवार को महापौर की प्रेसवार्ता के बाद बयान जारी कर उक्त बातें कही। उन्होंने कहा है कि यह आश्चर्य की बात है कि महापौर के रूप में अपने कार्यकाल के संभावित अंत से कुछ दिन पहले डॉ. शैली ओबेरॉय को एहसास हुआ है कि शहर भर में अवैध पार्किंग चल रही है। कपूर ने कहा कि जब महापौर ने मीडिया में व्यापक रूप से छपी मेरी एक शिकायत पर कार्रवाई नहीं की तो दिल्लीवासियों को कैसे विश्वास करना चाहिए कि वह उनकी ईमेल शिकायतों पर कार्रवाई करेंगी ? भाजपा प्रवक्ता कपूर ने कहा है कि डॉ शैली ओबरॉय एक महापौर के रूप में विफल रही हैं और जैसे ही उनका कार्यकाल समाप्त हो रहा है वह खबरों में रहने के लिए हर दिन एक नया मुद्दा उठाने की कोशिश कर रही हैं।

### 'अवैध पार्किंगों पर कितने छापे मारे, बताएं महापौर'

कपूर ने कहा कि दिल्ली की जनता जानना चाहती है कि महापौर डॉ. ओबरॉय बताएं कि सत्ता में उनके लगभग 400 दिनों के दौरान उनके या एमसीडी अधिकारियों द्वारा कितनी अवैध पार्किंगों पर छापे मारे गए, एमसीडी ने अवैध कार पार्किंगों के खिलाफ कितनी एफआईआर दर्ज की हैं, उनमें से कई प्रमुख पीडब्ल्यूडी सड़कों पर भी चल रही हैं।

## लवली ने बुलाई जिलाध्यक्षों, कोऑर्डिनेटरों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों की तैयारी में जुटी प्रदेश कांग्रेस ने अब गठबंधन सहित सभी सातों उम्मीदवारों की जीत तय करने के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में बुधवार को दिल्ली अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने सभी जिलाध्यक्षों सहित जिला कोऑर्डिनेटरों की बैठक ली। बैठक में लवली के अलावा दिल्ली के पूर्व मंत्री हारून युसूफ, पूर्व विधायक कुंवर करण सिंह व भीष्म शर्मा, निगम प्रभारी जितेन्द्र कोचर व अन्य मौजूद थे। बैठक में लवली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रत्येक लोकसभा के हर जिला सहित सभी विधानसभाओं में बड़ी बैठक कर चुनाव अभियान चलाएगी, इसके लिए जिला संगठन की बहम जिम्मेदारी होगी। बैठक में लवली ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी जिला में संगठनात्मक गठन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जिला में कम से कम 20 कार्यकर्ता चुने



जाएं। यह 20 कार्यकर्ता 5-5 ऐसे कार्यकर्ताओं को चुने जो हर जिले में बूथ स्तर तक लोगों से बातचीत करें तथा भाजपा सरकार और उसके सांसदों की नाकामियों को घर घर पहुंचाए। उन्होंने कहा कि जिन लोकसभा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी लड़ेंगें वहां प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में जनता से जुड़ी 10-20 महत्वपूर्ण समस्याओं की जानकारी जुटाकर उसका पम्पलेट आदि छपवाकर जनता के बीच बांटें। जिससे हम अपनी बात लोगों तक आसानी व दस्सेतावेजों के साथ पहुंचा सकें। वहीं गठबंधन उम्मीदवारों के पक्ष में जिला में बड़ी बैठक बुलाकर समर्थन किया जाए। करीब 10-15 लोग प्रतिदिन लोगों से मिलकर उनसे पिछले 10 वर्षों में भाजपा सांसदों के विकास के बारे में पूछे।

### प्रचार से लेकर हर चीज पर रहेगी नजर

नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने वार रूम टीम गठित कर दी है। यह टीम प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में बने वार रूम से कार्य करेगी और प्रचार प्रसार से लेकर हर उस चीज पर पैनी नजर रखेगी जो उम्मीदवारों की जीत से जुड़ी होगी। प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने टीम के बारे में बताया कि लोकसभा चुनावों के लिए वार रूम बनाया गया है, सभी जिला अध्यक्ष प्रत्येक विधानसभा से एक-एक युवा कार्यकर्ता को वार रूम से जोड़ने का काम करें। जिससे की पूरी दिल्ली की जानकारी और हमारे लोकसभा उम्मीदवारों की गतिविधियों के बारे में वार रूम द्वारा सोशल मीडिया पर डाला जा सके। लवली ने वार रूम टीम की जिम्मेदारी राजेश गर्ग को व उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी राजीव शर्मा को दी।

## खबर संक्षेप

### बैंक कर्मी बन युवक से 1.07 लाख ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में बैंक कर्मी बनकर क्रेडिट कार्ड की इनेबल फी बंद कराने के



नाम पर युवक से एक लाख सात हजार रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अंबाला के इंद्रमणी ने कहा कि वह गुरुग्राम के सिकंदरपुर में रहता है। बीती शाम उसके पास एक महिला का फोन आया।

### फेसबुक आईडी हैक कर डाली अशील पोस्ट

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट थाना एरिया में युवक की फेसबुक आईडी हैक कर उस पर अशील फोटो



पोस्ट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शीतला कॉलोनी में रहने वाले अजय कुमार ने कहा कि उसने अजय देव के नाम से फेसबुक पर आईडी बनाई हुई है। आरोप है कि किसी ने उसकी आईडी हैक कर ली।

### शादी का झांसा दे दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना शहर बल्लभगढ़ प्रभारी महेंद्र सिंह की टीम ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की वारदात



को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम वासु है, आरोपी बल्लभगढ़ के बनिया वाडा का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ पीड़िता ने 14 मार्च को शिकायत दी थी। पीड़िता ने बताया दोस्ती कर उसके साथ दुष्कर्म किया।

### चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेन्ट्रल प्रभारी पीएसआई दीपक लोहान की टीम ने चोरी की वारदातों को



अनजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी करन संजय कॉलोनी आदर्श नगर बल्लभगढ़ का रहने वाला है। अपराध शाखा टीम ने गश्त के दौरान डीलर चौक बल्लभगढ़ से देशी कट्टा व जिंदा रोंद सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने कई चोरियां करना कबूला।

### नवनियुक्त उपाध्यक्ष ने सुनी समस्याएं

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने अपने कार्यालय में



लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लें तथा समय सीमा के अंदर हर हाल में निस्तारित कराएं। उनके पास आने वाले फरियादी पूरी तरह से संतुष्ट जाने चाहिए। वह संतुष्ट तब होंगे जब उनकी समस्या का निस्तारण होगा।

### निर्वाचन के संबंध में कंट्रोल रूम नंबर जारी

**गाजियाबाद।** लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कराने के लिए जिला प्रशासन एक्टिव मोड में आ गया है।



इसे दृष्टिगत कंट्रोल रूम चालू कर दिया गया है। मतदाता 24 घंटे कंट्रोल रूम में अपनी शिकायत या सुझाव दर्ज कर सकते हैं। बुधवार को कंट्रोल रूम के नंबर जारी किए गए। मतदाता टेलीफोन नंबर 0120-2822980, 0120-2822981, 0120-2822982, 0120-2822983 पर संपर्क कर सकते हैं।

---

कॉलेजों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आयोजित करें कार्यक्रम

# विश्व के सबसे लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें सभी मतदाता, करें जागरुकः डॉ. आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार विश्व के सबसे लोकतंत्र के महापर्व में 18वीं लोकसभा चुनाव में सभी मतदाता अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी कम नोडल अधिकारी स्वीप एक्टीविटी डाक्टर आनन्द शर्मा ने कहा कि कॉलेजों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें।उप जिला निर्वाचन अधिकारी कम नोडल अधिकारी स्वीप एक्टीविटी डाक्टर आनन्द शर्मा आज बुधवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए टिप्स दे रहे थे।



#### स्वीप कार्यक्रम का आयोजन करें

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार स्पीप एक्टीविटीज का आयोजन करें। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का महापर्व यानी 18वीं लोकसभा चुनाव में सभी बुजुर्गों, महिलाओं को युवाओं को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है तथा अपने परिजनों एवं जान पहचान वालों को इस महापर्व में भाग लेने के लिए प्रेरित भी करना है। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार जिला प्रशासन की ओर से सभी मतदाताओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन जागरुकता के लिए स्वीप कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसमें आप सभी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

#### यह होता है स्वीप कार्यक्रम

व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (एसवीईईपी-स्वीप) कार्यक्रम के अंतगर्त मतदाताओं को निर्वाचन नामावली में नाम का पंजीकरण, निर्वाचन नामावली में उनके विद्यमान विवरणों में सुधार करने तथा स्थानांतरित और परिवार के मृत सदस्यों के नाम को हटाने से संबंधित प्रक्रिया के बारे में शिक्षित करने के लिए गतिविधियां आरंभ की गई। स्वीप गतिविधियों का उद्देश्य मतदाताओं को नैतिक मतदान जैसे वोट कैसे डालना है, चुनाव के दौरान भ्रष्ट कार्यप्रणाली को रोकने मंल चुनाव मशीनरी की मदद कैसे करें आदि के बारे में आनलाईन, आफलाईन उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के बारे में सूचित करना है।

#### 12 पहचान पत्र में से किसी एक का उपयोग कर सकते हैं

*डॉ. आनंद शर्मा ने विधार्थियों को आह्वान करते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राएं तथा अन्य सभी योग्य लोग अपना-अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाना सुनिश्चित करें। मतदाता सूची में अपना-अपना नाम चेक कर लें। अगर नाम नहीं है तो फिर से चुनाव विभाग में आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर अपलोड आवेदन करें। मतदान करने के लिए वोटर लिस्ट में नाम होना अनिवार्य है। मतदाता निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत 12 पहचान पत्र में से किसी एक का उपयोग कर मतदान कर सकते हैं। बैठक में जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डाक्टर सुनिधि, एसीपी बल्लभगढ़ विनोद कुमार ड्रग कन्ट्रोल आफिसर सन्दीप गहलाण, जिला खेल अधिकारी देवेन्द्र गुलिया, सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।*

---

कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन मलबे के निस्तारण पर हुई बैठक में आयुक्त ने दिए निर्देश

# हवा गुणवत्ता सुधार के तहत सीएंडडी वेस्ट समाधान के लिए शहर में बनेंगे कई पॉइंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

हवा गुणवत्ता सुधार के अंतर्गत कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन (सीएंडडी) वेस्ट निस्तारण के लिए शहर में सेकेंडरी पॉइंट स्थापित किए जाएंगे, जिसकी शुरुआत वसुंधरा जोन से होगी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निर्माण विभाग की टीम से कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन मलबे के निस्तारण हेतु विस्तृत चर्चा की। जिसमें अधिशासी अभियंताओं सहित अवर अभियंता, तथा टेक्निकल सुपरवाइजरों की भी क्लास लगाई तथा नियमित जोनवार सी एंडडी वेस्ट निस्तारण की कार्यवाही करने की निर्देश दिए।

गाजियाबाद नगर निगम जिस प्रकार शहर की कचरे का निस्तारण प्रतिदिन करता है। इसी प्रकार निर्माण तथा विध्वंस अपशिष्ट के निस्तारण के लिए भी कार्यवाही कर रहा है जिसमें नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निर्माण विभाग की टीम को बैठक के दौरान निर्देश दिए हैं तथा शहर से सृजित होने वाला सीएनटी वेस्ट का नियमित निस्तारण किया जाए। साथ ही जोनवार कार्यवाही प्रारंभ करने के लिए भी कहा गया है, जिसके लिए वसुंधरा सेक्टर 7 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सेकेंडरी पॉइंट बनाने के निर्देश दिए गए हैं तथा शहरवासियों को जागरूक करने के लिए भी कहा गया है।

निर्माण तथा विध्वंस अपशिष्ट के निस्तारण के लिए गाजियाबाद नगर निगम विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सीएंडडी वेस्ट के प्रतिदिन निस्तारण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वसुंधरा सेक्टर 7 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सेकेंडरी पॉइंट बनाने के निर्देश दिए गए हैं तथा शहरवासियों को जागरूक करने के लिए भी कहा है।

#### खास बातें

- निर्माण से सृजित होने वाले मलबे का सही निस्तारण जरूरी
- शहर के कचरे की भांति प्रतिदिन करें निस्तारण
- 1000 किलो पर 1200 निस्तारण शुल्क



#### शहरवासियों को करें जागरूक

मुख्य अभियंता एनके चौधरी ने बताया कि लगातार निर्माण विभाग की टीम निर्माण तथा विध्वंस अपशिष्ट का निस्तारण करने के लिए कार्यवाही कर रही है। जिसको और अधिक प्रबंध करने के लिए बैठक में कहा गया तथा शहरवासियों को भी जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में आरडब्ल्यूए पदाधिकारी का सहयोग देने के लिए कहा गया है। आरडब्ल्यूए पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों के सहयोग से शहरवासियों को सीएंडडी वेस्ट के बारे में जागरूक किया जाएगा।

#### मलबे को प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचाएं

शहर के 5 जोन के अंतर्गत सेकेंडरी पॉइंट भी बनाए जाएंगे, सेकेंडरी पॉइंट पर क्षेत्र का निर्माण का मलबा इकट्ठा होगा तथा प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचेगी जो की गाजियाबाद नगर निगम द्वारा संचालित है जहां वैज्ञानिक रूप से सीएंडडी वेस्ट का संचालन किया जा रहा है। 1000 किलो पर 1200 शुल्क वसूला जाता है तथा कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन मलबे का निस्तारण किया जाता है।

#### शिकायतों का करें निस्तारण

गाजियाबाद नगर निगम हवा गुणवत्ता सुधार की तरफ बढ़ रही है। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा निर्माण विभाग को और अधिक बेहतर कार्य करने के लिए कहा गया है जिसमें कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट के निस्तारण की शिकायतों के अधिक से अधिक समाधान प्रतिदिन करने के लिए कहा गया है। गाजियाबाद 311 अप के माध्यम से भी प्राप्त शिकायतों पर अविलंब कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्माण से सृजित होने वाले मलबे का सही प्रकार से निस्तारण होना बहुत जरूरी है जिससे हवा गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

---

राज्य मंत्री त्रिखा का भव्य स्वागत

## पीएम मोदी और सीएम सैनी के नेतृत्व में देश-प्रदेश तरक्की पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बनने के बाद पहली बार फरीदाबाद पहुंची श्रीमती सीमा त्रिखा का आज जगह-जगह उनके समर्थकों व क्षेत्रवासियों ने जोरदार स्वागत किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीमती सीमा त्रिखा ने कहा कि आज जो जिम्मेदारी भाजपा हाईकमान ने उन्हें सौंपी है। यह पद मेरा नहीं बल्कि बड़खल क्षेत्र की जनता का है।

उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में देश और प्रदेश तरक्की कर रहा है। वहीं पिछले साढ़े नौ साल के मनोहरलाल सरकार के कार्यकाल में जितने विकास कार्य बिना भेदभाव के हुए है। उतने पिछली किसी भी सरकार में नहीं हुए। उन्होंने कहा कि उनका सपना बड़खल क्षेत्र का समूचा विकास, लोगों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विकास रूपी लहर चल रही है उसे रूकने नहीं दिया जाएगा। आज युवाओं को बिना पर्ची-खर्ची के सरकारी नौकरियां दी जा रही है।

#### बधाई देते हुए पुष्प वर्षा की

राज्य मंत्री श्रीमती त्रिखा का काफिले ने दिल्ली से पुल प्रहलादपुर बार्डर की तरफ से हरियाणा में प्रवेश किया। उनके क्षेत्र के ईरोज गार्डन, दयालबाग, लकड़पुर, शिव दुर्गा कालोनी के लोगों ने अपनी प्रिय नेता का ढोल नंगाड़ों के साथ फूलमाला व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। वहीं गांव अनंगपुर, ग्रीन फील्ड कालोनी, सेक्टर-46, सस्ेटर-21, गांव अनखीर के लोगों ने मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा को बधाई देते हुए पुष्प वर्षा की। इसके बाद वह सिद्धदाता आश्रम व समन्वय मंदिर पर माथा टेका। गुरूद्वारों में भी माथा टेका। उनका काफिला इसके बाद मेवला महाराजपुर, पटेल चौक, एसजीएम नगर, मेहता चौक, गांधी कालोनी, गांव बड़खल, भांखरी, एन.एच.तीन पर पहुंचा।

---

फाल्गुनी रंगभरी एकादशी पर

## जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम की यात्रा निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

श्याम सेवा परिवार सेक्टर-3 फरीदाबाद के द्वारा आयोजित दशहरा मैदान में फाल्गुनी रंगभरी एकादशी के अवसर पर शहर की सबसे बड़ी खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा शुरू हुई। जिसमे 5100 निशान लेकर खाटू श्याम बाबा प्रेमी गुलाल लगाते हुए जय श्री श्याम के जयकारे बोलते हुए अनुशासन में पैदल यात्रा चलते हुए अम्बेडकर चौक से होते हुए घंटा घर और जाट भवन से सीधे सेक्टर 3 में स्थित श्री खाटू श्याम बाबा के मंदिर में यात्रा संपन्न हुई। शोभायात्रा में ढोल बैंड और डीजे पर श्याम प्रेमी झूमते हुए चलते गए। शहर में जगह जगह यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

मंदिर के प्रधान बलवीर शर्मा ने बताया कि मंदिर के द्वारा आयोजित यह शोभायात्रा तीसरी बार निकल जा रही है। फागुन की एकादशी के अवसर पर सभी भक्त अपने घरों से बाबा का निशान लाकर मंदिर में चढ़ाते हैं।

---

रणबीर कपूर एजीएल के ब्रांड एंबेसडर बने

## एजीएल भारत का अग्रणी लक्जऱी सरफेस और बाथवेयर सॉल्यूशंस ब्रांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर एशियन ग्रेनिटो इंडिया लिमिटेड (एजीएल) के ब्रांड एंबेसडर बन गए हैं। रणबीर कपूर के साथ ब्रांड का लक्ष्य बाजार में अपनी उपस्थिति को और बढ़ाना और व्यापक दर्शकों, विशेषकर युवा वर्ग से जुड़ना है। एजीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक कमलेश पटेल ने कहा कि हमें एशियन ग्रेनिटो परिवार में रणबीर कपूर का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। उनका करिश्मा और अपील हमारे ब्रांड मूल्यों के साथ गहराई से मेल खाते हैं और हम इस यात्रा को एक साथ शुरू करने के लिए उत्साहित है। रणबीर को हमारे ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त करने के बाद हमें विश्वास है कि हम नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे और अपने ग्राहकों के लिए यादगार अनुभव




बनाएंगे।

पटेल ने कहा कि आने वाले महीनों में, एशियन ग्रेनिटो इंडिया लि. रणबीर के साथ एक आकर्षक ब्रांड कैंपेन और टीवी कमर्शियल लॉन्च करेगी। यह कैंपेन न केवल ब्रांड के असाधारण उत्पाद को पेश करेगा, बल्कि व्यक्तित्व और आधुनिक संवेदनाओं को प्रतिबिंबित करने वाले लिविंग स्पेसीस बनाने के प्रति उसके समर्पण को भी प्रदर्शित करेगा। रणबीर ने कहा कि वे एजीएल आने वाले वर्षों में एक बड़ी ताकत के रूप में उभरेगी।

---

तीन अन्तर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

## झारखंड से लाई गई 1 करोड़ की अफीम बरामद, ऑन डिमांड पर करते थे सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

क्राइम ब्रांच पुलिस ने बुधवार को तीन अन्तर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार किए हैं। जिन्हें नन्दग्राम क्षेत्र में हिन्डन मैट्रो स्टेशन के पास राजनगर एक्सटेंशन की तरफ जाने वाले रास्ते पर बने गेट के पास से पकड़ा गया है। इनके कब्जे से 01 करोड रुपए कीमत की 3.7 किलोग्राम अफीम बरामद की है। जिसे आरोपी झारखण्ड से तस्करी कर ला रहे थे।

एडीसीपी क्राइम ब्रांच सच्चिदानन्द ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम निर्मल कुमार डांगी,रामचन्द्र कुमार भुइया तथा संजय भुइया हैं। तीनों ही झारखण्ड के चतरा जिला का रहने वाले हैं। पूछताछ पर आरोपी निर्मल कुमार डांगी ने बताया कि वह इतिहास से स्नातक है। पहले वह एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करता था लेकिन किसी कारण से कंपनी बंद हो गई तो तब से वह अपने घर पर रहकर खेती



का काम करने लगा।

पैसे की अधिक आवश्यकता होने के कारण वह अपने गांव के पास ही रहने वाले अफीम तस्कर प्रमोद कामदेव डांगी के संपर्क में आया और अवैध अफीम की तस्करी झारखंड से यूपी, हरियाणा, पंजाब व दिल्ली एनसीआर में जाकर करने लगा। इस काम में उसको अधिक फायदा होने लगा। आरोपी रामचंद्र कुमार भुइया ने 10वीं पास है जबकि संजय भुइया पढ़ा-लिखा नहीं है।

#### बस व ट्रेनों से ले जाते थे

अभियुक्त निर्मल कुमार डांगी ने बताया कि हमें अफीम की जितनी डिमाण्ड मिलती है उतना माल लेकर हम तीनों बस व ट्रेनों से बदल-बदल कर आते हैं। जिसको माल देना होता है वो जगह हम लोग पहले ही तय कर लेते हैं कि माल कहां और कितने बजे देना है। जब हम तीनों माल लेकर चलते हैं तो किसी से संपर्क नहीं करते जब तक कि माल को तयशुदा जगह पहुंचा न दें।

---

सस्ता सोना दिलाने के नाम पर ठगी

## आरोपी पति-पत्नी गिरफ्तार, 24 लाख रुपए बरामद कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी दीपक की टीम ने आरोपी पति द्वारा की गई धोखाधड़ी के पैसे से गोल्ड, लैपटॉप, आईपैड व अन्य घरेलू सामान खरीदने वाली पत्नी को भी गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी राम सिह राजस्थान करौली का रहने वाला है। उसने आर्मी ऑफिसर बनकर फरीदाबाद के सेक्टर-88 में किरयाणा के दुकानदार को कम पैसे में सस्ता सोना दिलाने के नाम पर 30.80 लाख रुपए की धोखाधड़ी की



वारदात को अंजाम दिया था।

आरोपी ने ठगी के पैसे से खरीदे गए लैपटॉप, 2 आई फोन, 1 आईपैड, सोने के 2 कढ़े, 2 चेन, 1 मंगल सूत्र, 1 हार, 1 जोड़ी झुमका, 1 जोड़ी बाली, 1 जोड़ी टॉप्स, 50 हजार नकद 1.30 लाख आरोपी के खाता में हैं जिनको फ्रिज करवाया गया। आरोपी को 6 दिन के तथा आरोपी महिला को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था।

---

उसी कलर और नंबर की एक अन्य गाड़ी का कर देते थे कांटा


## कंपनी मालिक से कर रहे थे धोखाधड़ी, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने एक ही नंबर प्लेट की दो कैंटर के मामले में दो ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बॉबी कुमार और योगेन्द्र उर्फ डाल सिंह का नाम शामिल है। दोनों आरोपी मूल रुप से यूपी अलीगढ़ के तथा वर्तमान में सीकरी फरीदाबाद के रहने वाले हैं। दोनों आरोपियों को गुप्त सूचना के आधार पर पृथला इंडस्ट्रियल एरिया से दो केंटर गाड़ी सहित काबू किया है।

आरोपी कंपनी से लोहा स्क्रैप इत्यादि भरकर गाड़ी निकलते थे और रास्ते में कांटे पर उसी रंग और उसी नंबर प्लेट की दूसरी गाड़ी का जिसमें कम लोहा और स्क्रैप होता था का वजन करा देते थे। वजन के आधार पर कंपनी से ज्यादा स्क्रैप लोहा लेते थे लेकिन वजन के आधार कंपनी को कम पेमेंट कर धोखाधड़ी कर रहे थे।

**कंपनी से स्क्रैप व लोहा भरकर निकालते थे गाड़ी**



#### एक गाड़ी की दो फर्जी नंबर प्लेट तैयार करवाते

आरोपियो से पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी गाड़ियों पर ड्राइवर का काम करते हैं। आरोपी बॉबी कुमार पिछले 1 साल से तथा आरोपी योगेंद्र उर्फ डाल सिंह पिछले 2 साल से नौकरी कर रहा था। आरोपी बॉबी को 9000 रूपए तथा आरोपी योगेंद्र को 12000 रूपए सेलरी मिलती है। आरोपियों से पूछताछ के दौरान सामने आया कि आरोपी एक गाड़ी की दो फर्जी नंबर प्लेट तैयार करवाकर रखते हैं। जिस गाड़ी कंपनी से स्क्रैप लोड होती है उसी गाड़ी के फर्जी नंबर वाली गाड़ी को उसी समय आसपास खड़ा करके लोड की गई गाड़ी को छुपा देते थे और दूसरी गाड़ी में कम सामान व अन्य दूसरा सामान भरकर भेज देते हैं। गाड़ी बंद बॉडी की हैं।

#### 3 फर्जी नंबर प्लेट बरामद

आरोपियो से 3 फर्जी नंबर प्लेट बरामद हुई हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर958 में योजना के तहत धोखाधड़ी, जालसाजी इत्यादि की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को मुकदमे में पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है। आरोपियों द्वारा बताई गई जानकारी के अनुसार अन्य आरोपियों की अपराध शाखा तलाश कर रही है।

## रंगभरी एकादशी पर जमकर उड़े अबीर गुलाल

# आस्था में मगन होकर साधु-संत अपने इष्ट देव भगवान राम व उनके परम भक्त हनुमंत लला के साथ होली के रंग में रंग गए

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रंगभरी एकादशी पर बुधवार को रामनगरी के साधु-संत अपने इष्ट देव भगवान राम व उनके परम भक्त हनुमंत लला के साथ होली के रंग में रंग गए हैं। इस बार रंगोत्सव के उल्लास में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी भी बयां हो रही है। मंदिरों में साधु-संतों ने अबीर-गुलाल उड़ाकर आराध्य संग होली खेलकर रंगोत्सव की मुनादी की।

रंगभरी एकादशी पर्व पर परंपरागत रूप से सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में सर्वप्रथम हनुमान जी महाराज का विधिवत पूजन-अर्चन व श्रृंगार के बाद अबीर-गुलाल लगाया गया फिर हनुमान जी के निशान व छड़ी की पूजा-आरती की गई। नागा साधुओं ने अपने आराध्य हनुमंतलला को अबीर-गुलाल चढ़ाकर श्रद्धा निवेदित करने के बाद शोभायात्रा निकाली।





### संतों ने ढोल की थाप पर नृत्य किया

संतों ने हनुमंतलला को अबीरगुलाल अर्पित कर रामनगरी में रंगोत्सव के आगाज की अनुमति मांगी। इस दौरान मंदिर में मौजूद श्रद्धालु आराध्य की भक्ति में लीन नजर आए। जमकर अबीर-गुलाल उड़ा तो संतों के संग भक्त भी आस्था में मग्न होकर नृत्य करते दिखे। उसके बाद नागा साधुओं की टोली सड़कों पर निकली, संतों ने ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया, विभिन्न करतब भी दिखाए। रास्ते में जो मिला उसे अबीर-गुलाल लगाया इसे लोग हनुमान जी का प्रसाद समझकर आनंदित होते रहे।

### रामनवमी पर अयोध्या में विशेष व्यवस्था

राम मंदिर में दर्शनार्थियों के लिए स्थाई बैरीकेडिंग की व्यवस्था शुरू हो गयी है और स्टेनलेस स्टील की बैरीकेडिंग लगाई जा रही है। बताया जा रहा है रामलला के दर्शनार्थियों के वापसी के नए मार्ग के विकल्प पर भी विचार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं को कड़ी धूप के दौरान पत्थरों के गर्म हो जाने की समस्या के निवारण के लिए जूट के मैट भी लगाए जाएंगे। श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र की स्थाई समिति की बैठक बुधवार को पूर्वाह्न दस बजे श्रीरामजन्म भूमि परिसर में हुई। एडीजी सुरक्षा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में एडीजी जोन सहित जिले के सभी आला अधिकारी गण के अलावा श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपतराय व न्यासी डॉ. अनिल मिश्र के अतिरिक्त अन्य न्यासी भी मौजूद रहे।

### प्रियंका ने सपरिवार किए रामलला के दर्शन



अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा बुधवार को अपने पति निक, बेटी और मां मधु के साथ अयोध्या पहुंचीं। उन्होंने करीब 30 मिनट रामलला के दरबार में दर्शन पूजन किया। राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से उनका अभिनंदन किया गया। प्रियंका चोपड़ा पहली बार अयोध्या पहुंची हैं। इसके पहले जब वह एयरपोर्ट पहुंची तो जय श्रीराम के नारे लगते रहे। प्रियंका के पति निक भी भारतीय परिवेश में नजर आए। उन्होंने सफेद रंग का कुर्ता-पायजामा पहना हुआ था। वहीं, प्रियंका चोपड़ा पीले रंग की साड़ी में नजर आईं।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर वीडियो बनाया



**मुजफ्फरनगर।** जिले के चरथवाल पुलिस थाना क्षेत्र में व्यक्ति ने एक नाबालिग लड़की के साथ कथित रूप से दुष्कर्म किया और इस कृत्य का वीडियो बनाकर ऑनलाइन पोस्ट कर दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार साव ने बताया कि वसीम नाम के एक व्यक्ति ने 16 वर्षीय लड़की के साथ कथित रूप से दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बनाकर ऑनलाइन पोस्ट किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### यूके और ऑस्ट्रेलिया में 3 लाग लोगों से साइबर ठगी



**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग द्वारा हरमू रोड के किशोरगंज से पकड़े गए साइबर अपराधी स्वयं को आस्ट्रेलियन टेलीकम्यूनिकेशन कंपनी और ब्रिटिश टेलीकॉम के अधिकारी बनकर विदेशी नागरिकों से ठगी करते थे। वे अवैध गतिविधि पाए जाने का झांसा देकर नागरिकों को प्रताड़ना ई-मेल भेजते थे और विदेशी खाता से पैसे विभिन्न विदेशी वॉलेट पर हस्तांतरित कर देते थे। इनने यूके और आस्ट्रेलिया के तीन लाख से अधिक नागरिकों का व्यक्तिगत डेटा का उपयोग किया था।

## पहले चरण की सीटों के नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई

# लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के साथ भाजपा और विपक्ष ने कमर कसी

सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव के पहले चरण का बिगुल बुधवार को बज गया। पश्चिम उत्तर प्रदेश की 8 सीटों के लिए हो रहे पहले चरण के चुनाव की अधिसूचना बुधवार को जारी हुई। इसके साथ ही पहले चरण की सीटों के नामांकन की भी प्रक्रिया शुरू हो गई। नामांकन 27 मार्च तक होंगे। 19 अप्रैल को इन सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे।

- 20 से 27 मार्च तक नामांकन प्रक्रिया
- 25 मार्च को होली पर अवकाश
- 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच
- 30 मार्च को नामांक पत्र वापस लिए जा सकेंगे
- 19 अप्रैल को मतदान

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

इस बार भी प्रदेश में चुनाव की शुरुआत पश्चिम यूपी से हो रही है। पहले चरण में लोकसभा की 8 सीटों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर (एससी), नगीना, मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत के लिए चुनाव होगा। बुधवार 20 मार्च को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई और बुधवार 27 मार्च तक चलेगी। 25 मार्च को होली का त्योहार होने से नामांकन दाखिल नहीं होंगे। 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी और शनिवार 30 मार्च तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। उसके बाद से प्रत्याशी अपना चुनाव प्रचार अभियान शुरू कर देंगे। शुक्रवार 19 अप्रैल को इन 8 सीटों पर मतदान होगा। 4 जून को सभी चरणों की एक साथ मतगणना होगी।

### पहले चरण की खास बातें

- कुल मतदाता-1.43 करोड़
- पुरुष-76 .23 लाख
- महिला-67 .14 लाख
- थर्ड जेंडर-824
- मतदान केंद्र-7693
- पोलिंग बूथ-14842



### 8 सीटों में से 3 पर भाजपा जीती थी

वर्ष 2019 के चुनाव में पहले चरण की इन आठ सीटों में से तीन भाजपा (कैराना, मुजफ्फरनगर व पीलीभीत), तीन बसपा (सहारनपुर, बिजनौर व नगीना) व दो सपा (मुरादाबाद व रामपुर) ने जीती थीं। हालांकि रामपुर लोकसभा सीट पर उपचुनाव में यह सीट भाजपा ने सपा से झटक ली थी। पिछले चुनाव में सपा, बसपा व रालोद ने मिलकर चुनाव लड़ा था। इस बार रालोद भाजपा के साथ है जबकि सपा व कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं।

### सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी के लिए जमानत

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी को 25 हजार रुपए तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रत्याशी को 12,500 रुपए जमानत राशि जमा करनी होगी। राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय दलों के प्रत्याशियों को उसी निर्वाचन क्षेत्र के एक प्रस्तावक की जरूरत होगी।

#### 10 प्रस्तावक जरूरी

पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं निर्दलीय प्रत्याशियों को 10 प्रस्तावक की आवश्यकता होगी। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपए निर्धारित है। नामांकन के समय रिटर्निंग आफिसर एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर कार्यालय के 100 मीटर की परिधि के भीतर अधिकतम तीन वाहन तथा प्रत्याशी सहित अधिकतम पांच व्यक्तियों के प्रवेश की अनुमति होगी।

### शराब तस्करी नहीं होगी आसान, सीसीटीवी से लैस हुए चैकपोस्ट

लोकसभा चुनाव के दौरान यूपी में शराब तस्करी रोकने के लिए पहली बार बार्डर वाले इलाकों पर बनाए गए चेकपोस्टों को सीसीटीवी से लैस किया गया है। प्रदेश के सभी 10 आबकारी जोन में दूसरे राज्यों की सीमा से सटे इलाकों में यह चैकपोस्ट बनाए गए हैं। इनकी निगरानी जिला स्तर से लेकर आबकारी मुख्यालय, प्रयागराज से की जाएगी। कैमरों के आईपी एड्रेस के जरिए आबकारी आयुक्त कभी भी इन चेकपोस्टों को लाइव देख सकेंगे। प्रदेश के आबकारी आयुक्त सेंथिल पांडियन सी. ने सभी संयुक्त आबकारी आयुक्त (जोन) को चेकपोस्ट स्थापित किए जाने के निर्देश दिए हैं। जिन जनपदों में चेकपोस्ट स्थापित किए जाने हैं, उन जनपदों की सीमा राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा से सटी हुई है। इन इलाकों से कच्ची, देशी, विदेशी शराब की तस्करी होने की ज्यादा आशंका रहती है।

## बिहार लोक सेवा आयोग का ऐलान

# शिक्षक भर्ती परीक्षा रद्द, नई तारीख की घोषणा बाद में





एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार लोक सेवा आयोग ने शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण की दोनों पालियों में ली गई परीक्षाओं को रद्द कर दिया है। आयोग ने आर्थिक अपराध इकाई की अबतक की जांच के आधार पर यह निर्णय लिया है। परीक्षा की अगली तिथि अभी नहीं जारी की गई है। बीपीएससी की ओर से इसके लिए नोटिस जारी कर दी गई है।

बीपीएससी ने लिखा कि आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) द्वारा लिखित सूचना दी गई है कि 15 मार्च को दो पालियों में ली गई शिक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्न-पत्र परीक्षा के पूर्व ही संगठित गिरोह के पास पहुंच गए थे। ईओयू द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर अग्रतर अनुसंधान एवं विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। पेपरलीक मामले में बीपीएससी ने ईओयू से मानक साक्ष्य की मांग की गयी थी। ईओयू ने पत्राचार के माध्यम से सूचना दी कि अनुसंधान के क्रम में किसी भी प्रकार की सूचना व मुहरबंद इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस किसी कार्यालय या इकाई के साथ नियमानुसार साझा नहीं किया जा सकता है। बीपीएससी ने कहा कि जांच के बाद अभ्यर्थियों के व्यापक हित को देखते हुये, कदाचार मुक्त एवं पारदर्शिता के साथ परीक्षाओं को आयोजित करने की आयोग की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए 15 मार्च को ली गई दोनों पालियों की परीक्षा को रद्द किया जाता है।

### 266 लोगों को ईओयू ने भेजा जेल

दरअसल, शिक्षक भर्ती परीक्षा के एक दिन बाद आर्थिक अपराध इकाई ने बिहार लोकसभा को एक रिपोर्ट सौंपी। इसमें कहा कि परीक्षा से एक दिन पहले ही तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। शिक्षक भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों को परीक्षा से पूर्व प्रश्न पत्र एवं उत्तर मुहैया कराने के एवज में दस-दस लाख रुपये सॉल्वर गैंग ने लिया था। आर्थिक अपराधी इकाई की टीम ने हजारीबाग और पटना के करबिगहिया में छापेमारी कर कुल सॉल्वर गैंग के सदस्य और अभ्यर्थी समेत 313 लोगों को हिरासत में लिया। इनमें से 266 को जेल गया।

## पेज एक का शेष

### सद्गुरु जग्गी...

कहा कि सद्गुरुजी से बात की और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। फाउंडेशन ने सद्गुरु का वीडियो जारी करते हुए पुष्टि की कि वह ठीक हो रहे हैं और जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी।

### पारदर्शिता के लिए...

पारित कर कानून बनाया है। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून पर अपना रूख स्पष्ट करते हुए दायर हलफनामे में केंद्र सरकार ने कानूनों पर रोक लगाने की मांग करने वाले आवेदनों का विरोध किया। सरकार ने कहा कि चुनाव आयोग, या किसी अन्य संगठन या प्राधिकरण की स्वतंत्रता, केवल चयन समिति में न्यायिक सदस्य की उपस्थिति से सुनिश्चित नहीं की जा सकती। सरकार के मुताबिक पारदर्शिता के लिए पैनल में मौजूद न्यायिक सदस्य जिम्मेदार नहीं है।

### स्टार्टअप लॉन्च तो...

नए विचारों का फर्क है। पीएम मोदी ने कहा कि स्टार्टअप लॉन्च तो बहुत लोग करते हैं, राजनीति में तो ये बहुत ज्यादा होता है और बार बार लॉन्च करना पड़ता है। आप में और उनमें फर्क ये है कि आप लोग प्रयोगशील होते हैं, एक अगर लॉन्च नहीं हुआ तो तुरंत दूसरे पर चले जाते हैं।

### भारत ने सही समय...

देश 2047 के विकसित भारत के रोडमैप पर काम कर रहा है, ऐसे समय में मुझे लगता है कि इस स्टार्टअप महाकुंभ का बहुत महत्व है। बीते दशकों में हमने देखा है कि भारत ने कैसे आईटी और सॉफ्टवेयर सेक्टर में अपनी छाप छोड़ी है। अब हम भारत में इनोवेशन और स्टार्टअप कल्चर का ट्रेंड लगातार बढ़ता हुआ देख रहे हैं। भारत आज अगर ग्लोबल स्टार्ट अप स्पेस के लिए नई उम्मीद, नई ताकत बनकर उभरा है, तो इसके पीछे एक सोचा समझा विजन रहा है। भारत ने सही समय पर सही निर्णय लिए हैं। सही समय पर स्टार्टअप्स को लेकर काम शुरू किया।

### लोकसभा की 102...

तारीख एक त्योहार की वजह से बढ़ाकर 28 मार्च की गई है। बिहार की 40 में से चार लोकसभा सीट पर मतदान प्रथम चरण में होगा। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी। बिहार के लिए यह तारीख 30 मार्च है। नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 30 मार्च है, वहीं बिहार में प्रथम चरण की चार सीट के लिए नामांकन वापसी की प्रक्रिया दो अप्रैल तक जारी रहेगी। देश की 543 सीटों के लिए 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को मतदान होगा। 19 अप्रैल को पहले चरण में 102 सीट, 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 89 सीट, 7 मई को तीसरे चरण में 94 सीट, 13 मई को चौथे चरण में 96 सीट, 20 मई को पांचवें चरण में 49 सीट, 25 मई को छठे चरण में 57 सीट और एक जून को सातवें और अंतिम चरण में 57 सीटों पर वोटिंग होगी।

### बताया-कैसे खत्म...

उनके फिर से चुने जाने पर उन्हें बधाई दी। हम आने वाले वर्षों में भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और गहरा और विस्तारित करने के लिए मिलकर काम करने के लिए सहमत हुए। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि रूस-यूक्रेन संघर्ष पर चर्चा करते हुए पीएम मोदी ने आगे बढ़ने के लिए बातचीत और कूटनीति के पक्षधर के तौर पर भारत के रुख को दोहराया। उनके मुताबिक दोनों नेताओं ने संपर्क में रहने पर सहमति जताई।

### 'इंजीनियर साहब' चुराते ...

है। महिला ने एक वीडियो भी वायरल किया है जिसमें महिला ने कहा कि उसके घर में एक संदूक रखा हुआ था। जिसे उसका पति खोलना नहीं देता था और उसमें ताला लगा हुआ था। ईद की सफाई के दौरान जब महिला ने संदूक खोला तो उसमें बहुत सारे कपड़े रखे हुए थे और कपड़ों के नीचे जब उसने देखा तो उसमें रेलवे की बहुत सारी चादरें रखी हुई थीं और कंबल और तौलिए भी रखे हुए थे। महिला ने अपने पति से कहा कि यह चोरी का समान है। इसको वापस कर दीजिए और महिला ने कहा चोरी करना गलत बात है। इसके बाद महिला ने रेलवे को कॉल किया और सारा सामान वापस लेने की बात कही। आरपीएफ कमांडेंट प्रशांत यादव ने बताया कि हमें मदद एप से शिकायत मिली थी। शिकायत पर कार्रवाई शुरु कर दी है।

## गिरफ्तारी से बचने के लिए

# हाईकोर्ट पहुंचे तौकीर रजा को ट्रायल कोर्ट में सरेंडर की दी सीख

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज



बरेली में 2010 में हुए दंगे के केस की सुनवाई में फास्ट ट्रैक प्रथम के जज रवि कुमार दिवाकर की कोर्ट ने मौलाना तौकीर रजा को मुख्य आरोपी मानते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। इस पर तौकीर ने बचने को हाईकोर्ट की शरण ली। मगर हाईकोर्ट ने भी अपने आदेश में मौलाना को बरेली ट्रायल कोर्ट में ही सरेंडर करने का आदेश दे दिया। जुलूस-ए-मोहम्मदी के दौरान दो मार्च 2010 को दंगा हुआ था। दंगे में पुलिस अफसर व कर्मचारी घायल हुए थे। आगजनी और तोड़फोड़ भी की गई। इस मामले में तत्कालीन इंस्पेक्टर प्रेमनगर करन सिंह ने दो मार्च 2010 को ही 178 नामजद समेत हजारों दंगाइयों के खिलाफ थाना प्रेमनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना में मौलाना तौकीर रजा खां का नाम सामने आया था।

## चुनाव के बीच लालू के करीबियों पर शिकंजा

# आरजेडी विधायक शंभूनाथ यादव के 13 ठिकानों पर ईडी का छापा

एजेंसी ▶▶ बक्सर



बिहार के बक्सर जिले के ब्रह्मपुर से आरजेडी विधायक शंभूनाथ यादव के ठिकानों पर ईडी ने बुधवार को छापा मारा। ईडी की टीम विधायक के 13 ठिकानों पर सुबह छापेमारी करने पहुंची।

यह कार्रवाई अवैध बालू खनन से जुड़े मामले में की गई है। लोकसभा चुनाव के बीच लालू एवं तेजस्वी यादव के करीबियों पर लगातार केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई की जा रही है। इससे सूबे का सियासी पारा गर्मा गया है। पिछले महीने आरजेडी विधायक किरण यादव के ठिकानों पर भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की थी। शंभूनाथ यादव ब्रह्मपुर से आरजेडी के विधायक हैं और लालू यादव के बेहद करीबी माने जाते हैं। उनके चक्की स्थित आवास समेत अलग-अलग कल 13 ठिकानों पर ईडी द्वारा छापेमारी की गई। यह कार्रवाई सुबह अंधेरे से ही शुरू हुई। आरजेडी विधायक के चक्की स्थित आवास को चारों तरफ से केंद्रीय सुरक्षाबल ने अपने घेरे में ले लिया। किसी को अंदर आने और बाहर जाने की अनुमति नहीं है। इसके अतिरिक्त बक्सर शहर जासो में उनके करीबी के ठिकाने पर भी छापेमारी चल रही है।

## एडीआरडीई ने टीसीएल कंपनी की इकाई को दिया ऑर्डर

# अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा के लिए स्वदेशी पैराशूट बनाएगा भारत

एजेंसी ▶▶ कानपुर

अमेरिका, रूस व चीन के बाद जल्द ही भारत ऐसा देश होगा जो अपने अंतरिक्ष यात्रियों को स्वदेशी पैराशूट से लैस करके गगनयान मिशन में भेजेगा। पूरी दुनिया को इससे आत्मनिर्भर भारत का दम भी दिखेगा। इस वर्ष के अंत में या नए वर्ष की शुरुआत में इसरो मिशन को लांच करने की तैयारी है।

अंतरिक्ष यात्रियों को सकुशल वापस लाने के लिए विशेष गगनयान स्पेस री-एंट्री पैराशूट से लैस किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय के डीपीएसयू की कंपनी ट्रूप कंफर्ट्स लिमिटेड (टीसीएल) कानपुर की उत्पादन इकाई फिरोजाबाद के हजरतपुर स्थित आयुध उपस्कर निर्माणी को विशेष पैराशूट बनाने का ऑर्डर मिला है।

**अब दुनिया फिर से देखेगी आत्मनिर्भर देश का दम**

### डिजाइन के आधार पर उत्पादन शुरू



रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की इकाई हवाई वितरण अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (एडीआरडीई) द्वारा दी गई डिजाइन के आधार पर ओईएफ हजरतपुर में उत्पादन कार्य शुरू कर दिया गया है। यह पैराशूट सिस्टम अग्निरोधक, मजबूत नायलोन टेक्सटाइल और मजबूत टेप सहित अन्य खासियत से लैस होगा। कम वजन का पैराशूट चार तरह के पैक में होगा।

### एक पैराशूट का सफल परीक्षण हो चुका

यात्री आपातस्थिति में पैराशूट सिस्टम का उपयोग कर सकेंगे। टीसीएल कंपनी और डीआरडीओ की अत्याधुनिक संसाधनों से युक्त लैब में सैंपल के रूप में एक पैराशूट का सफल परीक्षण हो चुका है। अब ओईएफ के अधिकारी चार पैराशूट सिस्टम बनाकर डीआरडीओ को देंगे। तीन दिवसीय गगनयान मिशन के लिए चयनित ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, अंगद प्रताप, अजीत कृष्णन, विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला मिशन के दौरान जमीन से करीब 400 किमी की ऊंचाई पर धरती के चारों तरफ निचली कक्षा के चक्कर लगाएंगे। वे क्रू माड्यूल यानी एक तरह के कैप्सूल में रहेंगे।

### चार पैराशूट बनाने का ऑर्डर

*हजरतपुर ओईएफ महाप्रबंधक अमित सिंह का कहना है कि अंतरिक्ष यात्रियों के लिए विशेष पैराशूट सिस्टम बनाने का डिजाइन एडीआरडीई ने दिया। एडीआरडीई ने पैराशूट को सभी मानकों पर खरा पाने के बाद चार पैराशूट सिस्टम बनाने का ऑर्डर दिया है। टीसीएल कंपनी सीएमडी विजय कुमार तिवारी के अनुसार, भारत के अहम प्रोजेक्ट गगनयान मिशन में टीसीएल कंपनी की ओईएफ हजरतपुर विशेष पैराशूट बनाकर अपनी अहम भूमिका निभाएगा। कंपनी व निर्माणी के लिए ये ऑर्डर मिलना बड़ी उपलब्धि है।*



स्पेशल: होली, 25 मार्च



मस्ती, उमंग और तरंग का त्योहार है होली। इसमें लोग खूब रंग खेलते हैं, खाते-पीते और नाचते-गाते हैं। इसमें कुछ गलत नहीं लेकिन इस दौरान आपको अपनी हेल्थ की भी केयर करनी चाहिए। जरा-सी लापरवाही से आपको कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स फेस करनी पड़ सकती हैं। एक्सपर्ट डॉक्टर्स से जानिए कैसे बचें डाइजेशन प्रॉब्लम और इंफेक्शन से? साथ ही आई और स्किन केयर के बारे में भी यूजफुल सजेशंस।

# हर्बल कलर से खेलें होली नहीं होंगी हेल्थ प्रॉब्लम्स



होली खेलने के लिए आमतौर पर केमिकल कलर्स का यूज लोग करते हैं। लेकिन इससे हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इनसे बचने के लिए आप हर्बल कलर्स का यूज करें। इन्हें आप आसानी से बना सकते हैं।

**सजेशन / मधु सिंह**

रंगों का त्योहार होली अपने साथ भरपूर खुशियां लाता है। लेकिन कई बार हम अपनी ही असावधानी और मस्ती के हुड़दंग में इन खुशियों को परेशानी में बदल लेते हैं। कई स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां केमिकलयुक्त रंगों से होली खेलने के कारण होती हैं।

**केमिकल रंगों के दुष्प्रभाव:** एक जमाना था जब लोग होली खेलने के लिए प्राकृतिक रंगों का ही इस्तेमाल करते थे। लेकिन बाद में खतरनाक केमिकलयुक्त रंगों का इस्तेमाल होने लगा, जिनमें माइका, पिसा हुआ कांच, एसिड और कई खतरनाक तत्व होते हैं। जो होली के मौके पर बड़े पैमाने पर बिकते हैं। इनसे त्वचा पर बुरा असर होता है। साथ ही ये रंग आंखों को नुकसान पहुंचाते हैं। आंखों के अलावा ये श्वांस संबंधी कई बीमारियों के कारण भी बन सकते हैं। विशेष रूप से आंखों के लिए ऐसे रंग बेहद खतरनाक होते हैं। होली खेलते समय कुछ लोग आंखों को इन खतरनाक रंगों के प्रभाव से बचा नहीं पाते, जिससे ये क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। होली में बिकने वाले बाजार के कुछ सूखे रंगों में ही नहीं बल्कि रंगों के पेस्ट में भी लेड ऑक्साइड, कॉपर सल्फेट, मरकरी सल्फाइट जैसे केमिकल मिले होते हैं, जिनसे आंखों की एलर्जी, सूजन और अस्थायी अंधापन भी हो सकता है। यही बात होली के मौके पर बाजार में खुले में बिकने वाले गुलाल पर भी लागू होती है। गुलाल में क्रोमियम, लेड, केडमियम, निकिल, मरकरी, जिंक, आयरन जैसे हैवी मेटल्स की मिलावट की जाती है, जो कि हमारे गुर्दों, नर्वस सिस्टम और रिप्रोडक्टिव सिस्टम के लिए बहुत हानिकारक होते हैं। इसलिए ऑर्गेनिक रंगों से ही होली खेलें। इन्हें बड़ी आसानी से घर में ही बनाया जा सकता है। इस बारे में डिटेल में बता रहे हैं आपको।



**हल्दी से पीला रंग:** हम सब जानते हैं कि पीला रंग बहुत पवित्र और शुभ अवसरों का प्रतीक रंग है। इसलिए हल्दी जैसे पीले रंग से होली खेलना हमेशा अच्छा लगता है। इसे घर में बहुत आसानी से बनाया जा सकता है। इसके लिए 50 ग्राम हल्दी लें और उसमें करीब 100 ग्राम बेसन मिला दें। अगर गीला रंग बनाना है तो इसके लिए पानी में हल्दी को घोल लें और बेधड़क होली खेलें। हल्दी के अलावा पीला रंग गेंदे के फूलों को सुखाकर भी बनाया जा सकता है।

**सूखा लाल रंग:** चंदन हमारी त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद होता है। इसलिए सूखा लाल गुलाल, बाजार से खरीदने की बजाए लाल चंदन से इसे घर में बनाएं। इसके लिए गुड़हल के फूलों को सुखाकर उसका पावडर बना लें और देखें कि यह कितनी आकर्षक रंगत देता है। अगर सूखा पावडर कम है और रंग ज्यादा बनाना चाहते हैं तो इसमें थोड़ा मैदा भी मिलाया जा सकता है। अगर सूखे की जगह गीला लाल रंग बनाना है तो लाल चंदन के पावडर को थोड़ी देर पानी में उबालने के बाद इस लाल रंग के पानी से जमकर होली खेलें। पानी की इस फुहार से वातावरण तो सुगंधमय होगा ही, त्वचा पर किसी किस्म के दाग-धब्बे का कोई खतरा भी नहीं होगा। इसी तरह अनार के दानों को पानी में उबाल कर भी प्राकृतिक लाल रंग बनाया जा सकता है।

**गाढ़ा-हल्का मजेंटा:** मजेंटा रंग हासिल करना थोड़ा मुश्किल लगता है, लेकिन ऐसा नहीं है। बीट रूट यानी चुकंदर इसके लिए बेस्ट रहता है। होली के कुछ दिनों पहले ही बीट रूट को सुखा लें। जब यह पूरी तरह सूख जाए तो इसे पीस लें। यह पावडर की तरह बारीक हो जाएगा जो कि होली को रंगीन बनाने में काम आएगा। अगर हल्का मजेंटा रंग बनाना चाहते हैं तो थोड़ी और मेहनत करें यानी प्याज के छिलकों को आधा लीटर पानी में उबाल लें, इससे हल्का मजेंटा रंग तैयार हो जाएगा।

**जामुनी रंग:** जामुनी रंग बनाने के लिए काले अंगूरों को या जामुन को उबाला जा सकता है। ध्यान रखें कि पानी ठंडा हो जाने के बाद ही रंगीन पानी का इस्तेमाल करें। *

# होली की मस्ती में हेल्थ की करें प्रॉपर केयर

**प्रिकॉशन**

होली की मौज-मस्ती में कई बार लोग यह नजरअंदाज कर देते हैं कि खराब रंगों के कारण और मौसम में होने वाले बदलाव के चलते उन्हें कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कई लोगों को तो रंगों से इस प्रकार की एलर्जी होती है कि थोड़ा सा भी रंग लग जाने के कारण उन्हें कई तरह की परेशानियां होने लगती हैं। इसके साथ ही होली के दौरान बनने वाली मिठाइयों और तरह-तरह के खाद्य पदार्थों के अधिक सेवन से भी विभिन्न प्रकार की पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में आपको त्योहार मनाने के साथ-साथ कुछ सावधानियों पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

## इंफेक्शन से करें बचाव

नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉक्टर पंकज वर्मा** इंफेक्शन से बचाव के लिए सलाह देते हैं, 'होली खेलते समय स्किन, आइज, लंग्स में एलर्जी हो सकती है। इनसे बचने के लिए विशेष ध्यान रखना चाहिए। अगर आंखों में कलर चला जाए तो उसे तुरंत साफ पानी से धोएं और अगर जलन महसूस हो तो गुलाब जल का प्रयोग करें। नाखूनों को बड़ा ना रखें क्योंकि अगर नाखूनों में कलर जम जाएगा तो इससे भी आपको नुकसान हो सकता है। होली खेलते वक्त बालों का विशेष ध्यान दें, इसके लिए या तो आप कैप का प्रयोग करें या फिर तेल लगाकर रखें, जिससे कलर और पानी का प्रभाव आपके बालों पर कम पड़े। इसी तरह बालों के साथ-साथ पूरे शरीर पर सरसों के तेल की मालिश कर लें, इससे रंगों का प्रभाव आपके शरीर पर कम पड़ेगा। अस्थमा रोगियों को होली के दिन विशेष ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि गुलाल और रंगों के प्रयोग से उन्हें समस्या हो सकती है, अस्थमा अटैक पड़ सकता है। इसलिए ऐसे लोग होली के दिन अधिक सावधान रहें। इसके साथ ही होली के दिन पानी वाले और पक्के रंगों का प्रयोग ना करें क्योंकि मौसम में बदलाव के चलते आपको सर्दी, जुकाम और बुखार जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। ऐसी किसी भी समस्या का आभास होने पर तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट करें। इसमें देर ना करें।'





## खान-पान में बरतें सावधानी

होली पर खान-पान संबंधी सावधानियों के बारे में **डॉक्टर गौरव जैन**, सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली कहते हैं, 'होली का समय आते ही सभी घरों में गुझिया, मिठाइयां और तरह-तरह के पकवान बनना शुरू हो जाते हैं। ऐसे में इनके अधिक सेवन से आपको कई तरह की पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। खासकर डायबिटीज मरीजों के लिए अधिक मीठे, मसालेदार और ऑयली फूड्स का सेवन ब्लड शुगर को काफी तेजी से बढ़ा देता है। ऐसे में डायबिटीज के मरीज गुझिया में चीनी की जगह गुड़ और ड्राई फ्रूट्स का या शुगर फ्री गुझिया का सीमित मात्रा में सेवन कर सकते हैं। इसी के साथ आपको कार्बोनेटेड ड्रिंक्स और एल्कोहल के सेवन से भी बचना चाहिए। तरल पदार्थ जैसे नीबू पानी या जूस लेना एक बेहतर विकल्प है। होली के दिन हार्ट पेशेंट नशीले पदार्थों जैसे भांग आदि से दूरी बनाकर रखें क्योंकि नशीले पदार्थ के सेवन से दिल की धड़कनें तेज हो सकती हैं और आपको कार्डियक अरेस्ट जैसी समस्याएं हो सकती हैं। दिल के रोगियों को अपने कोलेस्ट्रॉल लेवल का भी ध्यान रखना चाहिए और ऐसे खाद्य पदार्थों का ही सेवन करना चाहिए, जिनमें ट्रांस फैट या घी और तेल की मात्रा बहुत कम हो। अगर आपको किसी भी तरह की शारीरिक समस्या महसूस हो तो बिना लापरवाही बरते तुरंत नजदीकी अस्पताल या अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।' *



**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

**आई केयर/ डॉ. टी. एस. चौधरी**
**आई स्पेशलिस्ट, दिल्ली**

## रंगों से करें आंखों का बचाव



**होली की** मस्ती में कई बार उत्साह में लोग अपनी आंखों की सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरतते हैं, इससे हानिकारक रंग आंखों में जाकर उसे नुकसान पहुंचा सकता है। गीले रंग या पानी की तेज धार आंखों में चला जाए तो बहुत ही हानिकारक हो सकता है। जब आंखों में ऐसा रंग चला जाता है, तब जलन होने लगती है और आंखें लाल हो जाती हैं। उस स्थिति में कभी भी आंखों को रगड़ना नहीं चाहिए, बल्कि साफ पानी से तुरंत धोना चाहिए। जब भी रंग खेलें तो अपनी आंखों पर सन ग्लास लगाना ना भूलें।इसके बावजूद भी यदि आपकी आंखों में रंग चला जाता है तो सबसे पहले साफ पानी से आंखों को धो लें और किसी आई स्पेशलिस्ट से जाकर जरूर दिखाएं। यह हमेशा याद रखें कि डॉक्टर की सलाह पर ही दवाई लेकर आंखों में डालें। अपने मन से कोई भी आई ड्रॉप ना डालें। केमिकल के बजाए हमेशा हर्बल रंगों का ही उपयोग करें। रंग खेलते समय कभी भी कॉन्टेक्ट लेंस का प्रयोग न करें। जोर-जबर्दस्ती के साथ चेहरे पर रंग न लगाएं। इससे रंग आंखों में जा सकता है। आंखों में जलन हो रही है या आंखें लाल हो गई हैं तो डॉक्टर को दिखाने में देर न करें। रंगों या पानी से भरा हुआ गुब्बारा या पानी की तेज धार किसी की आंखों पर न फेंकें। यदि आप इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखते हैं तो वाकई आपकी होली बहुत ही बेहतर होगी। *



**प्रस्तुतिः संध्या रानी**

**होली पर** रंग जरूर खेलें लेकिन ध्यान रहे कि केमिकल युक्त रंग त्वचा के लिए नुकसानदेह होते हैं। इसलिए होली खेलते समय स्किन का ध्यान रखें।




**क्या है नुकसान:** होली के रंगों और गुलाल-अबीर में आमतौर अधिक मात्रा में लेड यानी सीसे और अभ्रक की मिलावट होती है। इससे त्वचा के छिलने और रैशेज का खतरा बढ़ जाता है। लाल रंग में नेफ्रोटॉक्सिक तत्व पाए जाते हैं, जो किडनी के लिए नुकसानदेह होते हैं। हरे रंग से कॉन्टेक्ट डर्मेटोसाइटिस नामक बीमारी हो सकती है। हरे रंग से निमोनिया का भी खतरा रहता है। काले रंग से स्किन कैंसर हो सकता है।

**स्किन केयर / डॉ. रमनजीत सिंह**
**एचओडी-डर्मेटोलॉजी, मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम**

## रंगों से त्वचा रहे सुरक्षित

**रखें ध्यान:** होली खेलने के बाद त्वचा पर किसी तरह के रैशेज दिखाई दें, तो प्रभावित स्थान को ठंडे पानी से धोने के बाद वहां मॉयश्चराइजर लगाकर छोड़ दें और डॉक्टर से संपर्क करें। बेहतर है कि होली खेलने से पहले फुल स्लीव्स की ड्रेसेस पहनें, चेहरे और गर्दन पर मायश्चराइजर और बालों में नारियल तेल लगाएं। इससे बालों और स्किन पर एक प्रोटेक्टिव लेयर तैयार हो जाती है, जो रंगों को स्किन पोर्स और बालों के क्यूटिकल में जमा होने से रोकती है। 50 एसपीएफ का सन स्क्रीन लोशन लगाएं, इससे स्किन को पोषण मिलेगा और वह डैमेज से सुरक्षित रहेगी। रंग को हटाने के लिए त्वचा को रगड़ कर साफ न करें। अन्यथा जल्दबाजी में त्वचा छिल सकती है। रंग छुड़ाने से पहले ठंडे पानी से त्वचा को धो लें, उसके बाद झाग वाले फेसवॉश से हल्के हाथों से धोते हुए त्वचा को साफ करने की कोशिश करें। फिर कॉटन बॉल को नारियल तेल में डुबोकर उससे चेहरे को पोछें और दोबारा फोमिंग फेसवॉश से चेहरे को साफ करें, इससे रंग आसानी से निकल जाएगा। रंग साफ होने के बाद भी त्वचा का विशेष खयाल रखें। *



**प्रस्तुति:विनीता**



**एडवाइस / अंजू जैन**

# सही ढंग से सोएं पाएं दर्द से राहत

कुछ कॉमन शारीरिक दर्द जैसे, घुटनों और जबड़े के दर्द को आप अपनी स्लिपिंग पोजिशन यानी सोने के ढंग को बदल कर भी कंट्रोल कर सकते हैं। कुछ एक्सपर्ट्स बता रहे हैं कि किस तरह सही स्लीपिंग पोजिशन से आप ऐसे दर्द से मुक्ति पा सकते हैं?

**घुटनों का दर्द :** घुटनों के दर्द से राहत पाने के लिए रात में किस पोजिशन में सोना चाहिए, इस बारे में यूनिवर्सिटी ऑफ पेनसिल्वेनिया के पेन अस्पताल में स्लीप सेंटर के स्लीप स्पेशलिस्ट डॉ. चार्ल्स बे बताते हैं, 'पैरों के आपस में टकराने या स्पर्श होने से घुटनों का दर्द बढ़ सकता है। इसलिए सोते समय अपने दोनों पैरों के बीच कोई मुलायम तौलिया रोल करके या एक तकिया लगाकर सोएं ताकि दोनों पैर एक-दूसरे से नहीं टकराएं। इससे घुटनों के दर्द से राहत मिलेगी।'



**जबड़ों का दर्द :** अगर आपको जबड़ों में दर्द की शिकायत या टेंपोरोमैंडीबुलर जॉइंट डिसफंक्शन (टीएमजे पेन) है तो सोने का तरीका कैसा हो, इस बारे में अमेरिकन डेंटल एसोसिएशन की प्रवक्ता डॉ. एना पाउला फेराज बताती हैं, 'अपना चेहरा ऊपर रखते हुए पीठ के बल ही सोएं। पेट के बल अपने जबड़ों पर दबाव डालते हुए सोने से चेहरे के ज्वाइंट्स और जबड़ों में होने वाला दर्द बढ़ सकता है।' *



**डिजीज**
**शिखर चंद जैन**

कई बार मिडएज के लोगों में एक्ने की समस्या होने लगती है। इससे फेस पर स्पॉट्स नजर आने लगते हैं। इसकी कई वजहें हो सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि इनके कारण के बारे में जानकर उनका सही ट्रीटमेंट करवाया जाए।

# मिडएज में एक्ने प्रॉब्लम जानें कारण-निवारण

किशोरों और युवाओं को पिंपल या एक्ने की समस्या होना, आम बात है। लेकिन कई बार जब 30-40 या इससे अधिक उम्र के लोगों को एक्ने की समस्या सताती है तो चिंतित होना स्वाभाविक है। अमेरिका (न्यूयॉर्क) की त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कैरमेन कैस्टीला के अनुसार, यद्यपि वयस्क होने पर एक्ने होना परेशान करने वाला एहसास हो सकता है लेकिन इसके लिए ज्यादा चिंता नहीं करनी चाहिए। इसी प्रकार डलास की डर्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर रॉस रैडूस्की कहती हैं, 'भले ही आपको टीनएज में एक्ने नहीं हुआ हो लेकिन फिर भी अधिक उम्र में एक्ने की प्रॉब्लम हो सकती है। इसका इलाज संभव है, इसलिए आपको टेंशन नहीं लेनी चाहिए।'

## एडल्ट एक्ने के कारण

एक्ने का प्रमुख कारण रोम छिद्रों यानी स्किन पोर्स का धूल, मिट्टी, तेल और डेड स्किन सेल्स के कारण जाम होना ही होता है। लेकिन एडल्ट एक्ने के कई ऐसे कारण भी होते हैं, जो किशोरावस्था में कम प्रभावी होते हैं। यह कहना है अमेरिकी एकेडमी आफ डर्मेटोलॉजी का। इन कारणों में शामिल हैं-

**हार्मोन में बदलाव:** उम्र बढ़ने के साथ हार्मोन में कई तरह के बदलाव होते हैं। इसके कारण स्किन ज्यादा तेल प्रोड्यूस करने लगती है। नतीजतन रोम कूप बंद होने लगते हैं और स्किन पर मौजूद बैक्टीरिया हावी होने लगते हैं। हार्मोनल एक्ने महिलाओं में ज्यादा होते हैं। विशेष रूप से मेंस्ट्रुएशन, प्रेगनेंसी या मेनोपॉज के वक्त उनमें यह समस्या ज्यादा होती है। इसके अलावा जिन पुरुषों में टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन का लेवल ज्यादा होता है, उनमें भी एक्ने की समस्या होती है। यह कहना है, साउथ कैलिफोर्निया की स्किन डिजीज स्पेशलिस्ट डॉक्टर लॉरेन प्लॉच का।



**मेडिकेशन के साइड इफेक्ट्स:** कुछ दवाइयां जैसे लिथियम, कोर्टिकोस्टेरॉयड आदि के साइड इफेक्ट के कारण भी एक्ने हो सकता है। इसके अलावा टेस्टोस्टेरॉन, मेडिकेशन, बर्थ कंट्रोल पिल, सिजोफ्रेनिया की दवाओं, विटामिन बी और प्रोटीन सप्लीमेंट्स की वजह से भी एक्ने की समस्या हो सकती है।

**जेनेटिक इफेक्ट्स:** आनुवांशिक कारणों से अगर किसी व्यक्ति की स्किन ऑयली है या डेड स्किन सेल्स आसानी से हटते नहीं हैं तो एक्ने की समस्या उम्र भर परेशान कर सकती है। ऐसे लोगों में उम्र बढ़ाने और हार्मोनल उतार-चढ़ाव के बाद समस्या और भी बढ़ जाती है। अगर एक्ने की फैमिली हिस्ट्री है तो इसकी संभावना बढ़ जाती है।

**स्ट्रेस भी है वजह:** स्ट्रेस की वजह से कार्टीसोल हार्मोन का लेवल बढ़ जाता है। इससे स्किन पर ऑयल ज्यादा रिलीज होने लगता है। जाहिर है, इससे एक्ने की समस्या होने की आशंका बढ़ती है। स्ट्रेस कम होने पर इससे आराम मिलने लगता है।

## एडल्ट एक्ने का ट्रीटमेंट

डॉक्टर लॉरेन प्लॉच एडल्ट एक्ने के उपचार के लिए कई उपाय बताती हैं। एक्ने के इलाज के लिए दवा दुकानों पर मिलने वाली टॉपिकल मलहम का प्रयोग किया जा सकता है। बेंजोयल पैराक्साइड जैसे एंटीबैक्टीरियल और स्किन ड्राई करने वाले लोशन से चेहरा धोना चाहिए, इससे रोम छिद्र भी खुलेंगे। साथ ही रेटिनाएड दवा एडेपेलिन और एजेलैक एसिड (बैक्टीरिया मारकर रोमकूप खोलने वाली दवा) लगाने से भी एक्ने साफ हो जाते हैं। सैलीसाइक्लिक एसिड युक्त प्रोडक्ट लगाने से स्क्रीन एक्स्फोलिएट होती है और डेड स्किन सेल्स साफ हो जाते हैं। उम्र बढ़ने पर हमारी स्किन का लचीलापन कम होने लगता है। इसलिए ऐसी समस्या हो तो ग्लाइकॉलिक एसिड युक्त प्रोडक्ट लें। यह स्किन को बिना ड्राई किए हुए ही इसका एक्सफोलिएशन करेगा। ये दवाएं आप डॉक्टर से कंसल्ट करने के बाद ही यूज करें। अगर दवाएं काम ना कर रही हों और स्किन के ब्लैक स्पॉट आपको टेंशन दे रहे हों तो आपको किसी स्किन स्पेशलिस्ट से परामर्श लेना चाहिए। *





## 1500 से अधिक मतदाताओं वाले 367 मतदान केंद्रों में बनाए जाएंगे सहायक मतदान केंद्र

# लोकसभा चुनाव में पहले चरण के लिए आज से शुरू हो जाएगी नामांकन की प्रक्रिया

सीईओ की राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) अनुपम राजन ने सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में प्रभावशील आदर्श आचरण संहिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मप्र में चार चरणों में लोकसभा चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। पहले चरण के लिए बुधवार 20 मार्च से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी।

नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि बुधवार 27 मार्च है। सीईओ राजन ने बताया कि पहले चरण में लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-11 सीधी, 12 शहडोल, 13 जबलपुर, 14 मंडला, 15 बालाघाट एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र 16 छिंदवाड़ा में निर्वाचन कराया जाएगा। नामांकन पत्रों की संवीक्षा (स्क्रूटनी) गुरुवार 28 मार्च को की जाएगी। नामांकन भर चुके प्रत्याशी शनिवार 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण के लिए शुक्रवार 19 अप्रैल को मतदान होगा। सभी चरणों में हुए मतदान की मतगणना 4 जून को होगी।

### मतदान केंद्रों की संख्या 64 हजार 523

राजन ने बताया कि प्रदेश में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 64 हजार 523 है। 1500 से अधिक मतदाताओं वाले चिन्हित 367 मतदान केंद्रों में सहायक मतदान केंद्र बनाने का प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदाता पर्ची का वितरण पृथक-पृथक चरणों में मतदान तिथि से 10 दिन पहले शुरू कर दिया जाएगा। यह कार्य मतदान दिवस के 5 दिन पहले ही पूरा कर लिया जाएगा। सीईओ राजन ने बताया कि निर्वाचन में प्रत्येक उम्मीदवार की ओर से अधिकतम 4 फॉर्म भरे जा सकेंगे। प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने नाम निर्देशन पत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र में एक शपथ पत्र भी देना होगा। अभ्यर्थी की ओर से प्रस्तुत शपथ पत्र सीईओ कार्यालय की वेबसाइट पर 24 घंटे में प्रदर्शित किए जाएंगे। शपथ पत्र में उम्मीदवार को अपने आपराधिक प्रकरणों की जानकारी भी देनी होगी। राजनीतिक दलों को समाचार पत्र एवं टीवी चैनल में आपराधिक प्रकरण वाले उम्मीदवार के चयन का आधार बताते हुए 3 अलग-अलग तारीखों में उद्घोषणा भी प्रकाशित करानी होगी। प्रत्याशी के चयन के 48 घंटे में समाचार पत्र, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं पार्टी की वेबसाइट पर फॉर्म सी-7 में प्रकाशित करना होगा।

### सभी जिलों में कंट्रोल रूम एवं शिकायत सेल क्रियाशील

*राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की घोषणा के साथ ही पूरे प्रदेश में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। अभ्यर्थियों, राजनीतिक दलों एवं राज्य तथा केन्द्र की सरकार पर आदर्श आचरण संहिता के प्रावधान आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लागू है। सभी जिलों में कंट्रोल रूम एवं शिकायत सेल क्रियाशील हो गए हैं। सभी लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में संपत्ति विरुपण के विरूद्ध कार्रवाई सतत जारी है। अब तक शासकीय भवन से 2 लाख 76 हजार 892, सार्वजनिक सम्पत्ति एक लाख 88 हजार 203 और निजी सम्पत्ति 57 हजार 992 स्थानों पर सम्पत्ति विरुपण के विरूद्ध कार्रवाई की गई है।*

### पांच व्यक्तियों की अनुमति रहेगी

नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने के दौरान अभ्यर्थी को अधिकतम 3 वाहन एवं अभ्यर्थी सहित अधिकतम 5 व्यक्तियों की अनुमति रहेगी। मतदान के दिन अभ्यर्थी, उसके इलेक्शन एजेंट तथा अभ्यर्थी के इलेक्शन एजेंट, वर्कर, पार्टी वर्कर को सम्पूर्ण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए केवल एक-एक वाहन की अनुमति रहेगी। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री, बसंत कुर्रे, तरूण राठी, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ला तथा सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### शिकायतों के लिए सी-विजिल एप

*नागरिकों को निर्वाचन संबंधी शिकायतें करने के लिए सी-विजिल एप उपलब्ध है। इस एप के माध्यम से नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी कोई भी लाइव फोटो, वीडियो एवं ऑडियो शिकायत के रूप में उपलब्ध कराते हैं, तो अगले 100 मिनट में शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि आदर्श आचरण संहिता के दौरान रात 10 बजे से अगले दिन सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।*

### चुनाव प्रचार में अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक व्यय कर सकेंगे

*लोकसभा निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रुपए निर्धारित है। इसके लिए अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना आवश्यक है। रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित, प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग, प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे।*

### 75% से कम मतदान वाले विस क्षेत्रों में चलाएंगे विशेष मतदाता जागरुकता वाहन

लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए 75 प्रतिशत से कम मतदान वाले विधानसभा क्षेत्रों में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से विशेष मतदाता जागरुकता प्रचार वाहन चलाए जाएंगे। इसके जरिए मतदाता जागरुकता वाहन के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। मुख्य निवार्चन पदाधिकारी (सीईओ) अनुपम राजन ने बताया कि पिछले विधानसभा निर्वाचन- 2023 में प्रदेश के 26 जिलों के 75 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत 75 फीसदी से कम था, इन विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे चिन्हित 75 विधानसभा क्षेत्रों में एक माह तक जागरुकता प्रचार वाहन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। लघु फिल्म, स्लोगन, पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को मतदान का महत्व और लोकतंत्र में उनके एक वोट की क्या कीमत है, इसके बारे में जागरूक किया जाएगा। मतदाता जागरुकता प्रचार वाहन का शुभारंभ 20 मार्च को होगा।

#### इन जिलों में जागरुकता वाहन चलाया जाएगा

मुरैना, भिण्ड, ग्वालियर, दतिया, गुना, सागर, छतरपुर, दमोह, पन्ना, सतना, रीवा, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, कटनी, जबलपुर, भोपाल, देवास, खण्डवा, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इन्दौर, उज्जैन और रतलाम जिले की विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता प्रचार वाहन चलाए जाएंगे।

## वसंत और फागुन के रंग से सराबोर रहा सन्निधि एवं वयम् का काव्य उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हिंदी साहित्य की दो महान विभूतियों काका साहब कालेलकर जी और विष्णु प्रभाकर जी की स्मृति में सन्निधि एवं वयम् के संयुक्त तत्वावधान में गाँधी हिंदुस्तानी साहित्य सभा, सन्निधि सभागार में शनिवार, 16 मार्च की शाम एक बेहद ख़ूबसूरत और रंगारंग काव्यगोष्ठी का आयोजन हुआ। सन्निधि के संस्थापक, अध्यक्ष और विष्णु प्रभाकर जी के सुपुत्र अतुल प्रभाकर ने संस्था की ओर सभी प्रमुख अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र, पुस्तकें व लेखनी भेंट स्वरूप देकर किया। काव्यपाठ करने वाले सभी कवियों को वयम् के अध्यक्ष नरेश शांडिल्य ने अंगवस्त्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात कवि, नाट्यकर्मी, संपादक और वयम् के अध्यक्ष नरेश शांडिल्य ने की। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ ग़ज़लकार, गीतकार डॉ. रमा सिंह तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में वरिष्ठ गीतकार डॉ. रंजना अग्रवाल, अलका सिन्हा, अहमदाबाद से पधारी डॉ. उषा उपाध्याय व डॉ. सांत्वना श्रीकांत ने मंच को गरिमा प्रदान की तथा कार्यक्रम का संचालन कवि-शायर और वयम् के सचिव ताराचन्द 'नादान' ने किया। हर्ष और उमंग के साथ वसंत औ फागुन के विविध रंगों को अपनी कविता द्वारा प्रेषित करने वाले देश के विशिष्ट कविगण थे - शशिकांत (उपाध्यक्ष-वयम्), अनिल 'मीत' (महासचिव-वयम्), कहानीकार कवयित्री डॉ. तारा सिंह अंशुल, अशोक कश्यप, प्रमोद शर्मा 'असर', अरविंद 'असर', मनोज 'अबोध', जगदीश मीणा, सदानन्द कवीश्वर (संयोजक-सन्निधि), रूबी मोहंती, युवा कवयित्री शैलजा सिंह, मीना चौधरी, पूनम बडोला, अपर्णा थपलियाल, नूतन वर्मा। गायन की एक सुमधुर प्रस्तुति रही संजय वर्मा की। साथ ही इस कार्यक्रम में कर्नल प्रवीण त्रिपाठी की विविध छंदों से सजी ख़ूबसूरत पुस्तक 'मनके छंद के' का लोकार्पण भी हुआ। कर्नल त्रिपाठी ने अपने वक्तव्य में पुस्तक के बारे में बताया और पुस्तक से अपनी एक रचना का पाठ भी किया। कार्यक्रम में सन्निधि के अध्यक्ष अतुल प्रभाकर की धर्मपत्नी अनुराधा, बहन अर्चना , सन्निधि की सदस्या कुमारी पुष्पा शर्मा, गाँधी हिंदुस्तानी साहित्य सभा की अध्यक्षा कुसुम शाह , मंत्री वीना हांडा , प्रमुख सदस्या सावित्री भारद्वाज और अन्य गणमान्य व्यक्तियों में रामानुजम सुन्दरम, बाल कीर्ति, मनु सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति रही। शैलजा सिंह के सुमधुर कंठ से गांधी हिंदुस्तानी साहित्य सभा का परिसर सुरीला हो गया साथ ही सभी कवियों ने एक से बढ़ कर एक रचनाओं का पाठ किया।

## बूथ, मंडल व विधानसभा में प्राण प्रण के साथ जुट जाएं कार्यकर्ता : मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीब कल्याण के लिए ऐतिहासिक कार्य किया है। केंद्र सरकार की योजनाओं से उज्जैन को लाभ मिला है। इससे जनता को अवगत कराएं। इस बार उज्जैन के कार्यकर्ताओं पर दोहरी जिम्मेदारी है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को उज्जैन-आलोट लोकसभा क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कही।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौके पर तोड़ा दम

**जगदलपुर।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरपाली के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। मृतक का नाम ईश्वर साहू था। वह दीपका से दर्राभांटा स्थित अपने घर जा रहा था। इसी दौरान बरपाली के पास एक ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। डायल 112 के माध्यम से उसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश की जा रही है। मृतक के पिता बाबूलाल श्रीवास ने बताया कि उसका बेटा ईश्वर दीपिका के एक निजी कंपनी में काम करता था, जो काम कर घर वापस लौट रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार ट्रेलर ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। बाबूलाल ने बताया कि उसका इकलौता बेटे ईश्वर की मौत के बाद परिवार में मातम छा गया है। वहीं, परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ईश्वर घर एक कमाऊ पुत्र था।

## तेज आंधी-तूफान में स्कूल का छज्जा उड़ा, खाना खा रहे 12 बच्चे घायल



**कोरबा।** कोरबा में पसान के प्राथमिक शाला स्कूल में एक बड़ी घटना घट गई, जहां पसान के दर्री प्राथमिक स्कूल के ऊपर का छज्जा तेज आंधी तूफान में उड़ गया। जिसकी चपेट में आने से स्कूल में खाना खा रहे आधा दर्जन बच्चे घायल हो गये। बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल था। कई बच्चों के सर फट गए वहीं कई बच्चों के हाथ टूट गए, स्कूल पर मौजूद शिक्षक और अन्य कर्मचारियों में हड़कप मच गया।


## होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

**रेलयात्रियों की सुविधा के लिए होली सीज़न के दौरान उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-**

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | अवधि | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01053 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 12:15 | बनारस | 16:05 | बुधवार | 27.03.24 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 01054 | बनारस | 20:30 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 23:55 | गुरूवार | 28.03.24 तक | |
| 01123 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 12:15 | गोरखपुर जं. | 18:55 | शुक्रवार | 29.03.24 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 01124 | गोरखपुर जं. | 21:15 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 07:25 | शनिवार | 30.03.24 तक | |
| 01103 | छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.) | 22:35 | गोरखपुर जं. | 09:30 | गुरूवार | 28.03.24 तक | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 01104 | गोरखपुर जं. | 15:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.) | 00:40 | शनिवार | 30.03.24 तक | |
| 05115 | छपरा | 17:45 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 11:50 | बुधवार | 27.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05116 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 14:45 | छपरा | 09:30 | गुरूवार | 21.03.24 एवं 28.03.24 | |
| 05023 | गोरखपुर जं. | 21:15 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 13:15 | रविवार | 24.03.24 एवं 31.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05024 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:15 | गोरखपुर जं. | 07:30 | सोमवार | 25.03.24 एवं 01.04.24 | |
| 05097 | टनकपुर जं. | 18:25 | दौरई जं. | 13:40 | शुक्र, सोम, बुध | 22.03.24 से 29.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05098 | दौरई जं. | 16:05 | टनकपुर जं. | 09:35 | शनि, मंगल, वीर | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 05047 | बनारस | 19:20 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:30 | मंगलवार | 26.03.2024 | वाता. 3 टीयर एवं वाता. कुर्सीयान |
| 05048 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 18:15 | बनारस | 08:10 | बुधवार | 27.03.2024 | |
| 05053 | गोरखपुर जं. | 09:30 | बांद्रा टर्मिनस | 16:00 | शुक्रवार | 22.03.24 एवं 29.03.24 | सामान्य |
| 05054 | बांद्रा टर्मिनस | 21:45 | गोरखपुर जं. | 06:25 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 05005 | गोरखपुर जं. | 14:40 | अमृतसर | 09:30 | बुधवार | 27.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | गोरखपुर जं. | 08:50 | गुरूवार | 21.03.24 एवं 28.03.24 | |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर | 09:30 | शुक्रवार | 22.03.24 एवं 29.03.24 | वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05050 | अमृतसर | 12:45 | छपरा | 14:00 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 05012 | गोमती नगर | 14:00 | छपरा | 00:05 | गुरू, शनि सोम, बुध | 21.03.24 से 27.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05011 | छपरा | 05:45 | गोमती नगर | 16:00 | शुक्र, रवि, मंगल, गुरू | 22.03.24 से 28.03.24 | |
| 05045 | लालकुआं | 13:10 | राजकोट | 18:10 | रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05046 | राजकोट | 22:30 | लालकुआं | 04:05 | सोमवार | 25.03.24 एवं 01.04.24 | |
| 05193 | छपरा | 15:20 | पनवेल | 20:30 | गुरूवार | 21.03.24 से 28.03.24 | वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 05194 | पनवेल | 21:40 | छपरा | 08:50 | शुक्रवार | 22.03.24 से 29.03.24 | |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | हापा | 00:30 | शनिवार | 23.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 09184 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेन्ट्रल | 04:20 | शुक्रवार | 22.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर एवं वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी) |
| 09195 | वडोदरा | 19:00 | मऊ | 20:45 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 09196 | मऊ | 23:00 | वडोदरा | 00:45 | रविवार | 24.03.24 एवं 31.03.24 | |
| 09062 | बरौनी | 12:15 | वलसाड | 03:45 | गुरूवार | 21.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 04145 | सूबेदार गंज | 21:30 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 08:00 | तिथियों के अनुसार | 21, 22, 23, 24, 26, 27, 28, 29 एवं 31.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 04146 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:00 | तिथियों के अनुसार | 21 से 25, 27 से 30.03.24 एवं 01.04.24 | |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 14:10 | सोमवार | 25.03.24 से 01.04.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 03436 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 19:00 | मालदा टाउन | 23:30 | मंगलवार | 26.03.24 से 02.04.24 | |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:40 | शुक्रवार | 22.03.24 एवं 29.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 08476 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:35 | पुरी | 06:55 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 08571 | विशाखापत्तनम | 08:20 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:40 | शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी) एवं सामान्य |
| 08572 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:35 | विशाखापत्तनम | 13:30 | रविवार | 24.03.24 एवं 31.03.24 | |
| 04066 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 23:00 | पटना जं. | 16:00 | सोमवार, गुरूवार | 21.03.24 से 28.03.24 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. |
| 04065 | पटना जं. | 17:45 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 11:20 | मंगलवार, शुक्रवार | 22.03.24 से 29.03.24 | |
| 04062 | दिल्ली जं. | 08:50 | बरौनी | 06:30 | रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य। |
| 04061 | बरौनी | 08:00 | दिल्ली जं. | 07:35 | सोमवार | 25.03.24 से 01.04.24 | |
| 04518 | चंडीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | गुरूवार | 21.03.24 से 28.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चंडीगढ़ | 14:10 | शुक्रवार | 22.03.24 से 29.03.24 | |
| 04060 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 10:30 | जयनगर | 15:15 | मंगलवार, शुक्रवार | 22.03.24 से 29.03.24 | शयनयान व सामान्य |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 19:55 | बुधवार, शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 01664 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 11:10 | सहरसा जं. | 11:20 | सोमवार | 25.03.2024 | शयनयान व सामान्य |
| 01663 | सहरसा जं. | 09:30 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 13:55 | बुधवार | 27.03.2024 | |
| 04010 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | मंगलवार | 26.03.2024 | शयनयान व सामान्य |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 16:05 | गुरूवार | 28.03.2024 | |

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | अवधि | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04068 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | गुरूवार, शुक्रवार | 22.03.24 से 29.03.24 | 3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य |
| 04067 | दरभंगा | 18:00 | दिल्ली जं. | 16:40 | बुधवार, शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 04004 | नई दिल्ली | 00:10 | सीतामढ़ी | 22:00 | गुरूवार, शुक्रवार | 22.03.24 से 29.03.24 | 3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य |
| 04003 | सीतामढ़ी | 23:30 | नई दिल्ली | 01:30 | | | |
| 04033 | नई दिल्ली | 23:45 | श. कै. तुषार महाजन | 11:10 | शुक्रवार | 22.03.24 से 29.03.24 | 3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान |
| 04034 | श. कै. तुषार महाजन | 20:55 | नई दिल्ली | 09:30 | शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:10 | बुधवार, रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | 3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान |
| 04076 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 20:55 | नई दिल्ली | 09:30 | गुरूवार, सोमवार | 25.03.24 से 01.04.24 | |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी | 09:45 | सोम, गुरू, शनि | 21.03.24 से 30.03.24 | 3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान |
| 04079 | वाराणसी | 18:20 | दिल्ली जं. | 08:50 | मंगल, शुक्र, रवि | 22.03.24 से 31.03.24 | |
| 01654 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 23:35 | वाराणसी | 23:55 | रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य |
| 01653 | वाराणसी | 05:30 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:25 | मंगलवार | 26.03.24 से 02.04.24 | |
| 02371 | हावड़ा | 08:15 | बनारस | 21:45 | शनिवार | 23.03.2024 | प्रथम वता,, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य |
| 02372 | बनारस | 23:05 | हावड़ा | 12:20 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 13:20 | टूण्डला | 17:15 | प्रतिदिन | 21.03.24 से 24.03.24 | सामान्य |
| 04063 | टूण्डला | 17:45 | दिल्ली जं. | 22:15 | | | |
| 04923 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | 21.03.24 से 24.03.24 | सामान्य |
| 04924 | अम्बाला कैंट | 20:22 | सहारनपुर | 22:30 | | | |
| 04051 | दिल्ली जं. | 10:00 | पानीपत | 12:10 | प्रतिदिन | 21.03.24 से 24.03.24 | सामान्य |
| 04052 | पानीपत | 13:10 | दिल्ली जं. | 15:40 | | | |
| 04249 | वाराणसी | 06:25 | लखनऊ | 12:25 | प्रतिदिन | 21.03.24 से 24.03.24 | सामान्य |
| 04250 | लखनऊ | 16:35 | वाराणसी | 22:35 | | | |
| 04048 | नई दिल्ली | 06:20 | आगरा कैंट | 11:15 | प्रतिदिन | 21.03.24 से 24.03.24 | सामान्य |
| 04047 | आगरा कैंट | 14:30 | नई दिल्ली | 18:45 | | | |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 16:00 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 14:25 | शुक्रवार | 22.03.24 एवं 29.03.24 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 09004 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 17:25 | मुंबई सेंट्रल | 15:25 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 04731 | श्री गंगानगर | 14:30 | आगरा कैंट | 04:05 | बुधवार | 20.03.24 एवं 27.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य |
| 04732 | आगरा कैंट | 07:05 | श्री गंगानगर | 00:50 | गुरूवार | 21.03.24 एवं 28.03.24 | |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 23:00 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 03:20 | गुरूवार | 19.03.24 एवं 26.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 15:10 | गुरूवार | 21.03.24 एवं 28.03.24 | |
| 04022 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 23:55 | मुजफ्फरपुर | 21:30 | गुरूवार | 21.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04021 | मुजफ्फरपुर | 23:00 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 23:30 | शुक्रवार | 22.03.2024 | |
| 01431 | पुणे | 16:15 | गोरखपुर जं. | 21:00 | शुक्रवार | 22.03.2024 | 3 टियर वाता., एवं शयनयान |
| 01432 | गोरखपुर जं. | 23:25 | पुणे | 06:25 | शनिवार | 23.03.2024 | |
| 01083 | छत्रपति शिवाजी(टर्मि.) | 22:35 | गोरखपुर जं. | 09:30 | शुक्रवार | 22.03.2024 | 3 टियर वाता., एवं शयनयान |
| 01084 | गोरखपुर जं. | 15:30 | छत्रपति शिवाजी(टर्मि.) | 00:40 | रविवार | 24.03.2024 | |
| 04530 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04529 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | |
| 04536 | अम्बाला कैंट | 00:45 | कटिहार जं. | 05:00 | तिथि अनुसार | 22.03.2024 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04535 | कटिहार जं. | 07:00 | अम्बाला कैंट | 11:15 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | |
| 04538 | चंडीगढ़ | 19:15 | कटिहार जं. | 23:45 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04537 | कटिहार जं. | 04:00 | चंडीगढ़ | 09:40 | तिथि अनुसार | 25.03.2024 | |
| 04540 | अम्बाला कैंट | 20:25 | कटिहार जं. | 23:45 | तिथि अनुसार | 21.03.2024 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04539 | कटिहार जं. | 04:00 | अम्बाला कैंट | 09:00 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | |
| 04534 | सरहिन्द | 13:00 | जयनगर | 19:45 | तिथि अनुसार | 22.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04533 | जयनगर | 23:30 | सरहिन्द | 05:15 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# स्टार्टअप क्षेत्र की बाधाओं को दूर करना आवश्यक

भारत को अगर विकसित राष्ट्र बनना है, आर्थिक समृद्धि हासिल करनी है, गरीबी उन्मूलन का लक्ष्य हासिल करना है, तंगहाल से खुशहाल देश बनना है, तो केंद्र सरकार उद्यमशीलता को बढ़ावा देना होगा। बड़े, मझौले व छोटे उद्योंगों के माफिक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना होगा। पूंजी से लेकर नियम-कायदे तक औद्योगिक विकास के अनुकूल बनाना होगा। यूं तो सरकार कॉरपोरेट उद्यम को बढ़ावा दे रही है और एमएसएमई के लिए भी बहुत कुछ कर रही है, लेकिन भारत में स्टार्टअप भारतीय उद्यमशीलता को तेजी से बढ़ा रहा है। जब से केंद्र की राजग सरकार ने स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम लागू किया है, देश में स्टार्टअप्स की तेजी से प्रगति हुई है। स्टार्टअप इंडिया केंद्र सरकार की एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य देश में स्टार्टअप्स और नए विचारों के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है, जिससे देश का आर्थिक विकास हो एवं बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उत्पन्न हों। इस वक्त देश में 1.14 लाख से ज़्यादा रजिस्टर्ड स्टार्टअप्स हैं, इनमें 25,000 से 27,000 सक्रिय टेक स्टार्टअप्स हैं। इसने 12 लाख से ज्यादा नौकरियां पैदा की हैं। 2023 में, निवेश फ़र्मों ने भारतीय स्टार्टअप्स में 8.4 अरब डॉलर का निवेश किया था। देश के स्टार्टअप्स न केवल आर्थिक और व्यावसायिक रूपांतरण को आगे ले जाने की उम्मीद जगाते हैं, बल्कि भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के स्वप्न को साकार करने में एक प्रमुख चालक की भूमिका भी निभाते हैं। आज भारत स्टार्टअप्स के चमकदार 'हॉटस्पॉट' के रूप में उभर रहा है। अमेरिका और चीन के बाद भारत विश्व में प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के तीसरे सबसे बड़े आधार वाला देश है। हालांकि चमचमाती स्टार्टअप्स की कहानी थोड़ी मलिन भी हुई है और पिछले दो-तीन वर्षों में नए स्टार्टअप्स बनने की रफ़्तार में गिरावट भी आई है। अभी भारत महामंडपम में आयोजित स्टार्टअप महाकुंभ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा उद्यमियों और स्टार्टअप से दुनियाभर में आ रही चुनौतियों पर 'वैश्विक अनुप्रयोगों के लिए भारतीय समाधान' पर काम करने का आह्वान किया है। भारत ने कृत्रिम मेधा (एआई), सेमीकंडक्टर और क्वॉन्टम पर तीन मिशन शुरू किए हैं। अस्सी के दशक में सरकारी आलस्य के चलते भारत डॉटकॉम क्रांति में अहम भागीदार नहीं बन सकता, इसलिए आज वह केवल उपभोक्ता है, इसलिए नई डिजिटेक क्रांति में वह मौका चूकना नहीं चाहता है। खास बात है कि नरेंद्र मोदी भविष्य की तकनीक को देख पा रहे हैं और इसलिए इस क्षेत्र में नए निवेश को बढ़ावा दे रहे हैं। एआई में अमेरिका, जापान जैसे देश आगे हैं, सेमीकंडक्टर में दक्षिण कोरिया, ताइवान व चीन आगे हैं, क्वांटम तकनीक में अमेरिका, यूरोप व चीन आगे हैं, भारत इन तीनों क्षेत्र में अपनी पैठ मजबूत करना चाहता है। तीनों मिशन इसमें मदद करेंगे। स्टार्टअप के महत्व को मान्यता, अटल नवाचार मिशन, प्रौद्योगिकी व टेक प्रोफेशनल्स क्षमता की उपलब्धता, जोखिम लेने का जुनून, सरकाकी ओर से नीतिगत पहल व कॉरपोरेट सहयोग आदि भारतीय स्टार्टअप के तेज़ उभार के कारण हैं। हालांकि इनकी राह में अनेक चुनौतियों भी हैं। वित्त पोषण, डेटा लोकलाइजेशन, थर्ड पार्टी सर्वर, कई भारतीय यूनिकॉर्न के विदेशी अधिवास, डीपटेक व हेल्थकेयर सेक्टर में स्टार्ट कैपिटल का अभाव, स्किल्ड व ट्रेंड प्रोफेशनल्स की कमी, डेटा संरक्षण, भौतिक और डिजिटल कनेक्टिविटी आदि ऐसी चुनौतियां हैं, जिनसे पार पाने के उपायों पर काम करने की जरूरत है।

## सारा संसार



साँची भारत के मध्य प्रदेश राज्य के रायसेन ज़िले में साँची नगर के पास एक पहाड़ी पर स्थित है। स्तूप की नींव महान मौर्य सम्राट अशोक ने तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में रखी थी। उन्होंने स्वयं महान बुद्ध के नश्वर अवशेषों के पुनर्वितरण के उद्देश्य से स्तूप की स्थापना का आदेश दिया था।

## व्यंग्य

सुधाकर आशावादी



# ईवीएम और रुदाली विलाप

वहम की दवा हकीम लुकमान भी नही बना सके। यदि वहम की दवा बन गई होती, तो दिमाग का भी सही से उपचार हो गया होता। दिमाग मे ऊल जुलूल विचार नहीं आते। जरूरत से ज्यादा खुद को पढ़ा लिखा समझने वाले लोग अनपढ़ों जैसी बात नहीं करते। उनकी बातों में तर्क होता। तमसो मा ज्योतिर्गमय के अनुरूप अज्ञानता के अंधेरे को दूर करके जीवन पथ पर ज्ञान का प्रकाश फैलाती है। यह बात पढ़े लिखे के लिए लागू होती है। उस पढ़े लिखे के लिए जो सच में पढ़ने के लिए विद्यालय गया हो। अपनी योग्यता के बल पर जिसने प्रवेश प्राप्त किया हो। बहरहाल मसला गंभीर है। सवाल जब जन प्रतिनिधि चुनने का हो, तो उसके तरीक़े पर भी विचार विमर्श करना पड़ता है। यह सोचना पड़ता है कि ऐसी कौन सी प्रणाली अपनाई जाए, जो निष्पक्ष और न्यायकारी हो, जिसमें मानवीय भूल की संभावना भी न रहे। ऐसी प्रणाली को निर्धारित करने के लिए मैराथन बैठकें होती हैं, अनेक किन्तु-परंतु के उपरांत किसी गंभीर निष्कर्ष तक पहुंचा जाता है, अनेक कसौटियों पर निष्कर्ष को परखा जाता है, तब कहीं जाकर जन प्रतिनिधि चुनने के तरीक़े पर मुहर लगती है। ईवीएम को पारदर्शी चुनाव व्यवस्था के लिए दशकों से प्रयोग में लाया जा रहा है। शुरू-शुरू में ईवीएम विश्वसनीयता के मापदंडों पर खूब खरी उतरी। मशीन का बटन दबाओ और अपने मनमाफिक प्रत्याशी को जिताने में अपनी लोकतांत्रिक भूमिका निभाओ। ईवीएम ने अपना कर्तव्य बखूबी निभाया भी। न जाने कितनी निगरानी में रहकर उसने अपने आपको न्यायकारी, निष्पक्ष बनाए रखा। मास्टर ट्रेनर ईवीएम की बारीकियां समझाते रहे। उसके निष्पक्ष प्रयोग की दुहाई देते रहे। तीन-तीन बार ट्रेनिंग लेते रहे, कि कैसे इसका संचालन करना है। सभी प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं की उपस्थिति में ईवीएम का चुनाव पूर्व परीक्षण करना है। सभी अभिकर्ताओं से उनके प्रत्याशियों के पक्ष में वोट डलवाने हैं, उसके बाद उन्हें परिणाम भी दिखाना है। अभिकर्ताओं के संतुष्ट होने के ईवीएम को क्लियर करना है तथा नए सिरे से ईवीएम को सील करके मतदान प्रारंभ कराया जाता है। रातों की नींद और दिन का चैन भूलकर सरकारी मशीनरी निष्पक्ष चुनाव के प्रति प्रतिबद्ध रहती है, फिर भी यदि किसी व्यक्ति या दल को मतदाता ने स्वीकार नहीं किया, तब वह अपनी हार का ठीकरा ईवीएम के सिर पर फोड़ने से पीछे नहीं रहता। कोई भले मानुष से पूछे कि जनता यदि तुझे नकारेगी तो ईवीएम इसमें क्या करेगी? जहां जनता स्वीकारती है वहां ईवीएम को वफादार और जहाँ जनता नकारती है वहां ईवीएम को बेवफा बताने में देर नहीं लगाते, क्या ईवीएम मतदाता से बूथ कैप्चरिंग कराकर नकारा लोगों को जिताये और अपनी वफादारी का सबूत किसी को दे। ताज्जुब होता है, कि जब खुद को पढ़ा लिखा घोषित करने वाले लोग ईवीएम पर उंगली उठाते हैं और प्रशासनिक राजपत्रित अधिकारियों एवं चुनाव ड्यूटी के नाम पर घर परिवार को छोड़कर पूर्ण निष्ठा से ड्यूटी निभाने वाले सरकारी कर्मचारियों की राष्ट्र निष्ठा पर भी उुगली उठाने से परहेज नहीं करते। विडंबना यह भी है कि पहले हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़कर हारे हुए प्रत्याशी अपनी खीज मिटाते थे। अब चुनाव से पहले ही ईवीएम पर सवाल उठाकर अपनी संभावित हार को स्वीकार करके ईवीएम पर उंगली उठाने में ही भलाई समझने लगे हैं। ऐसे में आमजन उनकी मनोदशा को बखूबी समझता है, किन्तु यह समझने में असमर्थ रहता है कि बार बार आरोप प्रत्यारोप के बीच अग्नि परीक्षा देने वाली ईवीएम खराब है या उस पर उंगली उठाने वालों का दिमाग?

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)



## पड़ोस

डॉ. एन.के. सोमानी


# आसान नहीं शाहबाज की राह

> जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसदों के नारों और हंगामों के बीच शाहबाज शरीफ को गठबंधन सरकार का प्रधानमंत्री चुना गया। तीन बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे शाहबाज दूसरी बार पाकिस्तान की बागडोर संभाल रहे हैं। हालांकि, सत्ता की मजबूरी के चलते परस्पर विरोधी विचारधारा वाले संयुक्त गठबंधन ने एक बारगी तो सरकार बनाकर शाहबाज को पाकिस्तान की कमान सौंप दी है, लेकिन शाहबाज शरीफ की राह उतनी आसान नहीं है। घरेलू और वैश्विक मोर्चे पर कई चुनौतियां उनके सामने है। इन सब चुनौतियों के बीच वे भारत के प्रति क्या रुख अपनाएंगे यह भी देखने वाली बात है।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता शाहबाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में पद संभाल लिया है। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसदों के नारों और हंगामों के बीच शाहबाज शरीफ को गठबंधन सरकार का प्रधानमंत्री चुना गया। तीन बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे शाहबाज दूसरी बार पाकिस्तान की बागडोर संभाल रहे हैं। 336 सदस्यों वाले सदन में शरीफ को 201 मत मिले, जबकि सुन्नी इतेहाद काउंसिल ( जिसे इमरान की पीटीआई का समर्थन हासिल था ) के प्रत्याशी उमर अयूब खान को 92 वोट मिले। अपने विजयी भाषण में शाहबाज ने देश के सामने मौजूदा चुनौतियों का जिक्र करते हुए एक बार फिर कश्मीर का राग छेड़ा। उन्होंने कहा कि कश्मीर में कश्मीरियों का खून बहाया जा रहा है, और पूरी घाटी खून से सुर्ख हो गई हैं ।

पिछले महीने हुए विवादित आम चुनाव के बाद इमरान खान का समर्थन वाले 93 उम्मीदवारों को जीत मिली। दूसरे नंबर पर नवाज शरीफ की पीएमएल-एन रही जिसने 75 सीटें हासिल की। बिलावल भुट्टो की पीपीपी 54 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। 17 सीटें एमक्यूएम को मिली । किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। परिणाम यह हुआ कि पाकिस्तान में एक बार गठबंधन की राजनीति का दौर शुरू हो गया। शाहबाज के बड़े भाई और तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को गठबंधन सरकार के गठन का काम सौंपा गया। इमरान खान की पीटीआई को सत्ता से बाहर रखने के लिए पीएमएल-एन और पीपीपी ने 4 छोटे दलों के साथ गठजोड़ कर शाहबाज शरीफ को दूसरी बात प्रधानमंत्री बना दिया। पीपीपी के अलावा शाहबाज को मुताहिदा कौमी मूवमेंट, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-क्यू, बलूचिस्तान अवामी पार्टी, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-जेड, इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी और नेशनल पार्टी का समर्थन प्राप्त था।

हालांकि, सत्ता की मजबूरी के चलते परस्पर विरोधी विचारधारा वाले संयुक्त गठबंधन ने एक बारगी तो सरकार बनाकर शाहबाज को पाकिस्तान की कमान सौंप दी है, लेकिन शाहबाज शरीफ की राह उतनी आसान नहीं है। घरेलू और वैश्विक मोर्चे पर कई चुनौतियां उनके सामने है। प्रथम, पिछले एक डेढ़ दशक में पाकिस्तान आर्थिक मोर्चे पर बुरी तरह से पिछड़ रहा है। उसकी अर्थव्यवस्था तेजी से गिर रही है। महंगाई आसमान छू रही है। मुद्रास्फीति 30 प्रतिशत की रिकॉर्ड दर से बढ़ रही है। आर्थिक विकास पर विराम लगा हुआ है। राजकोषीय और चालू खाते के दोहरे घाटे का संकट पाकिस्तान पर मंडरा रहा है। पाकिस्तान को डिफॉल्ट होने से बचाने के लिए आईएमएफ के 24,900 करोड़ के राहत पैकेज की समय सीमा इस माह के अंत में खत्म होने वाली है। द्वितीय, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के अलावा गठबंधन के साथ तालमेल बैठाना दूसरी बड़ी चुनौती है। हालांकि सत्ता की मजबूरी भुट्टो और शरीफ को एक साथ तो ले आई है, लेकिन जिस तरह से भुट्टो और शरीफ परिवारों के बीच



राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की स्थिति रही है, उस देखते हुए गठबंधन की उम्र क्या होगी यह कहा नहीं जा सकता है। पिछली बार भी दोनों के बीच अनुभव कोई बहुत ज्यादा अच्छे नहीं रहे। दूसरी ओर अनेक कानूनी बाधाओं के बावजूद इमरान खान अब भी लोकप्रिय है और अधिकाशतः उनकी पार्टी से जुड़े 'निर्दलियों' का वर्चस्व बना हुआ है। ऐसे में संसद के भीतर भी जब सरकार विरोधी स्वर उठते दिखाई देंगे। तृतीय, चूंकि शाहबाज फौज की मदद से सत्ता में आए हैं। फौज ने भी चुनाव में इमरान को हराने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाया। उन्हें चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य करार दिया। यहां तक की उनकी पार्टी का चुनाव चिह्न भी छीन लिया गया था। ऐसे में शाहबाज शरीफ को पूरी तरह से सेना पर निर्भर रहना पड़ेगा। हालांकि, अभी सेना का जो रुख है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि अगले एक-डेढ़ साल तक सेना शाहबाज को डिस्टर्ब नहीं करेगी। सेना भी चाहती है कि पाकिस्तान में राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित हो जिससे देश में निवेश बढे और अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट सके। चौथी चुनौती सरकार की वैधता को लेकर है। विपक्ष सरकार पर चुनाव में जबरदस्त धांधली किए जाने का आरोप लग रहा है। मामला न्यायालय में है। इन आरोपों के कारण अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति जो बाइडेन से आग्रह किया है कि अदालत का फैसला आने तक पाकिस्तान सरकार को मान्यता प्रदान न करे। बाइडेन के लिए इन सांसदों की मांग इसलिए मायने रखती है, क्योंकि अमेरिका में इसी साल प्रेसिडेंशियल इलेक्शन होने हैं, और बाइडेन के लिए इन सांसदों का समर्थन हासिल करना जरूरी है। पांचवीं और सबसे अहम चुनौती है भारत के साथ संबंधों का सुधारना। अगस्त 2019 में जब भारत ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली धारा 370 को हटाया था उसके बाद से भारत व पाकिस्तान के संबंध पूरी तरह से पटरी से उतरे हुए हैं। यहां तक कि दोनों देशों ने अपने-अपने उच्चायुक्तों को भी वापस बुला लिया था, लेकिन अब पिछले कुछ माह से पाकिस्तान ने भारत के साथ ठंडे पड़े कूटनीतिक रिश्तों में जान फूंकने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। संबंध बेहतर करने की दिशा में पहल करते हुए पाकिस्तान ने साद अहमद वाराअच को नई दिल्ली के पाकिस्तान हाई कमीशन में नया चार्ज डी अफेयर्स (सीडीए) बनाकर भेजा है। अब उच्चायुक्त शुरू होने के बाद पाकिस्तान ने इसी साल यहां राष्ट्रीय दिवस आयोजित करने का निर्णय लिया है। नई दिल्ली स्थित दूतावास परिसर में होने वाले इस आयोजन में कई विदेशी राजनयिक और भारतीय शामिल होते हैं। पाकिस्तान हर साल 23 मार्च को अपना राष्ट्रीय दिवस मनता है। पिछले चार साल से दोनों देशों के संबंध ठंडे बस्ते में होने के कारण इसका आयोजन नहीं हो सका था।

कुल मिलाकर कहा जाए तो पाकिस्तान द्वारा पहले सीडीए भेजना और अब नई दिल्ली में अपना राष्ट्रीय दिवस मनाना दो ऐसे कदम हैं, जिन्हें पाकिस्तान द्वारा भारत के साथ राजनयिक संबंध सुधारने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। इतना ही नहीं नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शाहबाज ने विदेश नीति का विजन रखते हुए समानता के सिद्धांत के आधार पर पड़ोसी देशों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने की बात भी कही है, लेकिन सवाल यह है कि जिस तरह शाहबाज शरीफ और बिलावल भूट्टो इमरान खान को सत्ता से दूर रखने के लिए सेना की गोद में बैठे हैं और प्रधानमंत्री चुने जाने के तुरंत शाहबाज शरीफ ने कश्मीर मसले का राग अलपाते हुए वैश्विक समुदाय से कश्मीर पर चुप्पी तोड़ने का आह्वान करते नेशनल एसेंबली में कश्मीरियों और फिलिस्तीनियों की आजादी के लिए प्रस्ताव पारित करने की बात कही है, उसे देखते हुए लगता है कि पाकिस्तान की विदेश नीति फिर से भारत विरोध के एक सूत्री सिद्धांत पर ही आगे बढ़ती हुई दिखाई देगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है समर्पण



संकलित
दर्शन

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणों उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं।

## कभी भी अपने बल पर घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आइए, गौरैया को बचाएं

घर-आंगन को अपनी चह-चह से गुंजायमान कर देने वाली एवं उदास, निराश, हताश तथा दुःख से भरे वातावरण में भी अपनी चहक से रौनक भर देने वाली गौरैया एक सुंदर, सुकोमल, सर्व-मनभावन, फुर्तीली एवं मनुष्यों के आस-पास रहने वाली चिड़िया है। चंचल चितवन वाली चिड़िया गौरैया का फुदकना और चहकना मन को बड़ा लुभाता है। अपनी चीं-चीं (ट्वीट्स) के द्वारा घर-आंगन को मधुर गान-गुंजन से भर देने वाली गौरैया वैसे तो सभी को प्रिय लगती है।

- संदीप शुक्ला, धमतरी

## करंट अफेयर

# अफगानिस्तान के स्कूलों में बिना छात्राओं के शिक्षा सत्र

अफगानिस्तान के विद्यालयों में बुधवार को लड़कियों के बिना नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुआ क्योंकि तालिबान ने छठी कक्षा से आगे की कक्षाओं में लड़कियों की पढ़ाई पर रोक लगा दी है। महिला शिक्षा पर रोक लगाने वाला अफगानिस्तान दुनिया का इकलौता देश है। संयुक्त राष्ट्र बाल एजेंसी के मुताबिक प्रतिबंध से 10 लाख से अधिक लड़कियां प्रभावित हुई हैं। एजेंसी का यह भी अनुमान है कि सुविधाओं की कमी और अन्य कारणों से तालिबान के कब्जे से पहले ही 50 लाख लड़कियां विद्यालय छोड़ चुकी थीं। तालिबान के शिक्षा मंत्रालय ने नए शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत एक समारोह के साथ की जिसमें महिला पत्रकारों को शामिल होने की अनुमति नहीं थी। संवाददाताओं को भेजे गए निमंत्रण में कहा गया है: 'बहनों के लिए उपयुक्त जगह की कमी के कारण, हम महिला पत्रकारों से माफी मांगते हैं।' तालिबान के शिक्षा मंत्री हबीबुल्लाह आगा ने समारोह के दौरान कहा कि मंत्रालय 'धार्मिक और आधुनिक विज्ञान की शिक्षा की गुणवत्ता को यथासंभव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।' तालिबान मदरसों या धार्मिक स्कूलों पर जोर दे रहा है और बुनियादी साक्षरता व गणित के बजाय इस्लामी शिक्षा को तवज्जो दे रहा है।



## ऑफ बीट

# तेजी से बदलता है मध्यम आयु वर्ग का मस्तिष्क

हमारा दिमाग हमारे जीवन में कई मौकों पर इतनी तेजी से बदलता है, मानो जीवन की घड़ी सामान्य से अधिक तेजी से चल रही हो।



बचपन, किशोरावस्था और बुढ़ापा इसके अच्छे उदाहरण हैं। वैसे वयस्क जीवन में अधिकतर समय यह घड़ी काफी नियमित रूप से चलती रहती है। सूर्य के चारों ओर एक चक्कर और उम्र में एक वर्ष का इजाफा। हालाँकि, जीवन में एक ऐसा चरण भी आ सकता है जब मस्तिष्क की घड़ी तेज होने लगती है। मस्तिष्क आपके ध्यान में आए बिना ही बदलाव शुरू कर देता है। यह (आंशिक रूप से) आपके खून में मौजूद चीजों के कारण भी हो सकता है। आपके 40 से 50 के दशक, या 'मध्य उम्र' के दौरान मस्तिष्क की उम्र बढ़ने का यह चरण आपके भविष्य के स्वास्थ्य की भविष्यवाणी कर सकता है। उम्र के साथ हमारी मानसिक क्षमताएं कैसे बदलती हैं, इसका अध्ययन करने वाले मनोवैज्ञानिकों ने पाया है कि उनमें धीरे-धीरे गिरावट आती है, जो हमारे 20 और 30 के दशक में शुरू होती है। हालाँकि, जब लोगों की रोजमर्रा की घटनाओं की याददाश्त का आकलन किया जाता है, तो समय के साथ परिवर्तन मध्य आयु के दौरान विशेष रूप से तीव्र और अस्थिर प्रतीत होता है।

## ट्रेंड

### स्टार्टअप अहम भूमिका निभाएंगे



भारत के स्टार्टअप जगत ने नारी शक्ति को अनेक अवसर दिए हैं। भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में स्टार्टअप अहम भूमिका निभाएंगे। मैं युवाओं से एआई, सेमीकंडक्टर और अन्य अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह करता हूं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### पता लगाना आप कहां हैं



आध्यात्मिकता के रास्ते पर सबसे पहली बात अनुभवात्मक रूप से यह पता लगाना है कि आप अभी कहां हैं। आप जहां हैं वहीं से यात्रा शुरू कर सकते हैं। यदि आप मानवता से ओत-प्रोत हैं, तो दिव्यता को अवतरित होना होगा।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### ध्यान भटकाने के मास्टर



प्रधानमंत्री सिर्फ जनता का ध्यान भटकाने के मास्टर हैं। देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रही है। नौजवान निराश हैं। किसान आत्महत्या कर रहे हैं। महंगाई से लोग अपना घर नहीं चला पा रहे हैं।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

### अच्छे दोस्त, तकिए की तरह



अच्छे दोस्त, तकिए की तरह होते हैं-जब आप थके हुए होते हैं तो आप उन पर आराम करते हैं, जब दुखी होते हैं तो आप उन पर आंसू गिराते हैं, जब क्रोधित होते हैं तो आप उन्हें मुक्का मारते हैं, और जब खुश होते हैं तो आप उन्हें गले लगाते हैं।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# ऊधमपुर से फिर ताल ठोंकेंगे केंद्रीय मंत्री जितेंद्र, कई दिग्गजों को दे चुके करारी मात



लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की घोषणा

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा एक-एक सीट पर तोल-मोल कर रही है। साथ ही हर सीट जीतने की रणनीति बना रही है। जितेंद्र सिंह के साथ ही जम्मू की ही सीट से जुगल किशोर शर्मा को भी टिकट मिला है, लेकिन ज्यादा चर्चा जितेंद्र सिंह की है, क्योंकि वे जम्मू कश्मीर का प्रतिनिधित्व संसद के साथ ही मोदी कैबिनेट में भी करते हैं। मोदी सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के पुराने चुनावी रिकॉर्ड्स की बात करें तो उन्होंने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा ने अपनी पहली लिस्ट जारी की तो उसमें एक नाम पर सभी का ध्यान गया, जो कि सांसद और केंद्रीय मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह था। मंत्री जितेंद्र सिंह मोदी कैबनेट का काफी जाना माना चेहरा है। उन्हें एक बार फिर भाजपा ने जम्मू की ऊधमपुर सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। जितेंद्र सिंह के साथ ही जम्मू की ही सीट से जुगल किशोर शर्मा को भी टिकट मिला है, लेकिन ज्यादा चर्चा जितेंद्र सिंह की है, क्योंकि वे जम्मू कश्मीर का प्रतिनिधित्व संसद के साथ ही मोदी कैबिनेट में भी करते हैं।

मोदी सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के पुराने चुनावी रिकॉर्ड्स की बात करें तो उन्होंने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया है। वर्ष 2014 में ऊधमपुर सीट पर डॉ. जितेंद्र सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद को हराया था। डॉ. जितेंद्र सिंह को 487,369 वोट मिले थे, गुलाम नबी आजाद को 4,26,393 वोट ही पा सके थे। उस समय गुलाम नबी आजाद कांग्रेस के प्रत्याशी थे। यही नहीं, ऊधमपुर सीट पर डॉ. जितेंद्र सिंह ने भाजपा को एक बार फिर जीत दिलाई थी। उन्होंने निकटत प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम आदित्य सिंह को हराया था। जितेंद्र सिंह ने 7,24,311 वोट हासिल किए थे, जबकि दूसरे नंबर पर रहे कांग्रेस नेता विक्रमादित्य सिंह ने 3,67,059 वोट ही हासिल कर पाए थे। दोनों ही बार भाजपा के सामने मुख्य रूप से कांग्रेस ने टक्कर दी है। 2019 में भाजपा से अलग होकर चौधरी लाल सिंह ने इस सीट से चुनाव लड़ा था, उन्हें मात्र 19,049 वोट ही मिले थे।

### भाजपा प्रत्येक सीट पर प्रभावशाली लोगों को दे रही टिकट

इस बीच कई सांसदों के टिकट कटने की भी चर्चा

मेनका पुत्र वरुण गांधी को अब तक टिकट नहीं






### उधर, मेनका गांधी का भी कटेगा टिकट?

सुल्तानपुर सीट से मेनका गांधी के नाम को लेकर भी हो रही है और ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा उनकी जगह अब प्रेम शुक्ला को मैदान में उतारा जा सकता है। प्रेम शुक्ला शिवसेना से भाजपा में आए थे और वह शिवसेना के हिन्दी मुखपत्र के संपादक भी रहे हैं। फिलहाल पार्टी ने आधिकारिक घोषणा नहीं की है लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि मेनका गांधी की जगह उन्हें उम्मीदवार बनाया जा सकता है।

पशुपति का इस्तीफा मंजूर

## अब रिजिजू ने संभाला खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

बिहार में हाजीपुर से लोक जनशक्ति पार्टी (आरएलजेपी) के सांसद पशुपति कुमार पारस ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से अपना नाता तोड़ लिया है। उन्होंने मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था।



अब उनके इस्तीफे को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया। साथ ही आदेश दिया है कि केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को उनके मौजूदा पोर्टफोलियो के अलावा, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का प्रभार सौंपा जाए। राष्ट्रपति भवन ने बुधवार को कहा कि पृथ्वी विज्ञान मंत्री रिजिजू को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उन्होंने बुधवार दोपहर अतिरिक्त प्रभार संभाला। पारस ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर बिहार में लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर बातचीत में अपनी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी को शामिल नहीं करके उसके साथ नाइंसाफी करने का आरोप लगाया था।

## पप्पू यादव के कांग्रेस प्रवेश से बिहार अध्यक्ष अखिलेश सिंह नाराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पप्पू यादव के कांग्रेस में शामिल होने की खबर न तो बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह को दी गई थी, न ही उनकी रजामंदी ली गई। सूत्र बता रहे हैं कि आलाकमान के इस निर्णय से अखिलेश सिंह ने नाखुशी जता दी है। अपना विरोध दर्ज कराने वो पप्पू यादव, उनके बेटे सार्थक यादव और पप्पू यादव का दल, जनाधिकार पार्टी के विलय समारोह में नहीं पहुंचे। अलबत्ता, बिहार कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान एआईसीसी के मंच पर बिहार प्रभारी मोहन प्रकाश, प्रवक्ता पवन खेड़ा के साथ पप्पू यादव की पार्टी के विलय समारोह में शामिल रहे। कांग्रेस में विलय से पहले पप्पू यादव ने राजद सुप्रीमो लालू यादव से पटना में मुलाकात की। उन्होंने कांग्रेस में जॉइन करने के प्रियंका गांधी वाड्रा के न्योते पर उनका शुक्रिया अदा किया। राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्षता मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम उन्होंने कई बार लिया, मगर सोनिया गाँधी को वो विसरा गए। कांग्रेस में आते ही पप्पू यादव ने पीएम मोदी और भाजपा पर हमला किया। बोले, अब राहुल देश भर में लोगों का दुख दर्द सुनने के बाद पीएम बनने लायक उपयुक्त चेहरा हैं। बिहार के सीमांचल, कोसी और मिथिलांचल की लोकसभा सीटों पर पप्पू यादव का अच्छा प्रभाव है। वो 5 बार लोकसभा के सांसद रहे हैं। उनकी पत्नी रंजीत रंजन कांग्रेस से राज्यसभा सांसद हैं। इस बार पप्पू यादव पूर्णिया से कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में मैदान में होंगे। पप्पू यादव की जन अधिकारी पार्टी का कांग्रेस में विलय हो गया है। इस सियासी घटनाक्रम से अखिलेश सनाराज बताए जा रहे हैं। बिहार इंचार्ज मोहन प्रकाश ने उनकी नाराजगी को दूर करने के लिए मुलाकात के लिए बुलाया है। खेड़ा ने कहा कि 'जन अधिकार पार्टी' और पप्पू यादव किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। पप्पू यादव एक कद्दावर नेता हैं, वे आज कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व, नीतियों और दिशा से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। वे 'जन अधिकार पार्टी' का भी कांग्रेस में विलय कर रहे हैं, ये विलय ऐतिहासिक है। कांग्रेस में विलय के बाद पप्पू यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि आज से आजीवन कांग्रेस के साथ हैं। देश के भविष्य राहुल गांधी को पीएम बनाना लक्ष्य है। युवा, किसान, महिला, वंचित समाज को न्याय दिलाना संकल्प है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा नहीं लड़ेंगी लोकसभा चुनाव

### शायद ही चुनाव में ज्यादा कामयाबी मिले



हिमाचल प्रदेश में अपने छह विधायकों की बगावत से जूझ रही कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव में सूबे की चार सीटों पर उम्मीदवार तय करने के लिए मंथन कर रही है। माना जा रहा इसी हफ्ते केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में चारों उम्मीदवारों के नाम घोषित हो सकती है। सभी सीटों से नए चेहरों से चुनाव लड़ाने की तैयारी चल रही है। खास बात यह है कि मंडी सीट से मौजूदा सांसद व पूर्व सीएम दिवंगत वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह ने दोबारा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है।

#### हाईकमान को दे दी सूचना

प्रतिभा सिंह ने बुधवार को शिमला में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि किसी भी चुनाव में पार्टी के कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रहती है। वह बार-बार सरकार से गुहार लगाती रही कि कार्यकर्ताओं को महत्व देना जरूरी है। तभी हम चुनाव में अच्छे से अपने प्रतिद्वंद्वी का मुकाबला कर सकते हैं। मैंने पूरे प्रदेश का दौरा किया और फील्ड में रही। लेकिन अब हालात ऐसे बने हैं कि हमें शायद ही लोकसभा चुनाव में ज्यादा कामयाबी मिले। प्रतिभा सिंह ने कहा कि उन्होंने मंडी सीट से उम्मीदवार के तौर पर अपना नाम वापस ले लिया है। उन्होंने कहा कि हाईकमान को बता दिया है कि मैं मंडी से चुनाव नहीं लडूंगी। पार्टी किसी को भी उम्मीदवार बना सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का ओहदा है और ऐसे में वह महज एक लोकसभा सीट पर केंद्रित नहीं रह सकती।

बसपा को कई जगहों से लगा झटका, बगावत नहीं रुक रही

## बसपा सांसद दानिश कांग्रेस में शामिल



कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर, राजस्थान में भाजपा और यूपी से बसपा को तगड़ा झटका दिया है। यूपी के अमरोहा से बसपा सांसद दानिश अली कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। उन्हें दिल्ली में पवन खेड़ा समेत कई कांग्रेस नेताओं ने पार्टी में शामिल कराया। दानिश अली को कांग्रेस अमरोहा से अपना उम्मीदवार बना सकती है।वहीं, भाजपा नेता लाल सिंह बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। लाल सिंह जम्मू-कश्मीर के पूर्व मंत्री रहे हैं। उन्होंने दिल्ली में पवन खेड़ा की मौजूदगी में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर जम्मू-कश्मीर के कांग्रेस नेता भी मौजूद रहे।

पल्लवी ने अखिलेश को किया किनारे

### तीन सीटों पर अकेले लड़ेंगी चुनाव



लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों के इंडि अलायंस को बड़ा झटका लगा है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सहयोगी अपना दल (कमेरावादी) अब इंडि गठबंधन से अलग अकेले चुनाव लड़ेगी। पल्लवी कमेरावादी ने फूलपुर, कौशांबी और मिर्जापुर सीट पर उम्मीदवार उतारेगी। पल्लवी सपा के टिकट पर चुनाव जीतकर विधायक हैं। राज्यसभा चुनाव में यादव के टिकट बंटवारे से नाराज होकर पल्लवी ने सपा के सिर्फ एक प्रत्याशी को पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक के नाम पर वोट किया था।

---

## खबर संक्षेप

### नीट होगा रद्द, राज्यपाल की शक्ति घटेगी: स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने कहा कि नीट एग्जाम को हटा दिया जाएगा। समान



नागरिक संहिता और नागरिकता संशोधन कानून को लागू नहीं किया जाएगा। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी लाने की भी बात कही है। उन्होंने कहा है कि रेलवे के लिए अलग से बजट लाया जाएगा। चेन्नई में सुप्रीम कोर्ट की बेंच स्थापित की जाएगी।पुडुचेरी को राज्य का दर्जा देंगे।

### आयकर विभाग ने टीएमसी नेता के आवास पर छापा मारा


**कोलकाता।** आयकर विभाग की जांच शाखा के अधिकारियों ने टीएमसी नेता स्वरूप विश्वास के



आवास पर बुधवार को छापा मारा। स्वरूप पश्चिम बंगाल के बिजली मंत्री अरूप विश्वास के भाई हैं। उन्होंने बताया कि अधिकारी कर चोरी और आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में शहर में स्वरूप के छह परिसरों पर तलाशी अभियान चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान सुबह शुरू किया गया है।

### सैनी दो पदों पर नहीं हो सकते, सरकारें जवाब दें

**चंडीगढ़।** हरियाणा के नए सीएम नायब सिंह सैनी को लेकर पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में एक



याचिका की गई है। याचिका में कहा कि सैनी सीएम और सांसद दोनों ने नहीं हो सकते हैं। हाई कोर्ट ने सैनी की हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र और हरियाणा सरकार को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है।

कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामला

## हाईकोर्ट में कृष्ण कूप पूजा की अर्जी में सुनवाई टली



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। शाही ईदगाह स्थित कृष्ण कूप की पूजा की अनुमति के आवेदन पर कोर्ट ने सुनवाई की। शाही ईदगाह और मंदिर पक्ष की तरफ से बहस पूरी हो गई है।

मंदिर पक्ष की तरफ से कृष्ण कूप के पूजा की तस्वीर पेन ड्राइव में मस्जिद पक्ष को दी गई है। मस्जिद कमेटी के वकीलों को इसका जवाब देना होगा। कोर्ट ने मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग वाले वाद की पोषणीयता को चुनौती देने के संबंध में सुनवाई बुधवार को टाल दी।

#### कृष्ण कूप पर पूजा की मांग

एक अन्य वाद में भी हिंदू भक्तों को कृष्ण कूप पर पूजा करने से नहीं रोकने का मुस्लिम समुदाय को निर्देश जारी करने की मांग की गई। इसका भी मुस्लिम पक्ष द्वारा यह कहते हुए विरोध किया गया कि यह वक्फ बोर्ड की संपत्ति है और आवेदन पोषणीय नहीं है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने मुस्लिम पक्ष के उस आवेदन का विरोध किया जिसमें इस मामले में अदालत के 17 जनवरी के आदेश पर न्याय मित्र के तौर पर नियुक्त मनीष गोयल को हटाने की मांग की गई है।

#### हिंदू पक्ष ने मांगी बासोड़ा पूजा की अनुमति

वादी आशुतोष पांडेय ने कहा है कि हर साल विवादित संपत्ति परिसर में हिंदू भक्तों द्वारा "बासोड़ा पूजा" की जाती है। इस वर्ष यह पूजा एक अप्रैल 2024 को माता शीतला सप्तमी को और दो अप्रैल 2024 को माता शीतला अष्टमी को पड़ेगी। इन तिथियों पर पूर्व की तरह बासोड़ा पूजा की जानी है, जबकि प्रतिवादी कृष्ण कूप में यह पूजा करने से वादकारियों को रोक रहे हैं।

नई पीढ़ी का 'नया चेहरा': शिवपुरी और जबलपुर केस में शर्मशार होते खून के रिश्ते

## 'बच्चे' ही तोड़ रहे 'भरोसा'

### शिवपुरी की लड़की ने खुद ही रची अपहरण की साजिश, जबलपुर की लड़की कातिल प्रेमी संग भागती फिर रही

शिवपुरी की लड़की ने खुद ही हाथ-पैर बांध अपने फोटो खिंचवाए

जयपुर के स्टेशन पर छात्रा दो लड़कों के साथ दिखी



युवा पीढ़ी किस दिशा में जा रही है इसका अंदाजा हाल ही में हुई दो घटनाओं से लगाया जा सकता है। पहली घटना शिवपुरी की उस लड़की की है जिसके कथित अपहरण और फिरौती के वायरल वीडियो ने सनसनी फैला दी। दूसरी घटना जबलपुर की है,जहां आरोपी लड़की ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पिता और 8 साल के छोटे भाई को मौत के घाट उतार दिया। दोनों रफूचक्कर हो गए।

### जबलपुर वाले केस में पुलिस की आठ टीमें आरोपियों की तलाश कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी/जबलपुर

सीसीटीवी के फुटेज और पुलिस की जांच में दोनों की करतूत उजाकर हो गई। शिवपुरी की छात्रा की कोटा से किडनैपिंग के मामले में खुलासा हुआ है। छात्रा ने दोस्तों के साथ खुद के अपहरण की साजिश रची थी। वह विदेश जाना चाहती थी। कोटा में नीट की तैयारी कर रही काव्या धाकड़ (20) के अपहरण का मामला सोमवार को सामने आया था। वह शिवपुरी के बैराड़ की है।



शिवपुरी की लड़की दो लड़कों के साथ घूमती दिखी

1 कोटा एसपी ने लड़की की सूचना देने वाले को 20 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की

2 सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल की लोकेशन के आधार पर पुलिस को पता चला है कि जबलपुर की लड़की विशाखापट्टनम के रास्ते में है

#### जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पर दो लड़कों के साथ दिखी छात्रा

*छात्रा को जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पर देखा गया था। 18 मार्च का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें वह दो लड़कों के साथ जाती हुई दिखाई दे रही है। कोटा पुलिस भी यहां जांच करने पहुंची है। सीसीटीवी के आधार पर युवती की लोकेशन के बारे में पता लगाया जा रहा है। कोटा एसपी ने लड़की की सूचना देने वाले को 20 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की थी। लेकिन अब इस मामले में खुलासा हो गया है।*

*शिवपुरी के बैराड़ निवासी रघुवीर धाकड़ ने बताया था कि बेटी को सितंबर 2023 में नीट की तैयारी के लिए कोटा छोड़कर गए थे। विज्ञान नगर स्थित एक कोचिंग संस्थान में उसका एडमिशन करवाया था। इसी इलाके में उसे रूम भी दिलवाया था। आखिरी बार बेटी दीपावली पर घर आई थी।*

#### पुणे से होते हुए विशाखापट्टनम रूट पर मिल रही लोकेशन



जबलपुर में पिता और छोटे भाई की हत्या के पांच दिन बाद भी 16 साल की लड़की अपने बॉयफ्रेंड के साथ फरार है। हत्या के बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए दोनों लगातार लोकेशन बदल रहे हैं। लड़की के बारे में यह जानकारी भी सामने आई है कि उसने पिता के खिलाफ जाकर आरोपी बॉयफ्रेंड का साथ दिया था। उसी के बयान के आधार पर आरोपी मुकुल सिंह रेप के मामले में 15 दिन बाद ही जमानत पर छूटकर जेल से बाहर आया था। पुलिस को संसाधनों से पता चला है कि वह विशाखापट्टनम के रास्ते में हैं।

उद्धव गुट के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता राउत के बिगड़े बोल

## पीएम के गांव के पास हुआ था औरंगजेब का जन्म

### महाराष्ट्र के बुलढाणा में लगाया आरोप, कहा कि वैसी ही सोच है

एजेंसी ▶▶ बुलढाणा

उद्धव ठाकरे गुट के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता संजय राउत अकसर बड़बोले बयान देते हैं। कई बार उन्हें इसे लेकर विवादों का भी सामना करना पड़ा है। अब उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर विवादित बयान देते हुए औरंगजेब से उनकी तुलना कर दी है।

महाराष्ट्र के बुलढाणा में एक कार्यक्रम में राउत ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के गांव के पास ही औरंगजेब का जन्म हुआ था। इसलिए पीएम मोदी की औरंगजेब जैसी सोच है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के तहत महाराष्ट्र पर चढ़ाई की जा रही है। संजय राउत जब पीएम मोदी को लेकर यह टिप्पणी कर रहे थे, उस दौरान उद्धव ठाकरे भी मंच पर मौजूद थे।

#### औरंगजेब की मानसिकता जैसा हो रहा हमला



राज ठाकरे के भाजपा संग जाने की अटकलों के बीच राउत ने यह टिप्पणी की है। माना जा रहा है कि इसी घटनाक्रम के चलते उद्धव ठाकरे गुट में हलचल की स्थिति है। राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में शिवाजी पैदा होते हैं और गुजरात में औरंगजेब का जन्म होता है। राउत ने कहा कि पीएम मोदी का जहां जन्म हुआ, उसी के पास औरंगजेब पैदा हुआ था। इसीलिए औरंगजेब की मानसिकता के साथ हमारे ऊपर हमला होता है।

#### इसके पहले भी दे चुके विवादित बयान

इससे पहले भी राउत कई बार विवादित बयान दे चुके हैं। एक इंटरव्यू में भी उन्होंने कहा था कि औरंगजेब गुजरात में पैदा होते हैं और महाराष्ट्र में शिवाजी महाराज का जन्म होता है। 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था।

#### जून 2022 में उनकी पार्टी में ही बगावत हुई

इसके बाद सीएम पद को लेकर दोनों दलों में मतभेद पैदा हो गए थे और उद्धव ने कांग्रेस एवं एनसीपी के साथ सरकार बना ली थी। इसके मुखिया वह खुद बने थे। लेकिन जून 2022 में उनकी पार्टी में ही बगावत हो गई और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में 40 विधायकों ने बगावत कर दी। फिर भाजपा के समर्थन से एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बन गए। इस तरह उद्धव ठाकरे के हाथ से शिवसेना भी चली गई। इसके साथ ही सत्ता भी पास नहीं रही।

जज की टिप्पणी से बिफरा हाईकोर्ट

## सीएम योगी की तारीफ वाली टिप्पणी को कर दिया खारिज

एजेंसी ▶▶ इलाहाबाद

हाई कोर्ट ने मंगलवार को बरेली के अतिरिक्त सत्र जज रवि कुमार दिवाकर की उन टिप्पणियों को खारिज कर दिया। इसमें जज रवि कुमार दिवाकर ने 2010 बरेली दंगे की सुनवाई के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ की सराहना की थी।



न्यायाधीश दिवाकर ने सीएम योगी की तारीफ करते हुए कहा था कि धार्मिक व्यक्ति ही योग्य राजा बन सकता है और अच्छे परिणाम दे सकता है।

#### कर्नाटक हाई कोर्ट ने डॉग्स की 23 नस्लों के केस में लगाई रोक

कर्नाटक हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार के हालिया सर्कुलर के इम्लिमेंटेशन पर रोक दी है। इसमें ह्यूमन लाइफ के लिए खतरनाक 23 नस्लों के कुत्तों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी। जस्टिस एम नागप्रसन्ना ने साफ किया कि यह रोक केवल कर्नाटक राज्य में ही लागू होगी।

# टैक्सी ड्राइवर का बेटा मुस्तफा सुलेमान बना माइक्रोसाफ्ट एआई का सीईओ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिग्गज टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बिजनेस के लिए मुस्तफा सुलेमान को मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बना दिया है।

■ सुलेमान ने 2010 में एआई लैब डीप माइंड नाम की कंपनी शुरू की थी

इसकी जानकारी मुस्तफा सुलेमान ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी है। उनकी टीम माइक्रोसॉफ्ट को एआई प्रोडक्ट्स प्रदान करेगी। यह टीम एज, बिंग और कोपायलट जैसे कई माइक्रोसाफ्ट एआई प्रोडक्ट्स और सर्विस पर काम करेगी। इसके साथ ही मुस्तफा सुलेमान माइक्रोसॉफ्ट के एआई सीईओ के पद के साथ ही कंपनी के सीनियर टीम का हिस्सा रहेंगे। यह टीम सत्या नडेला के अंडर काम करेगी।

## खुद सुलेमान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी जानकारी

### गूगल से विवाद के चलते छोड़ी कंपनी

लैब डीप माइंड के गूगल द्वारा अधिग्रहण के बाद सुलेमान को लंबे वक्त तक इस टीम का हिस्सा नहीं बनाया गया। इसके बाद गूगल से विवाद के चलते सुलेमान ने साल 2022 में कंपनी को छोड़ दिया। अब उन्होंने सत्या नडेला की माइक्रोसॉफ्ट को ज्वाइन कर लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुस्तफा सुलेमान के माइक्रोसॉफ्ट में शामिल होने के बाद से ही कंपनी कई दूसरे लोगों को भी अपनी टीम में शामिल कर सकती है।



### पिता चलाते थे टैक्सी

मुस्तफा सुलेमान का जन्म साल 1984 में यूके में हुआ था। उनके पिता सीरिया में टैक्सी चलाने का काम करते थे और मां यूके में नर्स थीं। उनका बचपन गरीबी में बीता है। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई यूके के थॉर्नहिल प्राइमरी स्कूल से की है। केवल 19 साल की उम्र में उन्होंने यूनिवर्सिटी छोड़ दिया था। साल 2010 में उन्होंने डेमिस हसाबी के साथ मिलकर डीप माइंड एआई कंपनी की शुरुआत की थी।

### गूगल में भी कर चुके हैं काम

मुस्तफा सुलेमान ने साल 2010 में एआई लैब डीप माइंड नाम की कंपनी की शुरुआत की थी। इसके बाद साल 2014 में इस कंपनी का अधिग्रहण गूगल ने कर दिया था। लैब डीप माइंड को माइक्रोसॉफ्ट की एआई का टक्कर देने वाली प्रमुख कंपनियों में से एक है।

## खबर संक्षेप

### सोना 70 रुपए चढ़ा, चांदी में 150 रुपए की तेजी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 70 रुपये की तेजी के साथ 66,320 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 150 रुपये की तेजी के साथ 76,650 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

### फैब इंडिया के होली-प्रेरित कलेक्शन के साथ उत्सव मनाए

**नई दिल्ली।** फैबइंडिया के नवीनतम कलेक्शन के साथ होली के उत्सव में आपको एक उत्साहपूर्ण दुनिया में ले जाने का आनंद मिलेगा, जहां कम्फर्ट और स्टाइल का मनोहारी मिश्रण है। हमने मौसम के खुशीदा रंगों को अपनाकर, पारंपरिक शिल्प को समकालीन शैली में पेश किया है।हमारा आरामदायक कलेक्शन होली की भावना में लीपापोता है, जहां हर वस्त्र आपके उत्सव के अनुभव को और भी विशेष बनाता है। फ्लोइंग कुर्ते और ब्रीज़ी साड़ियों से लेकर शीक कुर्ते और एक्ससरीज़ तक, हर वस्त्र को ध्यान से बनाया गया है।

### भारत का सौर कचरा 2030 तक 600 किलोटन तक पहुंचने की संभावनाः रिपोर्ट

**नई दिल्ली** । भारत का सौर कचरा 2030 तक 600 किलोटन तक पहुंच सकता है। बुधवार को जारी एक शोध रिपोर्ट के अनुसार, यह ओलंपिक आकार के 720 स्वीमिंग पूल (तरणताल) को भरने के बराबर है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और स्वतंत्र शोध संस्थान काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायर्नमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) द्वारा किए गए अध्ययन में कहा गया कि इस कचरे का लगभग 67 प्रतिशत पांच राज्यों- राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु से आएगा।

# बाजार में खराब गुणवत्ता की चाय से छोटे उत्पादक चिंतित

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

■ सीआईएसटीए ने चाय बोर्ड से हस्तक्षेप की मांग की

■ युवाओं के बीच खपत बढ़ाने अभियान चलाया जाए

छोटे चाय उत्पादकों के संगठन कनफेडरेशन ऑफ इंडियन स्मॉल टी ग्रोअर्स एसोसिएशन (सीआईएसटीए) ने बाजार में कथित तौर पर खराब गुणवत्ता वाली चाय की बाढ़ पर चिंता व्यक्त की है और इस संबंध में चाय बोर्ड के हस्तक्षेप का आग्रह किया है। चाय बोर्ड के चेयरमैन ए एस भाटिया को लिखे एक पत्र में सीआईएसटीए के अध्यक्ष बिजॉय गोपाल चक्रवर्ती ने कहा कि चाय पीने के स्वास्थ्य लाभों पर केंद्रित एक सामान्य अभियान उन युवाओं के बीच खपत को बढ़ावा देने के लिए चलाया जाना चाहिए जो शीतल पेय और कॉफी पीने के लिए अधिक आकर्षित होते हैं। एसोसिएशन ने पत्र में कहा, 'हमने देखा है कि घरेलू बाजार में खराब गुणवत्ता वाली चाय की बाढ़ आ गई है और इन्हें बहुत कम कीमत पर बेचा जा रहा है। खराब गुणवत्ता वाली चाय का निर्माण और पैकेजिंग तुरंत बंद की जानी चाहिए। सीआईएसटीए ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय ने चाय के सामान्य अभियान के लिए बजट बढ़ाया है जो समय की मांग है। पत्र में कहा गया है, 18 वर्ष से 22 वर्ष के आयु वर्ग के युवा चाय पीने से बहुत दूर हैं और शीतल पेय और कॉफी के प्रति अधिक आकर्षण रखते हैं।

# भारत में बढ़ रही है असमानता, सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी के पास 40 प्रतिशत संपत्ति

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

■ भारत की शीर्ष एक प्रतिशत आमदनी हिस्सेदारी दुनिया में सबसे अधिक है। यह दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और अमेरिका से भी अधिक है।"

भारत में 2000 के दशक की शुरुआत से आर्थिक असमानता लगातार बढ़ रही है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 में देश की सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी की आय में हिस्सेदारी बढ़कर 22.6 प्रतिशत हो गई है। वहीं संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी बढ़कर 40.1 प्रतिशत हो गई है। 'भारत में आमदनी और संपदा में असमानता, 1922-2023: अरबपति राज का उदय' शीर्षक वाली रिपोर्ट कहती है कि 2014-15 और 2022-23 के बीच शीर्ष स्तर की असमानता में वृद्धि विशेष रूप से धन के केंद्रित होने से पता चलती है। यह रिपोर्ट थॉमस पिकेटी (पेरिस स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स एंड वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब), लुकास चांसल (हार्वर्ड कैनेडी स्कूल एंड वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब) और नितिन कुमार भारती (न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी और वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब) द्वारा लिखी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, "2022-23 तक सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों का आय और संपदा में हिस्सा ऐतिहासिक उच्चस्तर क्रमशः 22.6 प्रतिशत और 40.1 प्रतिशत पर था। भारत की शीर्ष एक प्रतिशत आमदनी हिस्सेदारी दुनिया में सबसे अधिक है। यह दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और अमेरिका से भी अधिक है।" रिपोर्ट में कहा गया कि शुद्ध संपत्ति के नजरिये से भारतीय आयकर प्रणाली प्रतिगामी नजर आती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में आर्थिक आंकड़ों की गुणवत्ता काफी खराब है और हाल ही में इसमें गिरावट देखी गई है। इसमें कहा गया है कि भारत में सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी का आमदनी में हिस्सा ऊंचे स्तर पर है। यह संभवतः सिर्फ पेरू, यमन और कुछ अन्य देशों से ही कम है।



# राज्यमंत्री विशंभर से मिली ईएमसीएच की टीम

**चंडीगढ़।** इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा(ईएमसीएच) के चेयरमैन डॉ विनोद खनगवाल और उनकी टीम ने बुधवार को प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री विशंभर बाल्मीकि से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उनके साथ ऑल इंडिया अल्टरनेटिव मेडिकल काउंसिल इंडिया के चेयरमैन डॉ. महिपाल सिंह, केडीईएच फार्मा की चेयरमैन डॉ. ऊषा खनगवाल, डॉ. ज्ञानचंद सैनी और डॉ. रामलाल भी मौजूद रहे। डॉ खनगवाल ने बताया कि बाल्मीकि ने उन्हें आश्वासन दिया है कि मंत्री पद संभालने के बाद वे इलेक्ट्रोहोम्योपैथी को मान्यता दिलाने के लिए अपनी तरफ से भरपूर प्रयास करेंगे।

# Juit का एनकिंडल क्लब रोबोटिक आर्म टेक्नोलॉजी वर्कशॉप के साथ नवाचार को प्रज्ज्वलित करता है

**नई दिल्ली।** जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के एनिकंडल क्लब ने 18 मार्च 2024 को प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए "इनोवेशन इन मोशन : रोबोटिक आर्म टेक्नोलॉजी" कार्यशाला का उद्घाटन किया। यह तीन दिवसीय कार्यशाला है जो आज उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुई। अगले दो दिन रोबोटिक आर्म असेंब ली और कोडिंग पर व्यावहारिक सत्र होंगे। सीएसई/आईटी विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. डॉ. राजेंद्र कुमार शर्मा, अकादमिक और अनुसंधान के डीन प्रो. डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, एसोसिएट डीन इनोवेशन प्रो. डॉ. श्रुति जैन और सीएसई/आईटी विभाग के प्रमुख प्रो. डॉ. विवेक कुमार सहगल और संकाय समन्वयक डॉ. अमन शर्मा और डॉ. दीक्षा हुडा।



# रोजगार सृजन के लिए आठ प्रतिशत की वार्षिक ग्रोथ दर रखने की जरूरत : सुब्रमण्यम

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत को गरीबी और असमानता को कम करने तथा पर्याप्त संख्या में नौकरियों के सृजन के लिए निरंतर आधार पर आठ प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक कृष्णमूर्ति वेंकट सुब्रमण्यम ने यह बात कही है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023 की अंतिम तिमाही में उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। यह पिछले डेढ़ साल में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। ओएमआई फाउंडेशन के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार सुब्रमण्यम ने कहा, ''भले ही हम सात प्रतिशत की दर से बढ़ें, हमें इससे संतुष्ट नहीं होना चाहिए। हमें आठ प्रतिशत और उससे अधिक की दर हासिल करने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि देश को बहुत सारा बुनियादी ढांचा बनाने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा कि आठ प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने से हमारे पास बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा करने की क्षमता होगी। इससे गरीबी और असमानता घटेगी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर में वृद्धि दर पिछले तीन वर्षों की 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर से अधिक है। इसके चलते चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत करने में मदद मिली है।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भः i) निविदा सूचना संख्या 81 / 2023–2024 दिनांक 05.01.2024 क्रमांक सं. 13**

**ii) निविदा संख्या 07235090 20.03.2024 को देय है।**

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, निविदा संख्या 07235090 के खुलने की नियत तिथि 20.03.2024 से बढ़ाकर 18.04.2024 और निम्नलिखित शुद्धिपत्र जारी किए गए हैं।

**(1)** बोली–पूर्व प्रश्नों के उत्तर। **(2)** विशेष स्थिति और आरडीएसओ विनिर्देश के संबंध में शुद्धिपत्र। **(3)** उत्तरदायित्व की स्थितियाँ।

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

892/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# रिजर्व बैंक के गवर्नर, सेबी की चेयरपर्सन ने वित्त मंत्री सीतारमण से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार मुलाकात की। वित्त मंत्री के साथ दास की यह बैठक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक से करीब एक पखवाड़ा पहले हुई है। सीतारमण के कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि वित्त मंत्री ने शेयर बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच के साथ भी बैठक की है। ये बैठकें ऐसे समय में हो रही हैं जब उद्योग जगत ब्याज दरों में कटौती की मांग कर रहा है और शेयर बाजारों में भारी अस्थिरता देखी जा रही है। आरबीआई ने फरवरी, 2023 से प्रमुख नीतिगत दर या रेपो को 6.5 प्रतिशत के उच्चस्तर पर कायम रखा है। माना जा रहा है कि एमपीसी की बैठक में एक अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति और वृद्धि की परिदृश्य पर अनुमान पेश किया जाएगा।

# रिजर्व बैंक ने डीसीबी बैंक पर लगाया जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने 'अग्रिम पर ब्याज दर' से संबंधित कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए डीसीबी बैंक और तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक पर जुर्माना लगाया है।डीसीबी बैंक पर 63.6 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया गया है।

# सेंसेक्स 90 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों के मजबूत रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और एसबीआई के शेयरों में लिवाली से बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि, रुपये में गिरावट और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली दबाव से बाजार का लाभ सीमित रहा। अत्यधिक उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 89.64 अंक की बढ़त के साथ 72,101.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 72,402.67 अंक के ऊपरी स्तर और 71,674.42 अंक के निचले स्तर को भी छुआ। निफ्टी 21.65 अंक की बढ़त के साथ 21,839.10 अंक पर बंद हुआ। भारतीय बाजार बढ़त में रहे। घरेलू संस्थागत निवेशकों के मजबूत रुख ने बाजार में तेजी को रफ्तार दी। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए।



■ रिलायंस, आईटीसी और एसबीआई में रही खरीदारी

■ छोटे कंपनियों के शेयरों में रही बिकवाली

*इन शेयरों में रही घट-बढ़*

*सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति सुजुकी, नेस्ले, पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं। दूसरी तरफ टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।*

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका **नाम** : नामालूम, **पुत्र**: नामालूम, **निवासी**: नामालूम **उम्र** : लगभग 50—55 साल, **कद** : 5'5", **रंग** : सांवला, **चेहरा** : अंडाकार, **शरीर** : मजबूत, **चोट** : दोनों हाथ और पैर टूटे व सर कुचला हुआ है **कपड़े** : सफेद व नीले रंग की लाइनिंग टी–शर्ट पहने हुए है, जो दिनांक 19.03.2024 को किमी. पोल नं. 7/31जी व 7/34जी के बीच, नई दिल्ली से गाजियाबाद की तरफ जाने वाली डाउन लाइन, दिल्ली में मृत अवस्था में पाया गया है। इस संदर्भ में डीडी संख्या 01ए दिनांक 19.03.2024 थाना आनन्द विहार रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है। इसके शव को जीटीबी अस्पताल, दिल्ली के मुर्दाघर में सुरक्षित रखा गया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें—

**थानाध्यक्ष :**
**थाना आनन्द विहार**
**रेलवे स्टेशन, दिल्ली**
**दूरभाष सं. 011-22145602, 9910034670, 8750871314**

DP/3355/RLY/2024

## ज्योतिष

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये

नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन–दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते–बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि

**दीपक शास्त्री**

E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली–59

**8586896357**

**सूचना**

**सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**

## जॉब

☞ भारतीय वनविभाग ने निकाला वामपर ऑफर, वनविभाग में 5070 सीट पर सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट वैसेस पर (10th, 12th पास) लड़का लड़कियां आवेदन करें, पद- फॉरेस्टगार्ड क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी-(28670 से 35670), कॉल या व्हाट्सअप करे-9046968782

# फोन या कार्ड की जरूरत नहीं, अब स्मार्टवॉच से होगा पेमेंट

■ यूजर्स एक दिन में 1 रुपए से लेकर 25 हजार रुपए तक का पेमेंट कर सकेंगे

**नई दिल्ली।** पेमेंट करने के लिए आपको अब जेब से फोन निकालने या फिर पर्स निकालने की जरूरत नहीं पड़ेगी और केवल स्मार्टवॉच से बात बन जाएगी। भारतीय यूजर्स को पेमेंट का सबसे आसान विकल्प देने के लिए वियरेबल ब्रैंड नोइस ने एयरटेल पेमेंट बैंक और मास्टरकार्ड के साथ पार्टनरशिप की है। नई एयरटेल पेमेंटबैंक स्मार्टवॉच की मदद से यूजर्स कॉन्टैक्टलेस पेमेंट्स कर सकेंगे। एयरटेल पेमेंट बैंक स्मार्टवॉच के साथ यूजर्स को कलाई पर ही टैप-एंड-पे का विकल्प मिल गया है। इस वॉच में मिलने वाला एनएफसी चिप ग्लोबल पेमेंट कंपनी मास्टरकार्ड के नेटवर्क को सपोर्ट करता है। इस तरह आसानी से रीटेल पार्टनर्स, पीओएस टर्मिनल्स और बाकी टच पॉइंट्स पर भुगतान करना आसान होगा। यूजर्स एक दिन में 1 रुपये से लेकर 25,000 रुपए तक का पेमेंट इस वॉच के जरिए कर सकेंगे।

### 10 दिनों की बैटरी लाइफ

स्मार्टवॉच में 130 स्पोर्ट्स मोड्स का सपोर्ट दिया गया है। इसके अलावा एयरटेल पेमेंट बैंक वॉच आईपी68 डस्ट और वाटर रेसिस्टेंस ऑफर करती है। इसमें ब्लूटूथ कॉलिंग फंक्शनैलिटी का फायदा मिल जाता है और फुल चार्ज होने पर 10 दिनों तक की बैटरी लाइफ मिलने का दावा ब्रैंड की ओर से किया गया है। इसमें पेमेंट के लिए यूजर को अपना सेविंग अकाउंट एयरटेल थैंकस ऐप में जाकर लिंक करना होगा।

**गुमशुदा की तलाश**



कनिष्क

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका **नामः** कनिष्क, **पुत्रीः** अनिल कुमार, **पताः** मकान नं. 494, जाट वाली गली, नजफगढ़ रोड, नांगलोई, दिल्ली, **उम्रः** 20 साल, **कदः** 5'3", **रंगः** गोरा, **शरीरः** मज़बूत, **चेहराः** गोल, **पहनावाः** गुलाबी रंग का सूट और पैरों में जूती पहने है, जो दिनांक 13.03.2024 से अपने घर से लापता है। इस बाबत **DD No. 67A, दिनांकः 14.03.2024, थानाः नांगलोई, दिल्ली** में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

**फोनः 011-24368638, 24368641**
**वेबसाईटः http://cbi.nic.in**
**ई–मेलः cic@cbi.gov.in**
**फैक्सः 011-24368639**
**DP/3045/OD/2024**

**थाना प्रमुख**
**पुलिस स्टेशनः नांगलोई, दिल्ली**
**फोनः 011–25949470, 9811055130**

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। कारोबार में अभी कठिनाइयां बनी रहेंगी। सचेत रहें। कोई नया निवेश करने से बचें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में संयत रहें। कारोबार विस्तार के लिए परिवार से आर्थिक सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** — मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में विदेश यात्रा पर जा सकते हैं।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। मन अशान्त रहेगा। संयत रहें। परिवार में व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां तो रहेंगी, लेकिन परिश्रम भी अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।


**धनु** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु अतिउत्साही होने से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

## शब्द पहेली - 5459



**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर–2
3.बड़ी सवारी गाड़ी–2
5.डोर–2
7.हरे रंग का–2
9.शक,संदेह–3
11.विस्फोटक –2
13.बड़ी नाली–2
15.नमस्कार,नमस्ते–3
17.प्राण–2
19.लक्ष्मी,कमला–2
22.बल,दम–3
24.ठाठ–बाट–2
26.पिता–2
28.कसर–2
30.कुमारी,तरुणी–3
32.जी,चित–2
34.नाखून–2
36.पढ़ने वाला–3
38.उद्देश्य–2
41.मोटा आटा–2
43.नामित–3
45.नर का विलोम–2
47.उर्वरक–2
49.भीगा हुआ–2
51.गिरवी वस्तु–3
53.मनमौजी–2
55.सम्मान–2
57.ले जाने वाला–3
60.आनंद,मजा–2
62.दोस्त,सखा–2
64.निर्माण–3
66.सदैव,हमेशा–2
67.नेत्र,नयन–2
68.आकाश,गगन–2
69.लाख,गोंद–2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी–2)
2.भगिनी,दीदी–3
4.सभी–2
6.गीत गायन–2
8.मार्ग,रास्ता–2
10.मां का दुलार–3
12.आनंद,रस–2
14.थूक,लेस–2
16.अनुकृति–3
18.सरुर,खुमार–2
20.मां,मदर–2
21.घ्राणेंद्रिय–2
23.चरण तल–3
25.भीगा हुआ–2
27.देह,काया–2
29.मछली–2
31.नृत्य करना–3
33.टौंटी,नलका–2
35.गधा,गर्दभ–2
37.कटि–3
39.माफी–2
40.दोस्त,मित्र–2
42.वायु,गैस–2
44.कॉफी–3
46.मूल्य–2
48.जोर,बल–2
50.लक्ष्मी–2
52.जलमार्ग–3
54.स्थिति–2
56.नवीन–2
58.कूड़ा–3
59.नौकर–2
61.सत्य–2
63.दौड़ना–2
65.गर्भनाड़ी–2

### शब्द पहेली- 5458 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ल | ज्ज | त | दा | र | ■ | क | र | त | ब |
| म | त | ■ | क | ■ | ज | टि | ल | ■ | वा | र |
| न | ■ | क | रा | मा | त | ■ | म | य | ■ | ग |
| भा | गी | दा | र | ■ | प | ल | ■ | म | द | द |
| व | ■ | चा | ■ | अ | ट | ल | ■ | ■ | रा | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | मी | ■ | ■ | र | न | र | ■ | ड़ | ■ | म |
| अ | न | ल | ■ | क | र | ■ | अ | क | ब | र |
| म | ■ | ता | क | ■ | क | त | र | ना | ■ | ख |
| रु | ह | ■ | ह | ल | वा | ■ | दा | ■ | आ | ना |
| द | म | दा | र | ■ | स | न | स | ना | ना | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5470

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5469 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## खबर संक्षेप



### भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** खेल और युवा कार्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी की कोशिश में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। 'राइजिंग भारत' सम्मेलन में ठाकुर ने कहा कि मेजबानी की दावेदारी के लिए आमंत्रण के साथ ही भारत इसकी मेजबानी के लिए तैयार होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, 'भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार है।'

### अफगानिस्तान ने की सीए की निंदा

**काबुल।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला स्थगित होने के बाद क्रिकेट आस्ट्रेलिया से उनकी सरकार के दबाव के आगे घुटने नहीं टेकने का आग्रह किया है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को अफगानिस्तान के खिलाफ इस साल अगस्त में होने वाली घरेलू टी20 श्रृंखला स्थगित कर दी। उसने अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के बदतर हालात का हवाला देकर यह फैसला लिया। तल्ख लहजे में लिखे गए पत्र में सीए के इस कदम की निंदा करते हुए एसीबी ने कहा, 'अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड एक और द्विपक्षीय श्रृंखला स्थगित करने के क्रिकेट आस्ट्रेलिया के फैसले से निराश है। हम क्रिकेट को राजनीतिक प्रभाव से दूर रखने की पैरवी करते हैं।'

### राहुल अच्छा खेलता है तो टी20 टीम में मिलेगी जगह

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का मानना है कि अगर केएल राहुल टीम को पहला आईपीएल खिताब दिला पाते हैं तो टी20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में उनकी जगह तय होनी चाहिए।



जांघ की मांसपेशियों की चोट से उबरकर वापसी कर रहे राहुल शायद आईपीएल में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। उनका भारत की टी20 टीम में चयन तय नहीं है लिहाजा उन्हें आईपीएल में बल्लेबाजी में और विकेट के पीछे अच्छा प्रदर्शन करना होगा। यह पूछने पर कि कप्तानी की निजी आकांक्षाओं और टीम के हितों में संतुलन कैसे बनाएंगे, लैंगर ने कहा कि यह मुश्किल नहीं है। उन्होंने कहा, 'अगर टीम अच्छा करती है तो हर किसी को ईनाम मिलता है। केएल अगर लखनऊ टीम को आईपीएल खिताब दिलाते हैं तो इसका मतलब होगा कि उन्होंने अच्छी कप्तानी, अच्छी बल्लेबाजी और अच्छी विकेटकीपिंग की है।'

### मध्य प्रदेश, हरियाणा व झारखंड महिला हॉकी चैंपियनशिप के सेफा में

**पुणे।** मध्य प्रदेश, हरियाणा और झारखंड ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को यहां अपने-अपने मैच जीतकर 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मध्य प्रदेश ने क्वार्टर फाइनल में बंगाल को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराया। इस रोमांचक मुकाबले में दोनों टीम निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थी। हरियाणा की टीम को हालांकि ओडीशा को हराने में किसी तरह की मशक्कत नहीं करनी पड़ी। उसने भारतीय हॉकी टीम की फॉरवर्ड दीपिका के दो गोल की मदद से 4-1 से जीत दर्ज की। नेहा गोयल और नवनीत कौर ने भी हरियाणा की तरफ से गोल किए। ओडीशा की तरफ से एकमात्र गोल नेहा लाकड़ा ने किया। क्वार्टर फाइनल के एक अन्य मुकाबले में झारखंड ने मिजोरम को 2-1 से पराजित किया। झारखंड की तरफ से दीपिका और संगीता ने जबकि मिजोरम के लिए लालरिम्सियामी ने गोल किया।

# बतौर कप्तान विराट के नाम सबसे ज्यादा रन, जीत में धोनी शीर्ष पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आईपीएल के 17वें सीजन का आगाज 22 मार्च से होने जा रहा है। इसके लिए सभी 10 टीमें तैयारी में जुट गई हैं। हालांकि, इस बार आईपीएल काफी दिलचस्प रहने वाला है। 2008 में पहला सीजन खेला गया था। तब खेलने वाले कप्तानों में अब सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी ही ऐसे हैं जो इस सीजन में भी कप्तानी करते दिखेंगे। पुराने कप्तानों में रोहित शर्मा को मुंबई इंडियंस ने कप्तानी की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया है, जबकि विराट कोहली ने 2021 आईपीएल के बाद ही कप्तानी छोड़ दी थी। हालांकि, बतौर कप्तान कुछ रिकॉर्ड्स के मामले में ये दोनों अब भी शीर्ष पर बरकरार हैं। बतौर कप्तान आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट कोहली शीर्ष पर हैं। उन्होंने आरसीबी के लिए 143 मैचों में कप्तानी की और 41.97 की औसत से 4994 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 133.3 का रहा। विराट ने बतौर कप्तान आईपीएल में पांच शतक और 37 अर्धशतक जड़े। वहीं, दूसरे नंबर पर धोनी हैं। उन्होंने 226 मैचों में चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी की और 39.83 की औसत और 137.5 के स्ट्राइक रेट से 4660 रन बनाए। इनमें 22 अर्धशतक शामिल हैं।



### टीम में लौटे अय्यर

टूर्नामेंट में पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा। हालांकि, इससे पहले सभी टीमों की तैयारी अपने अंतिम चरण में है। ऐसी ही कुछ तैयारी चल रही है कोलकाता नाइट राइडर्स की। दो बार की आईपीएल की चैंपियन अपने पुराने के कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ 17वें सीजन में मैदान पर उतरेगी। अय्यर पिछले सीजन चोट के कारण केकेआर के लिए नहीं खेल पाए थे, लेकिन इस बार वह नई धार और रफ्तार के साथ धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी का फाइनल खेलने के बाद अय्यर जैसे ही कोलकाता पहुंचे फैंस ने उनका दिल खोलकर स्वागत किया।

**बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन**

| कप्तान | पारी | रन | फिफ्टी | सेंचुरी |
|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली | 142 | 4994 | 37 | 5 |
| एमएस धोनी | 196 | 4660 | 22 | 0 |
| रोहित शर्मा | 158 | 3986 | 25 | 0 |
| गौतम गंभीर | 127 | 3518 | 31 | 0 |
| डेविड वॉर्नर | 82 | 3270 | 31 | 1 |
| केएल राहुल | 51 | 2186 | 17 | 3 |
| एडम गिलक्रिस्ट | 74 | 1900 | 11 | 1 |
| सचिन तेंदुलकर | 51 | 1723 | 10 | 1 |
| श्रेयस अय्यर | 55 | 1643 | 11 | 0 |
| वीरेंद्र सहवाग | 53 | 1524 | 11 | 1 |

**जीत-हार का रिकॉर्ड**

| खिलाड़ी | मैच | जीत | हार | टाई | बेनतीजा |
|---|---|---|---|---|---|
| एमएस धोनी | 226 | 133 | 91 | 0 | 2 |
| रोहित शर्मा | 158 | 87 | 67 | 4 | 0 |
| विराट कोहली | 143 | 66 | 70 | 3 | 4 |
| गौतम गंभीर | 129 | 71 | 57 | 1 | 0 |
| डेविड वॉर्नर | 83 | 40 | 41 | 2 | 0 |
| एडम गिलक्रिस्ट | 74 | 35 | 39 | 0 | 0 |
| श्रेयस अय्यर | 55 | 27 | 26 | 2 | 0 |
| शेन वॉर्न | 55 | 30 | 24 | 1 | 0 |
| वीरेंद्र सहवाग | 53 | 28 | 24 | 1 | 0 |
| केएल राहुल | 51 | 25 | 24 | 2 | 0 |

### रिंकू ने अभ्यास में जड़ा मॉन्स्टर छक्का

लगभग एक दशक के बाद आईपीएल सर्कस में वापसी करने वाले ऑस्ट्रेलियाई बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने प्रैक्टिस मैच में नई गेंद से गेंदबाजी की। ईडन गार्डंस में कोलकाता नाइटराइडर्स के दूसरे वॉर्म-अप मैच के दौरान डेथ ओवर में उनका पाला रिंकू सिंह से पड़ा। बड़े धमाकों के लिए मशहूर भारतीय छोटे कद के बल्लेबाज ने एक ऐसा छक्का मारा कि स्टार्क देखते रह गए। आखिरी बार 2014 और 2015 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए आईपीएल खेलने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को आईपीएल 2018 से पहले केकेआर ने खरीदा था, लेकिन चोट के कारण वह उस सीजन से बाहर हो गए थे। शाहरुख खान की सहमालिकाना हक वाली फ्रेंचाइजी ने इस साल नीलामी रिकॉर्ड तोड़ते हुए उन्हें 24.75 करोड़ रुपए की कीमत पर खरीदा।



## आईपीएल की पांच सबसे बड़ी जीत

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए सभी 10 फ्रेंचाइजियां पूरी तरह से तैयार हैं। 22 मार्च से आईपीएल का नया नवेला सीजन शुरू होने वाला है। 17वें सीजन के शुरू होने से पहले जानते हैं आईपीएल इतिहास के रनों के लिहाज से 5 सबसे बड़ी जीतों के बारे में।



### मुंबई ने दिल्ली को 146 रन से दी मात

2017 के आईपीएल सीजन में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 146 रन के मार्जिन से हराया था। यह आईपीएल इतिहास में रनों के मामले में सबसे बड़ी जीत है। एमआई ने पहले बल्लेबाजी कर 3 विकेट पर 212 रन बनाए थे। हालांकि 213 रन के टारगेट का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स 66 रन पर ही ऑल आउट हो गई थी।

### बेंगलुरु ने गुजरात को 144 रन से हराया

2016 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात लायंस के बीच खेले गए मैच में आरसीबी ने गुजरात को 144 रन से धूल चटाई थी। इस मैच में विराट कोहली (109) और एबी डिवीलियर्स (129*) दोनों ने शतक ठोके थे। बेंगलुरु ने गुजरात को 249 रन का टारगेट दिया था।, जिसका पीछे करते हुए लायंस 104 रन पर ही ढेर हो गए थे।

### केकेआर ने आरसीबी को 140 रन से रौंदा

आईपीएल के इतिहास का पहला मैच कोलकाता नाइटराइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया था। पहले ही मैच में केकेआर के लिए खेलते हुए ब्रेंडन मैकुलम ने 158 रन की तूफानी पारी खेली थी। कोलकाता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 222 रन बनाए थे। इसके जवाब में बेंगलुरु महज 15.1 ओवर में 82 रन बनाकर हार गई। ऐसे में नाइटराइडर्स 140 रन से मैच जीत गया था।

### बेंगलुरु ने पंजाब को 138 रन से हराया

2015 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को 138 रन से हराया था। यह आईपीएल में रनों के लिहाज से चौथी सबसे बड़ी जीत है। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 226 रन बोर्ड पर लगाए। 227 रन के टारगेट का पीछा करते हुए पंजाब 88 रन पर ही ऑल आउट हो गई।

### बेंगलुरु की पुणे पर 130 रन से जीत

2013 के आईपीएल सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पुणे वॉरियर्स इंडिया को 130 रन के मार्जिन से हराया था। यह वही मैच है जिसमें क्रिस गेल ने ऐतिहासिक 175* रन की पारी खेली थी। आरसीबी ने इस मुकाबले में 5 विकेट पर 263 रन बनाए थे और पुणे को 264 रन का लक्ष्य दिया

# सिंधु, श्रीकांत, लक्ष्य त्रिसा स्विस ओपन के दूसरे दौर में

एजेंसी ▸▸ बासेल

ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु, पूर्व चैंपियन किदांबी श्रीकांत और अच्छी फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते ही बुधवार को यहां स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। यहां 2022 में खिताब जीतने वाली सिंधु ने थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइकेवोंग को 21-12, 21-13 से हराकर दूसरे दौर में जापान की तोमोका मियाजाकी से मुकाबला सुनिश्चित किया। इससे पहले मंगलवार को भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी अमेरिका के एनी शू और कैरी शू को सीधे गेम में हराकर



महिला युगल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गई ।विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने चीनी ताइपे के विश्व में 24वें नंबर के खिलाड़ी वांग जु वेइ को 43 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17 21-18 से हराया। श्रीकांत की अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सात मुकाबलों में यह छठी जीत है। उनका अगला मुकाबला मलेशिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त ली जी जिया से होगा। पिछले दो टूर्नामेंट फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के सेमी फाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य सेन में मलेशिया के लियोंग जुन हाओ को 62 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19 15-21 21-11 से पराजित किया। वह अगले मैच में चीनी ताइपे के चिया हाओ ली से भिड़ेंगे।

# सूर्यकुमार की आईसीसी टी20 रैंकिंग में बादशाहत कायम

एजेंसी ▸▸ दुबई

पिछले तीन महीने से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहने के बावजूद सूर्यकुमार यादव आईसीसी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि अफगानिस्तान के अनुभवी स्पिनर राशिद खान गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटे हैं। आईपीएल के आगामी सत्र में मुंबई इंडियंस के लिए वापसी करने जा रहे सूर्यकुमार के 861 अंक हैं जबकि दूसरे स्थान पर 802 अंक लेकर फिल साल्ट हैं।

सूर्यकुमार ने दिसंबर में खेल हर्निया की सर्जरी के बाद से क्रिकेट नहीं खेला है। वहीं आयरलैंड के खिलाफ 2-1 से मिली जीत में अहम भूमिका निभाने वाले राशिद खान ने शीर्ष दस में वापसी की है। वह चार पायदान की छलांग लगाकर नौवें से चौथे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने श्रृंखला में तीन मैचों में आठ विकेट लिए। अफगानिस्तान के नवीन उल हक दो पायदान चढ़कर 55वें स्थान पर हैं। आयरलैंड के जोश लिटिल सात पायदान चढ़कर 39वें, मार्क एडेयर दो पायदान चढ़कर 56वें और बैरी मैकार्थी 15 पायदान चढ़कर 77वें स्थान पर हैं।



# डोपिंग बैन से वापसी मैच में हारी हालेप, वीनस भी बाहर



एजेंसी ▸▸ मियामी गार्डन्स

दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना हालेप अपील के बाद डोपिंग प्रतिबंध वापिस लिए जाने के साथ टेनिस कोर्ट पर लौटी लेकिन मियामी ओपन के पहले दौर में पाउला बाडोसा से 6-1, 4-6, 3-6 से हार गई। रोमानिया की 32 वर्ष की हालेप 2017 में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थी। वह 2022 अमेरिकी ओपन में प्रतिबंधित दवा रोक्साडस्टेट के सेवन की दोषी पायी जाने के बाद से टूर पर नहीं खेली है।

अमेरिकी ओपन के पहले दौर में उन्हें यूक्रेन की डारिया स्निगुर ने हराया था। उन पर 2023 में चार साल का प्रतिबंध लगाया गया था जिसे दो सप्ताह पहले खेल पंचाट ने घटाकर नौ महीने का कर दिया। दो दिन बाद मियामी ओपन में हालेप को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला। बाडोसा का सामना अब दो बार की आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका से होगा।


महिला वर्ग के अन्य मुकाबलों में सात बार की ग्रैंडस्लैम विजेता वीनस विलियम्स को डायना स्नाइडेर ने 6-3, 6-3 से हराया जबकि आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कैरोलिन वोज्नियाकी ने क्लारा बुरेल को 6-1, 6-4 से मात दी।

# उद्घाटन समारोह से दूर रहेंगे रूस और बेलारूस के खिलाड़ी

एजेंसी ▸▸ जिनेवा

रूस और बेलारूस के खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में पारंपरिक परेड में भाग नहीं ले सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने यह जानकारी दी। ओलंपिक का उद्घाटन समारोह 26 जुलाई को है जिसमें हजारों खिलाड़ी सीन नदी से एफील टावर की तरफ नावों से आएंगे जबकि आम तौर पर परेड स्टेडियम में होती है। आईओसी ने कहा कि रूस और बेलारूस के खिलाड़ी नदी के किनारे समारोह देख सकेंगे। उन्हें तटस्थ खिलाड़ियों के तौर पर ओलंपिक में खेलने की अनुमति मिली है।

इससे पहले अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति ने 28 अगस्त को पेरिस पैरालंपिक के उद्घाटन समारोह में रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध की घोषणा की थी। यूक्रेन में जारी जंग के कारण दोनों देशों को ओलंपिक में



टीम स्पर्धाओं में भाग नहीं लेने दिया जाएगा। वहीं व्यक्तिगत वर्ग में खिलाड़ी तटस्थ तौर पर खेलेंगे बशर्ते उन्होंने यूक्रेन में जारी युद्ध का समर्थन नहीं किया हो या सेना या सुरक्षाबलों से जुड़े नहीं हों। रूसी पासपोर्ट धारक 36 और बेलारूस के 22 खिलाड़ियों ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है।

# मैच से पहले धोनी का दिखा रौद्र रूप, लगाया हेलीकॉप्टर शॉट

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स टीम के खिलाड़ी आईपीएल 2024 का सीजन शुरू होने से पहले जमकर प्रैक्टिस करते हुए नजर आ रहे हैं। इसमें सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का भी नाम शामिल है जिनका एमए चिदंबरम स्टेडियम में वही अभ्यास के दौरान वही पुराना रूप देखने को मिल रहा है। धोनी प्रैक्टिस में अपनी टीम के गेंदबाजों के खिलाफ बड़े शॉट खेलते हुए नजर आए। धोनी



नेट्स पर जिस तरह से इस मुकाबले के पहले अभ्यास करते हुए दिखाई दिए हैं उसके बाद बाकी सभी टीमों के लिए ये किसी चेतावनी से कम नहीं माना जा रहा है।

महेंद्र सिंह धोनी की गिनती जहां वर्ल्ड क्रिकेट के सबसे बेस्ट फिनिशर खिलाड़ियों में की जाती है तो वहीं वह अपने हेलीकॉप्टर शॉट के लिए भी काफी पहचाने जाते हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद से धोनी आईपीएल में ही खेलते हुए दिखाई दिए हैं।

### अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबला आज

# विश्व कप क्वालीफायर में भारत की नजरें तीन अंकों पर

एजेंसी ▸▸ आभा

जैकसन सिंह और अनवर अली की वापसी से उत्साहित भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को फीफा विश्व कप क्वालीफायर के मुकाबले में अफगानिस्तान का सामना करेगी तो उसकी नजरें तीसरे दौर में जगह बनाने पर लगी होंगी। मिडफील्ड में जैकसन और सेंटर बैक में अनवर चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी कर रहे हैं। दूसरे दौर के प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन मैच में निचली रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी पर भारत का पलड़ा भारी रहने की उम्मीद है। दो



मैचों में एक जीत के तीन अंक के साथ भारत ग्रुप ए में फिलहाल दूसरे स्थान पर है। मौजूदा एशियाई चैंपियन कतर दो जीत के साथ छह अंक लेकर शीर्ष पर है। वहीं दोनों मैच हार चुकी अफगानिस्तान टीम आखिरी स्थान पर है। कुवैत के खिलाफ जीत दर्ज करके इगोर स्टिमक की भारतीय टीम ने पहली बार तीसरे दौर में जाने की उम्मीदें जगाई है। विश्व रैंकिंग में 158वें स्थान पर काबिज अफगानिस्तान को हराने से 117वीं रैंकिंग वाली भारतीय टीम के नौ अंक हो जाएंगे। कतर की टीम कुवैत को अगले दो मैच में हरा देगी तो भारत के पास दूसरे स्थान पर पहुंचने का मौका होगा। भारत ने कुवैत को कुवैत सिटी में 1-0 से हराया था जबकि भुवनेश्वर में कुवैत ने 3-0 से जीत दर्ज की थी। भारत और अफगानिस्तान के बीच 1949 में पहले मुकाबले के बाद से दोनों टीमें समय समय पर खेलती रही हैं। विश्व कप क्वालीफायर, एशियाई कप क्वालीफायर और अन्य उपमहाद्वीपीय तथा आमंत्रण टूर्नामेंटों में उनका सामना हुआ है।

### छेत्री ने दागे हैं चार गोल

*भारतीय आक्रमण की अगुवाई 39 वर्ष के सुनील छेत्री और मनवीर सिंह करेंगे। छेत्री ने अफगानिस्तान के खिलाफ आठ मैचों में चार गोल किए हैं। वहीं पिछले दो साल में जैकसन ने लगातार 17 मैच खेले हैं। उनकी कमी टीम को कतर में एशियाई कप के दौरान खली थी। वहीं अफगानिस्तान के कई प्रमुख खिलाड़ी अफगानिस्तान फुटबॉल महासंघ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बाद से टूर्नामेंट से बाहर हैं। अफगानिस्तान के 18 खिलाड़ियों ने कुवैत और कतर के खिलाफ क्वालीफायर नहीं खेले थे।*

# कोहली से मुलाकात, मेरे जीवन का सबसे अनमोल क्षण : श्रेयांका

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की महिला प्रीमियर लीग में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाली 'पर्पल कैप' विजेता श्रेयांका पाटिल के लिये सबसे बड़ा पल रहा जब उन्हें विराट कोहली से मिलने का मौका मिला। इक्कीस वर्ष की आफ स्पिनर श्रेयांका ने एलिमिनेटर और फाइनल में डैथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी की थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें यकीन ही नहीं हुआ कि बचपन से उनके पसंदीदा क्रिकेटर रहे कोहली उनका नाम जानते हैं। पाटिल ने आरसीबी 'अनबॉक्स' कार्यक्रम में कोहली के साथ अपनी तस्वीर एक्स पर साझा करते हुए लिखा, 'उनकी वजह से क्रिकेट देखना शुरू किया था। उनके जैसा बनने का सपना देखा करती थी। कल मेरे जीवन का सबसे अनमोल पल था। विराट ने कहा, 'हाय श्रेयांका। अच्छी गेंदबाजी की।' उन्हें मेरा नाम पता था।'



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




ईडी पर सवाल

## बार-बार सप्लीमेंट्री चार्जशीट क्यों? ये गलत प्रैक्टिस है



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा बार-बार सप्लीमेंट्री चार्जशीट करने को गलत बताया। कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी इसलिए ऐसा कर रही है, ताकि मामले में ट्रायल शुरू न हो पाए और आरोपी को जमानत न मिल सके। कोर्ट ने ईडी से कहा कि इस तरह की प्रैक्टिस गलत है। ऐसा करके किसी आरोपी को अनिश्चितकाल के लिए जेल में नहीं रख सकते।

कोर्ट ने साथ ही कहा कि इस मामले में शख्स 18 महीने से जेल में है। जब आप किसी आरोपी को गिरफ्तार करते हैं तो मुकदमा शुरू करना जरूरी होता है। ईडी ने पिछले महीने अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार किया था। प्रकाश को पिछले साल जनवरी में झारखंड हाईकोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया था, तो सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। उन्होंने 18 महीने जेल में बिताए हैं और फाइनल चार्जशीट दाखिल नहीं हुई है। इससे जमानत मिलनी चाहिए। हालांकि ईडी का कहना था कि आरोपी को रिहा किए जाने पर सबूतों या गवाहों से छेड़छाड़ हो सकती है।

यूपी पुलिस ने एक आरोपी साजिद को ढेर किया, दूसरे जावेद की तलाश

# बदायूं हत्याकांड: दरिंदे ने मासूमों पर चाकू से बोला ताबड़तोड़ हमला, मौत



एजेंसी ▶▶ बदायूं

बदायूं की बाबा कॉलोनी में ठेकेदार विनोद ठाकुर के बेटे 13 साल आयुष और 6 साल के अहान की मंगलवार शाम करीब सात बजे चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने दोनों बच्चों का पंचनामा भरने के बाद बुधवार सुबह नौ बजे पोस्टमार्टम कराया। रिपोर्ट में आयुष का गला रेतने के साथ ही चार अन्य घाव सीने और हाथ पर सामने आए हैं। वहीं अहान के गले पर ही चाकू से वार किया गया था। इस मामले में यूपी पुलिस ने एक आरोपी साजिद को कुछ ही घंटों में एनकाउंटर कर ढेर कर दिया। दूसरे आरोपी जावेद की पुलिस तलाश कर रही है। अलापुर थाना क्षेत्र के कस्बा सखानूं में रहने वाले साजिद का सिविल लाइंस क्षेत्र की बाबा कॉलोनी में सैलून था।

**जावेद की तलाश करने एसओजी के अलावा बनाई गईं तीन पुलिस टीमें**

**लोगों में घटना को लेकर बेहद आक्रोश**

### लोगों को पुलिस ने दिया सुरक्षा का भरोसा

दोनों बच्चों का पोस्टमार्टम पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की देख-रेख में कराया गया। दोनों बच्चों के शव घर पहुंचे तो चीत्कार मच गया। पुलिस के जवानों ने पिता समेत परिजनों को सांत्वना दी। दोपहर 12 बजे दोनों को दफन किया जा सका। बच्चों के दफन तक भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा। शहर में तनावपूर्ण माहौल है। ठेकेदार विनोद ठाकुर के दो बच्चों की हत्या के बाद परिवार समेत मोहल्ले के लोग भी दुखी हैं। लोगों में घटना को लेकर बेहद आक्रोश था। मंगलवार रात को घटना के तीन घंटे के अंदर ही आरोपी साजिद पुलिस मुठभेड़ में ढेर होने के बाद लोगों का गुस्सा कम हुआ, तब कहीं जाकर कुछ मामला शांत हुआ।

### परिवार को मिटाने आया था साजिद

बदायूं शहर की बाबा कॉलोनी में दो बच्चों की हत्या करने वाला साजिद पूरे परिवार को मिटाने की तैयारी से आया था। मोहल्ले वालों के मुताबिक जब वह दोनों बच्चों की हत्या करके जीने से नीचे उतर रहा था। तब तक आसपास के कई लोग ठेकेदार के घर के सामने पहुंच गए। जब उन्होंने आरोपी के हाथ में बड़ा सा चाकू देखा तो उन्होंने आनन-फानन ठेकेदार की पत्नी संगीता और मझले बेटे पीयूष को हाथ पकड़कर घर के बाहर खींच लिया लेकिन इसी बीच साजिद भी भाग निकला।


जावेद


साजिद

### हत्याकांड के बाद सहमा हुआ है पीयूष

परिवार के लोग हत्या की बजह बताने से कतरा रह हैं। परिवार तो केवल पांच हजार रुपए मांगने की ही बात दोहरा रहे हैं। बुधवार को हुए पोस्टमार्टम में साफ हुआ है कि आयुष का गला रेता गया और सीने समेत हाथ में चाकू से चार वार किए गए थे। शरीर पर कुल पांच घाव दर्ज किए गए हैं। अहान की गला रेतकर हत्या की गई।

### पत्नी चलाती है ब्यूटी पॉर्लर

उनकी पत्नी संगीता ब्यूटी पार्लर चलाती हैं। विनोद और साजिद के बीच पारिवारिक संबंध होने की बात भी सामने आई है। साजिद का विनोद के घर खूब आना-जाना था। यही कारण है कि दोनों बच्चों की हत्या करना लोगों के गले नहीं उतर रही है। हालांकि हत्या की वजह अभी भी स्पष्ट नहीं हो सकी है। लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। लेकिन यह साफ है कि जिस तरह से घटना को अंजाम दिया गया है, इसके पीछे हत्या की कोई ठोस वजह जरूर रही होगी।

नहीं देने पर किडनी बेच देने की धमकी

# अमेरिका में भारतीय छात्र का हुआ अपहरण, मांगी 1200 डॉलर की फिरौती



- छात्र 13 दिन से लापता ड्रग तस्करों पर शक

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

अमेरीका में भारत का एक छात्र लापता हो गया। यह छात्र हैदराबाद का था और अमेरिका में रहकर पढ़ाई कर रहा था। हैदराबाद के 25 वर्षीय अब्दुल मोहम्मद ने ओहियो के क्लीवलैंड विश्वविद्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी में मास्टर डिग्री हासिल करने के लिए पिछले मई में अमेरिका गया था। परिवार ने दावा किया कि उन्होंने 7 मार्च के बाद से उनसे बात नहीं की है। वहीं अचानक माता-पिता को उनके बेटे के लापता होने के बाद फिरौती के लिए फोन आया है। फिरौती ने माता-पिता को कॉल कर लगभग एक लाख रुपए की मांग की है। अज्ञात कॉलर ने उन्हें बताया कि उनके बेटे का अपहरण कर लिया गया है और उसकी किडनी बेचने की धमकी दी गई है।

### हैदराबाद में रह रहे पिता को अज्ञात नंबर से आया फोन

अब्दुल के पिता मोहम्मद सलीम को पिछले हफ्ते एक अज्ञात नंबर से फोन आया, जिसमें बताया गया कि उनके बेटे को क्लीवलैंड में ड्रग विक्रेताओं द्वारा अपहरण कर लिया गया है। अज्ञात कॉल करने वाले ने उसे रिहा करने के लिए 1200 डॉलर की मांग की है। फिरौती मांगने वाले ने अब्दुल के परिवार को अभी भुगतान का तरीका नहीं बताया है। अब्दुल के परिवार ने कहा कि उसने पैसे देने से इनकार करने पर माफिया को उसकी किडनी बेचने की धमकी भी दी है।

### पुलिस से शिकायत

अब्दुल के माता-पिता ने अमेरिका में उसके रिश्तेदारों को इसके बारे में सूचना दी। जिसके बाद क्लीवलैंड पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई। आखिरी बार मोहम्मद ने सफेद टी-शर्ट, लाल जैकेट और नीली जींस पहन रखी थी।




Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative dispatch number till March 2023. #Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. *Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only. ˜On successful redemption of Hero GoodLife Sales Voucher. Offer valid for eligible Hero GoodLife Members only. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. ^^Terms and Conditions apply. ˜Starting price of HF Deluxe Drum Brake Kick Start in Delhi.

Authorised Dealers: South Delhi: Lajpat Nagar: Sapphire Hero: 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road)- Pashupati Hero- 9289922381, Pul Prahladpur Badarpur Singla Hero–9289922771, Okhla Phase II: A R C Hero - 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero: 9289922380, PushtaKartar Nagar - Aman Hero - 9289922735, Dilshad Garden - RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222 North Delhi: Azadpur - Shraman Automobiles: 9289923185, Rithala (Rohini) - Metro Hero - 9289922597, Budh Vihar: JMD Automotives - 7838685858, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero - 9289922382, Upper India Hero – 9717198198, West Delhi: ROSHAN VIHAR (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero– 9289922530, Tilak Nagar - Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310, Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, Sehgal Hero, NIT – 7217627327 Gurgaon: Himgiri Hero - 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11- 9289923221, Autoneeds Hero - 9289922051, Jaasodha Hero- 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad): 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road): 9289924248, Sohna: Auto Links Hero, No.160/2 Delhi Road, Sohna- 9289924089, Noida: Dhansri Hero, H-206A, Sector-63- 9289923044, Uppal Hero- B 124, Sector-5: 9289922462, Singla Hero, C-70, Sector-58: 9289923059; Ghaziabad: Globe Hero- Meerut, Delhi Road - 9289922073, Aman Hero- Shiv Puri, Vijay Nagar- 9289923068 Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486 BulandShahr: Shri Durga Hero, Delhi Road, 9289922504; Krishna Hero, Raje Babu Road, 9289922410

WT.5687.2024HIN